बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु ऐतिहासिक पहल ...

# शेखावाटी मिशन 100

## 2026

## (कक्षा 12 )

# राजनीति विज्ञान



विभिन्न विषयों की नवीनतम बुकलेट डाउनलोड करने हेतु टेलीग्राम QR CODE स्कैन करें



पढ़ेगा राजस्थान बढ़ेगा राजस्थान

कार्यालय: संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू (राज.)

## संयोजक कार्यालय – संयुक्त निदेशक कार्यालय, चूरू संभाग, चूरू

# शेखावाटी मिशन - 100 मार्गदर्शक




**संगीता मानवी**

संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
चूरू संभाग, चूरू



**महेन्द्र सिंह बड़सरा**


संभागीय कॉर्डिनेटर, शेखावाटी मिशन 100
संयुक्त निदेशक कार्यालय, चूरू संभाग, चूरू



**रामावतार भदाला**

तकनीकी सहयोगी शेखावाटी मिशन 100

## संकलनकर्ता टीम : राजनीति विज्ञान



**रोहिताश बांगड़वा**

रा.उ.मा.वि. - भोजूसर उपाधियां
सरदारशहर, (चूरू)



**राजकुमार बिजारणियाँ**

रा.उ.मा.वि. - मंगरासी
(चोद)



**मदन लाल बाजिया**

रा.उ.मा.वि. - मदनी
पलसाना, (सीकर)



**सुमेर सिंह दूत**

श्री सीताराम शर्मा रा.उ.मा.वि.
कोलसिया, नवलगढ़ (झुन्झुनू)



**ताहिर अहमद**

रा.उ.मा.वि. -सीरियासर कलां
मंड्रावा (झुन्झुनू)

**कार्यालय: संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू (राज.)**

बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु ऐतिहासिक पहल ...

# शेखावाटी मिशन 100

## 2026

## विभिन्न विषयों की नवीनतम बुकलेट PDF डाउनलोड करने हेतु टेलीग्राम QR CODE स्कैन करें

विभिन्न विषयों की नवीनतम बुकलेट डाउनलोड करने हेतु टेलीग्राम QR CODE स्कैन करें



पढ़ेगा राजस्थान

बढ़ेगा राजस्थान

कार्यालय: संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा, चूरू संभाग, चूरू (राज.)

# प्रश्न–पत्र की योजना 2025–2026

कक्षा –12th
विषय –राजनीति विज्ञान
अवधि –3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक–80

1. उद्देश्य हेतु अंकभार–

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 24 | 30 |
| 2. | अवबोध | 24 | 30 |
| 3. | ज्ञानोपयोग | 16 | 20 |
| 4. | कौशल | 08 | 10 |
| 5. | विश्लेषण | 08 | 10 |
| | योग | 80 | 100% |

2. प्रश्नों के प्रकार वार अंकभार–

| क्र.सं. | प्रश्नों का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रतिप्रश्न | कुल अंक | प्रतिशत (अंको का) | प्रतिशत (प्रश्नों का) | संभावित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बहुविकल्पात्मक | 18 | 01 | 18 | 22.5 | 33.96 | 24 |
| 2. | रिक्त स्थान | 06 | 01 | 06 | 7.5 | 11.32 | 06 |
| 3. | अतिलघुत्तरात्मक | 12 | 01 | 12 | 15.0 | 22.64 | 24 |
| 4. | लघुत्तरात्मक | 10 | 02 | 20 | 25.0 | 18.86 | 50 |
| 5. | दीर्घउत्तरीय | 04 | 03 | 12 | 15.0 | 07.54 | 40 |
| 6. | निबंधात्मक | 03 | 04 | 12 | 15.0 | 05.66 | 51 |
| | योग | 53 | | 80 | 100 | 100 | 195 मिनट |

विकल्प योजना : खण्ड 'स' एवं 'द' में हैं

3. विषय वस्तु का अंकभार–

| क्र.सं. | विषय वस्तु | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | दो ध्रुवीयता का अंत | 06 | 7.5 |
| 2 | सत्ता के समकालीन केन्द्र | 06 | 7.5 |
| 3 | समकालीन दक्षिण एशिया | 06 | 7.5 |
| 4 | अन्तर्राष्ट्रीय संगठन | 06 | 7.5 |
| 5 | समकालीन विश्व में सुरक्षा | 05 | 6.25 |
| 6 | पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन | 05 | 6.25 |
| 7 | वैश्वीकरण | 06 | 7.5 |
| 8 | राष्ट्र निर्माण की चुनौतिया | 05 | 6.25 |
| 9 | एक दल प्रभुत्व का दौर | 04 | 5.00 |
| 10 | नियोजित विकास की राजनीति | 05 | 6.25 |
| 11 | भारत के विदेश सबंध | 05 | 6.25 |
| 12 | काग्रेस प्रणाली चुनौतिया और पुर्नस्थापना | 05 | 6.25 |
| 13 | लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट | 05 | 6.25 |
| 14 | क्षेत्रीय आकाक्षाएं | 05 | 6.25 |
| 15 | भारतीय राजनीति नए बदलाव | 06 | 7.5 |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | 80 | 100 |

BSER

# प्रश्न–पत्र ब्ल्यूप्रिन्ट 2025–2026

कक्षा –12th     विषय :–राजनीति विज्ञान     समय 3 घण्टे 15 मिनट     पूर्णांक–80

| क्र.सं. | उद्देश्य इकाई / उपइकाई | ज्ञान | | | | | | अवबोध | | | | | | ज्ञानोपयोग | | | | | | कौशल | | | | | | विश्लेषण | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | |
| 1 | दो ध्रुवीयता का अंत | 1(1) | 1(1) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 4(1) | | | | | | | 6(3) |
| 2 | सत्ता के समकालीन केन्द्र | 1(1) | | | | | | | | 1(2) | | 3(1) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 6(4) |
| 3 | समकालीन दक्षिण एशिया | 1(1) | 1(1) | 1(1) | | | | | | | | | | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | 1(1) | | | | 6(5) |
| 4 | अन्तर्राष्ट्रीय संगठन | | 1(1) | 1(1) | 2(1) | | | | | | | | | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | | | | | 6(4) |
| 5 | समकालीन विश्व में सुरक्षा | 1(1) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 4(1) | 5(2) |
| 6 | पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन | | | | | | | | | | | 3(1) | | | | | | | | | | | | | | | | | 2(1) | | | 5(2) |
| 7 | वैश्वीकरण | 1(1) | | | | | | 1(1) | 1(1) | | | | | | | | | 3(1) | | | | | | | | | | | | | | 6(4) |
| 8 | राष्ट्र निर्माण की चुनौतिया | 1(1) | | | | | | | | | | | 4(1) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 5(2) |
| 9 | एक दल प्रभुत्व का दौर | | | 1(1) | | | | | | 1(1) | | | | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | | | | | 4(3) |
| 10 | नियोजित विकास की राजनीति | 1(1) | | 1(1) | | | | 1(1) | 1(1) | 1(1) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 5(5) |
| 11 | भारत के विदेश सबंध | 1(1) | | | | | | 1(1) | | | | | | | | | | 3(1) | | | | | | | | | | | | | | 5(3) |
| 12 | कांग्रेस प्रणाली चुनौतिया और पुर्नस्थापना | 1(1) | | | 2(1) | | | | | | | | | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | | | | | 5(3) |

BSER

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट | 1(1) | 1(1) | | | | | 1(1) | | | 2(1) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 5(4) |
| 14 | क्षेत्रीय आकाक्षाएं | 1(1) | | | | | | 1(1) | | | | | | | | | | | | | | | 2(1) | | | | | 1(1) | | | | 5(4) |
| 15 | भारतीय राजनीति नए बदलाव | 1(1) | | | | | | 1(1) | | | | | | | | 1(2) | | | | | | | 2(1) | | | | | | | | | 6(5) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | योग | 12(12) | 4(4) | 4(4) | 4(2) | | | 6(6) | 2(2) | 4(4) | 2(1) | 6(2) | 4(1) | | | 2(2) | 8(4) | 6(2) | | | | | 4(2) | | 4(1) | | | 2(2) | 2(1) | | 4(1) | 80(53) |
| | सर्वयोग | 24(22) | | | | | | 24(16) | | | | | | 16(8) | | | | | | 8(3) | | | | | | | 8(4) | | | | | 80(53) |

**विकल्पों की योजना :– खण्ड 'स' एवं 'द' में प्रत्येक में एक आंतरिक विकल्प है नोटः–कोष्ठक के बाहर की संख्या 'अंकों' की तथा अंदर की संख्या 'प्रश्नों' के द्योतक है।**
**विशेष :– उक्त ब्ल्यू प्रिन्ट मॉडल प्रश्न पत्र का है जो प्रश्नों के प्रकारों को समझने की सुविधा मात्र के लिए है। मूल प्रश्न पत्र का ब्ल्यू प्रिन्ट भिन्न हो सकता है।**

BSER

# समकालीन विश्व राजनीति

## अध्याय -1
## दो ध्रुवीयता का अंत
अंक भार - (1+1+4=6)

**बहुविकल्पात्मक (1*1)**

**1.** 'शॉक थैरेपी' किस वर्ष अपनायी गई थी?
1. 1980 2. 1990 3. 1985 4. 1995 [2]

**2.** **बर्लिन की दीवार का निर्माण कब किया गया?**
(1) 1960 (2) 1961 (3) 1989 (4) 1959 (2)

**3.** **सोवियत संघ के विभाजन के बाद विश्व पटल पर कितने नए देशों का उदभव हुआ?**
(1) 10 (2) 12 (3) 15 (4) 13 (3)

**4.** **निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं को काल-क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**
**(A) बर्लिन दीवार का पतन** **(B) रूसी क्रांति**
**(C) सोवियत संघ का विघटन** **(D) अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप**
(1) (C), (A), (B), (D) (2) (C), (D), (A), (B)
(3) (B), (D), (A), (C) (4) (B), (D), (C), (A) [3]

**5.** **रूस में हुई 1917 की बोल्शेविक/समाजवादी क्रांति किसके नेतृत्व में हुई थी?**
(1) व्लादिमीर लेनिन (2) निकिता खुश्चेव (3) जोजेफ स्टालिन (4) बोरिस येल्तसिन (1)

**6.** **निम्नलिखित में से कौनसा सोवियत संघ के विघटन का परिणाम नहीं है-**
(1) संयुक्त राज्य अमेरिका व सोवियत संघ के बीच विचारधारात्मक लड़ाई का अंत (शीतयुद्ध का समापन)
(2) स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रकुल का जन्म (C.I.S.-1991- इसमें सोवियत संघ के 15 में से 11 राज्य शामिल हुये।)
(3) विश्व व्यवस्था के शक्ति संतुलन में बदलाव
(4) मध्यपूर्व में संकट [4]

**7.** **सोवियत राजनीतिक प्रणाली की धूरी कौनसी पार्टी थी?**
(1) सोशलिस्ट पार्टी (2) प्रजा पार्टी (3) समाजवादी पार्टी (4) कम्युनिस्ट पार्टी (4)

**रिक्त स्थान की पूर्ति करो (1*1)**

**1.** **सोवियत संघ का विघटन ......................... हुआ?**
**उत्तर:-** 25 दिसम्बर, 1991 को।

**2.** **पश्चिम के साथ "शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व" का सुझाव सोवियत संघ के राष्ट्रपति ........... ............ ने दिया था।**
**उत्तर:-** निकिता खुश्चेव।

**3.** **बाल्टिक गणराज्य में ............................... राष्ट्र आते है।**
**उत्तर:-** एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया।

**4.** **सोवियत संघ के नेतृत्व में पूर्वी यूरोप के देशों के साथ में बनाए गए सैन्य गठबंधन का नाम ....................................था।**
**उत्तर:-** वारसा पैक्ट।

**5.** **बर्लिन की दीवार ............................................................................... प्रतीक थी।**
**उत्तर:-** पूंजीवादी व साम्यवादी दूनिया के बीच विभाजन का।

**6.** **बर्लिन की दीवार ......................... व .................................. द्वारा गिराई गई।**
**उत्तर:-** 09 नवंबर 1989 को व पूर्वी जर्मनी की जनता द्वारा।

**7.** **समाजवादी सोवियत गणराज्य .................................. अस्तित्व में आया था?**
**उत्तर:-** रूस की समाजवादी क्रांति के बाद 1922 में ।

शेखावाटी मिशन - 100

**8. सोवियत संघ की संसद का नाम ............................ है।**

**उत्तर–** ड्यूमा

**9. एशिया की सामुहिक सुरक्षा व्यवस्था का सुझाव देने वाले सोवियत संघ के राष्ट्रपति ..... ........................ थे।**

**उत्तरः–** लिओनिड ब्रेझनेव

**10. शॉक थेरेपी का शाब्दिक अर्थ ..................................... है।**

**उत्तरः–** आघात पहुँचाकर उपचार करना।

**11. साम्यवादी गुट के विघटन का प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय प्रभाव ......................... था।**

**उत्तरः–** एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था का उदय।

**12. सोवियत रूस में बोल्शेविक क्रांति का नारा ........................... था ?**

**उत्तर–** भूमि, रोटी व शांति।

**13. सोवियत संघ ने अफगानिस्तान में हस्तक्षेप .................... में किया।**

**उत्तर–** 1979

**14. सोवियत रूस में मैनशेविक क्रांति ........................... हुई।**

**उत्तर–** फरवरी 1917 में।

**15. सोवियत संघ के विघटन के समय (अन्तिम) राष्ट्रपति कौन थे?**

**उत्तरः–** मिखाइल गोर्बाचेव। (कार्यकाल – 1985 से 1991 तक)

**16. किन देशों को दूसरी दुनिया कहा जाता है?**

**उत्तरः–** पूर्वी यूरोप के जो देश साम्यवादी खेमे में शामिल हुए थे।

**17. 1917 की रूसी क्रान्ति क्यों हुई थी?**

**उत्तरः–** पूंजीवादी व्यवस्था के विरोध में हुई थी। यह समाजवाद के आदर्शो और समतामूलक समाज की जरूरत से प्रेरित थी।

**18. सोवियत संघ के विघटन के समय किन दो गणराज्यों में हिंसक अलगाववादी आन्दोलन हुए?**

**उत्तरः–** चेचन्या और दागिस्तान

**19. सोवियत संघ के विघटन के दो परिणाम लिखिए।**

**उत्तरः–** (1) शीतयुद्ध की समाप्ति (2) एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था का उदय।

**20. पूर्व सोवियत संघ से स्वतंत्र हुए राष्ट्रों ने किस नये संगठन का निर्माण किया?**

**उत्तरः–** ''स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रकुल'' संगठन का। (CIS– कॉमनवेल्थ ऑफ इंडिपेन्डेट स्टेट्स)

**21. चेकोस्लोवाकिया किन दो भागों में टूटा था?**

**उत्तरः–** चेक और स्लोवाकिया।

**22. 1991 में यूगोस्लाविया के टूटने से बने दो राष्ट्रों के नाम लिखिए।**

**उत्तरः–** बोसनिया और हर्जेगोबिना।

**23. मिखाइल गोर्बाचेव ने आर्थिक और राजनीतिक सुधार हेतु किन दो नीतियों को अपनाया?**

**उत्तरः–** (1) ग्लासनोस्त (खुलापन) (2) पेरेस्त्रोइका (पुनर्रचना)

**24. औद्योगिकरण को तेज बढ़ावा और खेती का बलपूर्वक सामूहिकीकरण करने वाले सोवियत संघ के राष्ट्रपति कौन थे?**

**उत्तरः–** जोजेफ स्टालिन।

**25.** बर्लिन की दीवार कब खड़ी की गई?

**उत्तर–** बर्लिन की दीवार 1961 में खड़ी की गई।

**26. दिसम्बर, 1991 में सोवियत संघ का विघटन हुआ। यह सोवियत संघ किस वर्ष व कितने राष्ट्रों को मिलाकर के बनाया गया?**

**उत्तर–** 1922 में 15 राज्यों को मिलाकर के सोवियत संघ का निर्माण किया गया।



शेखावाटी मिशन - 100

**27. सोवियत संघ द्वारा बनाये गये सैन्य संगठन का नाम**

**उत्तर–** 14 मई, 1955 को वारसा सैनिक संगठन बनाया गया। 1989 में गोर्बाच्योव ने घोषणा कि की वारसा के देश अपना भविष्य स्वयं सुनिश्चित करें। 1 जुलाई, 1991 को इसे समाप्त कर दिया गया।

**28. किस पार्टी का सोवियत राज व्यवस्था पर दबदबा था**

**उत्तर–** कम्युनिस्ट पार्टी का

**29. किसने 1985 में सोवियत रूस में सुधारों की शुरूआत की**

**उत्तर–** मिखाइल गोर्बाच्योव की ग्लास्तनोस्त (खुलापन) व पेरिस्त्राइका (आर्थिक पुनर्निर्माण) की नीतियों से सुधारों की शुरूआत हुई।

**30. किसका गिरना शीतयुद्ध के अंत का प्रतीक था।**

**उत्तर–** 9 नवम्बर, 1989 को बर्लिन की दीवार का गिरना।

**31. सोवियत रूस में बोल्शेविक क्रांति कब हुई ?**

**उत्तर–** 25 अक्टूबर 1917 सोवियत गणराज्य में समाजवादी क्रांति हुई जो पूंजीवाद के विरूद्ध हुई थी।

**32. सोवियत प्रणाली क्या थी?**

**उत्तर–** समाजवादी सोवियत गणराज्य (USSR) में 1917 में विकसित समाजवादी क्रांति जो पूँजीवादी एवं निजी सम्पत्ति के खिलाफ विकसति हुई, उसे सोवियत प्रणाली कहा जाता है।

**33. 1930 के दशक के भयानक आतंक के लिए रूस के किस राष्ट्रपति को जिम्मेदार माना जाता है?**

**उत्तर–** जोजेफ स्टालिन

**34. शॉक थैरेपी की तीन मान्यताएँ लिखिए।**

**उत्तर–** (अ) राज्य की संपदा का निजीकरण (ब) सामूहिक कृषि फार्म को निजी कृषि फार्म में बदलना (स) साम्यवाद की जगह पूँजीवाद को मंजूर किया गया।

**35. जरायमपेशा लोग से क्या अर्थ था?**

**उत्तर–** माफिया वर्ग

**36. बर्लिन की दीवार का गिरना किस ऐतिहासिक घटना को इंगित करता है?**

**उत्तरः–** जर्मनी के एकीकरण और साम्यवादी खेमे की समाप्ति की शुरूआत।

**निबन्धात्मक (1*4)**

**1. भारत–सोवियत संघ के मध्य शीतयुद्ध के दौरान एवं शीतयुद्धोत्तर संबंधों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तरः–** शीतयुद्ध के दौरान भारत और सोवियत संघ के संबंध बहुआयामी थे। यथा–

(1) राजनीतिक संबंध :– सोवियत संघ ने कश्मीर मामले पर संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का पक्ष लिया 1971 के भारत पाक युद्ध में रूस ने भारत का पक्ष लिया।

(2) आर्थिक संबंध :– सोवियत संघ भारत का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में सबसे बड़ा साझेदार है। इनमें भारत में भिलायी, बोकारो और विशाखापट्टनम के इस्पात कारखानों में आर्थिक और तकनीकी सहायता की थी।

(3) सैन्य संबंध :– शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ ने भारत को अनेक सैन्य उपकरण दिए थे।

(4) सांस्कृतिक संबंध :– भारत एवं सोवियत यहाँ के बीच सांस्कृतिक संबंध बहुत अच्छे थे। भारत की हिन्दी फिल्म सोवियत संघ में लोकप्रिय थी। अनेक भारतीय लेखक एवं कलाकारों ने सोवियत संघ यात्रा की थी।

<u>शीतयुद्धोत्तर भारत रूस संबध</u> :– भारत और रूस दोनों का सपना बहुत ध्रुवीय विश्व का है। सुरक्षा की सामुहिक जिम्मेदार के पक्ष में दोनों देश ही है। अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षो का समाधान बातचीत से हो। हर देश की स्वतंत्र विदेश नीति हो। इसके पक्षधर है।

इस प्रकार कश्मीर ऊर्जा आपूर्ति अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद के संबंध में रूस ने भारत का सहयोग किया है।

शेखावाटी मिशन - 100

**2. सोवियत प्रणाली क्या थी? सोवियत संघ के विघटन के कारण एवं परिणाम बताइए।**

**उत्तरः-** <u>समाजवादी सोवियत गणराज्य</u>– रूस में हुई 1917 की समाजवादी क्रांति के बाद अस्तित्व में आया जो कम्युनिष्ट पार्टी के नीतियों पर आधारित थी।

<u>सोवियत प्रणाली की विशेषताएँ है</u>–

(1) अर्थव्यवस्था पर राज्य का नियंत्रण

(2) स्वास्थ्य शिक्षा एवं लोककल्याण राज्य द्वारा प्रदान

(3) न्यूनतम जीवन स्तर सुनिश्चित करना।

(4) कम्युनिष्ट पार्टी ही एकमात्र राजनीति दल

(5) सम्पत्ति पर राज्य का नियंत्रण

<u>सोवियत संघ के विघटन के कारण</u> :–

(1) सोवियत संघ की आर्थिक एवं राजनैतिक संस्थाओं का खोखला होना।

(2) अर्थव्यवस्था का तहस–नहस हो जाना

(3) शोखथेरेपी (अर्थव्यवस्था को ओने–पोने दामों पर बेच देना आधात पहुंचाकर उपचार करना)

(4) प्रशासनिक एवं राजनीतिक रूप से गतिरोध होना।

(5) भारी भ्रष्टाचार एवं कम्यूनिष्ट पार्टी का जनताके प्रति जबावदेह न रहना।

<u>सोवियत संघ के विघटन के परिणाम</u> :–

(1) शीतयुद्ध का समाप्त होना– शीतयुद्ध दो महाशक्तियों के बीच युद्ध था। जब सोवियत संघ विघटन हो गया, तो शीतयुद्ध स्वतः समाप्त हो गया।

(2) अमेरिका एकमात्र महाशक्ति बन गया।

(3) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था प्रभावीशाली होने लगी।

(4) सोवियत संघ पन्द्रह देशों में विभाजित हो गया।

(5) विश्व बैंक एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष शक्तिशाली संस्थाएं हो गई।

**3. शौक थेरेपी क्या थी? इसके परिणाम लिखिए।**

**उत्तरः-** सोवियत संघ के विघटन के बाद विश्व बैंक एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा नित्यशीत एक मॉडल जो मध्य एशिया एवं पूर्वी यूरोप में पूँजीवादी को बढ़ावा देना चाहता था। उसे 'शॉक थेरेपी' कहा जाता है। इसका शाब्दिक अर्थ है ''उपचार करके, आघात पहुँचाकर।

<u>शॉक थेरेपी के परिणामः</u>–

(1) सोवियत संघ की पूरी अर्थव्यवस्था तहस–नहस हो गयी।

(2) सामुहिक खेती समाप्त हो गयी।

(3) व्यापारिक ढ़ाँचा समाप्त हो गया।

(4) समाजवादी व्यवस्था बन्द हो गयी।

(5) रूस की मुद्रा में भारी गिरावट आयी। जिसमें मंहगाई बहुत बढ़ गई।

शेखावाटी मिशन - 100




**4. विश्व के राजनीतिक मानचित्र में निम्न देशों को अंकित कीजिए।**

(1) अमेरिका (2) रूस (3) चीन (4) इग्लैण्ड (5) फ्रांस (6) जर्मनी

(7) इटली (8) पौलेण्ड (9) अफगानिस्तान (10) यूक्रेन (11) रोमानिया (12) अजरबैजान

(13) माल्दोवा (14) कजाकिस्तान (15) किर्गिस्तान (16)ताजिकिस्तान (17) तुर्कमेनिस्तान

(18) उज्बेकिस्तान (19) जार्जिया (20) हंगरी



# अध्याय – 2
# सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र
**अंक भार - (1+2+3=6)**

**बहुविकल्पात्मक (1*1)**

**1.** यूरोपीय संसद का पहला प्रत्यक्ष चुनाव हुआ?
(1) जून, 1979 (2) मई, 2004 (3) अप्रैल, 1951 (4) जनवरी, 1973 (1)

**2.** चीन ने कृषि का नीजिकरण कब किया?
(1) 1979 (2) 1998 (3) 1982 (4) 1978 (3)

**3.** युरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना कब की गई?
(1) 1951 (2) 1948 (3) 1945 (4) 1947 (2)

**4.** यूरोपीय परिषद का गठन कब किया गया?
(1) 1951 (2) 1949 (3) 1957 (4) 1992 (2)

**5.** यूरोपीयन इकॉनामिक कम्युनिटि (**यूरोपीयन आर्थिक समुदाय**) का गठन कब किया गया?
(1) अप्रैल, 1951 (2) मार्च, 1957 (3) जनवरी, 1973 (4) जून, 1979 (2)

**6.** आसियान का मुख्यालय कहां स्थित है?
(1) जकार्ता (2) चीन (3) रूस (4) काठमाण्डू (1)

**7.** 1978 के पश्चात चीन ने कौनसी नीति अपनायी?
(1) बंद द्वार नीति (2) मुक्त व्यापार नीति
(3) खुले द्वार नीति (4) क्षैत्रिय व्यापार नीति (3)

**8.** वर्तमान में यूरोपीय संघ के सदस्यों की संख्या कितनी है?
(1) 27 देश (2) 28 देश (3) 30 देश (4) 10 देश (1)

**9.** यूरोपीय संघ का 28 वां सदस्य कौनसा देश बना?
(1) बुल्गाारिया (2) रूमानिया (3) पौलैण्ड (4) क्रोएशिया (4)
(नोट :– ब्रिटेन के यूरोपीयन संघ से बाहर हो जाने के पश्चात वर्तमान में यूरोपीय संघ के 27 सदस्य है।)

अतिलघुत्तरात्मक **(2*1)**

**1.** आसियान किस प्रकार का संगठन है?
**उत्तर –** आसियान एक असैनिक आर्थिक संगठन है।

**2.** आसियान की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य क्या था?
**उत्तर –** आसियान की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास करना था।

**3.** यूरोपीय संघ की स्थापना किस संधि द्वारा की गई?
**उत्तर –** यूरोपीय संघ की स्थापना 7 फरवरी, 1992 को मॉस्ट्रिस्ट संधि द्वारा की गई।

**4.** आसियान की स्थापना किस संधि द्वारा की गई?
**उत्तर –** आसियान की स्थापना 08 अगस्त, 1967 में बैंकॉक घोषणा द्वारा की गई।

**5.** आसियान का पूरा नाम बताइए?
**उत्तर –** दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस)

**6.** SEZ **का पूरा नाम क्या है?**
**उत्तरः–** स्पेशल इकॉनोमिक जोन (विशेष आर्थिक क्षेत्र)।

**7.** चीन में ओपन डोर पॉलिसी (मुक्त द्वार की नीति) किस ने और कब चलाई?
**उत्तर –** 1978 में देंग श्याओपेंग ने ओपन डोर पॉलिसी अपनायी।

**8. यूरोपीय संघ को शांति का नोबेल पुरूस्कार कब मिला?**
**उत्तर –** 2012 में

**9. एशिया का कौनसा देश जी–7 का सदस्य है?**
**उत्तर –** जापान

शेखावाटी मिशन - 100

**10.** तिथि के हिसाब से इन सबको क्रम से लगाइए।

1. विश्व व्यापार संगठन में चीन का प्रवेश। 2. यूरोपीय आर्थिक समुदाय की स्थापना।
3. यूरोपीय संघ की स्थापना। 4. आसियान क्षैत्रीय मंच की स्थापना।

**उत्तर -** यूरोपीय आर्थिक समुदाय की स्थापना। – 1957
यूरोपीय संघ की स्थापना। – 1992
आसियान क्षैत्रीय मंच की स्थापना। – 1994
विश्व व्यापार संगठन में चीन का प्रवेश। – 2001

**11.** समेकित कीजिए

आसियान की स्थापना – 1948
यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना – 1992
यूरोपीय परिषद की स्थापना – 1967
यूरोपीय संघ की स्थापना – 1949

**उत्तर -** 1. आसियान की स्थापना – 1967
2. यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना – 1948
3. यूरोपीय परिषद की स्थापना – 1949
4. यूरोपीय संघ की स्थापना – 1992

**12.** यूरोपीयन संघ की मुद्रा का क्या नाम है?

**उत्तर -** यूरो

**13.** **किस संधि ने यूरोपीय समुदाय के देशों के बीच सीमा नियंत्रण समाप्त किया?**

**उत्तरः-** शांगेन संधि (शेलन संधि जून 1985)

**14.** **आसियान क्षेत्रीय मंच (ARF) की स्थापना कब हुई?**

**उत्तरः-** 1994

**15.** यूरोपीय संघ के कौनसे देश यू. एन. ओ. की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है?

**उत्तर -** फ्रांस

**16.** यूरोपीय संघ के झण्डे में 12 सितारे क्यों है?(विशेषता क्या है?)

**उत्तर -** यूरोपीय संघ के झण्डे में 12 सितारे है क्योंकि 12 की संख्या को वहां पारम्परिक रूप से पूर्णता, समग्रता व एकता का प्रतिक माना जाता है।

**17.** **आसियान के झण्डे का प्रतीक चिह्न क्या है?**

**उत्तर -** धान की बालियाँ

**18.** आसियान शैली (आश्यिान वे) किसे कहा जाता है?

**उत्तर -** आसियान देशों की अनौपचारिक, टकराव रहित और सहयोगात्म मेल–मिलाप की नीति को आसियान शैली कहा जाता है।

**19.** मार्शल योजना क्या है?

**उत्तर -** द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका ने पश्चिमी यूरोप की अर्थव्यवस्था के पुर्नगठन के लिए आर्थिक सहायता दी जिसे मार्शल योजना के नाम से जाना जाता है।

**20.** आसियान के कितने देश सदस्य है?

**उत्तर -** 10 देश (1967 स्थापना के समय सदस्य देश इंडोनेशिया, फिलिपीन्स, सिंगापुर, थाइलैण्ड व मलेशिया। ब्रुनई 1984 में, वियतनाम 1995 में, लाओस व म्यांमार 1997 में और कम्बोडिया 1999 में सदस्य बना।)

## दीर्घलुघत्तरात्मक (1*3)

**1.** यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना कब व किन उद्देश्यों को लेकर की गई?

**उत्तर -** यूरोपीय आर्थिक सहयोग संगठन की स्थापना 1948 में मार्शल योजना के आधार पर की गई थी। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य पश्चिमी यूरोप के देशों की आर्थिक मदद करना था।



शेखावाटी मिशन - 100

**2. ''वैकल्पिक शक्ति केन्द्र के रूप में जापान प्रभावकारी है।'' इस कथन पर प्रकाश डालिए।**

**अथवा**

**जापान की अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर –** वैकल्पिक शक्ति केन्द्र के रूप में जापान प्रभावकारी है। जापान की आर्थिक समृद्धि और प्रभाव को निम्न बिन्दुओं के अन्तर्गत देख सकते है–

1. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से जापान ने तीव्र गति से विकास किया है।

2. संयुक्त राष्ट्र संघ बजट में जापान 10 प्रतिशत का योगदान करता है। जो कि आर्थिक योगदान के लिहाज से दूसरा सबसे बड़ा देश है।

3. सैन्य व्यय के लिहाज से विश्व में जापान का सातवां स्थान है।

4. 2017 में जापान की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि जापान शक्ति का वैकल्पिक केन्द्र बन रहा है।

**3. आसियान का गठन, उद्देश्य क्या है आसियान विजन 2020 की विशेषताएँ लिखिए।**

**उत्तरः–** आसियान (दक्षिणी पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ) की स्थापना 1967 में दक्षिणी पूर्वी एशिया के पाँच देशों (इण्डोनेशिया, मलेशिया, फिलीपिन्स, सिंगापुर और थाइलैण्ड) ने बैंकांक घोषणा पत्र हस्ताक्षर करके की थी। वर्तमान में इसमें दस सदस्य राष्ट्र है। इसका मुख्यालय जकार्त्ता (इण्डोनेशिया) में है।

आसियान के उद्देश्य

(1) सदस्य देशों के मध्य शक्ति एवं अस्थायित्व को बढ़ावा देना।

(2) आर्थिक विकास को बढ़ावा देना।

(3) परस्पर सहयोग एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना।

(4) एक–दूसरे देश की हर प्रकार से मदद करना।

आसियान विजन 2020 की विशेषताएँ

(1) अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में आसियान की भूमिका बढ़ाना।

(2) बातचीत द्वारा समस्याका हल निकलना।

(3) आसियान आर्थिक समुदाय बनाना।

(4) आसियान एवं पूर्व एशिया सहयोग को बढ़ावा देना।

**4. यूरोपीय संघ की स्थापना का उल्लेख करते हुए विश्व में एक वैकल्पिक सत्ता के रूप में इसकी पहचान को समझाइये।**

**उत्तरः–** यूरोपीय संघ की स्थापना 1992 में हुई। यूरोपीय संघ यूरोप के देशों का एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय संगठन है। इसकी आर्थिक शक्ति राजनीतिक व कूटनीतिक रूप में विश्व राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान है।

यूरोपीय संघ के निर्माण के कारण

(1) यूरोपीय संघ का निर्माण यूरोप के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए किया गया।

(2) इसका निर्माण अमेरिका की आर्थिक शक्ति के मुकाबले के लिए किया गया।

यूरोपीय संघ की विशेषताएँ

(1) यूरोपीय संघ की साझी मुद्रा यूरो, स्थापना दिवस, गान तथा झण्डा है।

(2) यूरोपीय संघ आर्थिक–राजनैतिक मामलों में हस्तक्षेप करने में सक्षम है।

(3) इसका एक सदस्य फ्रांस, सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है।

(4) इसका आर्थिक, राजनैतिक तथा कूटनीतिक वैश्विक प्रभाव बहुत अधिक है।

यूरोपीय संघ का आर्थिक, राजनैतिक, कूटनीतिक तथा सैनिक प्रभाव बहुत ज्यादा है। 2016 में यह दूनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी और इसका सकल घरेलू उत्पादन 17000 अरब डॉलर से ज्यादा था जो अमेरिका के ही लगभग है। इसकी मुद्रा यूरो अमेरिका डॉलर के प्रभुत्व के लिए खतरा बन सकती है। विश्व व्यापार में इसकी हिस्सेदारी अमेरिका डॉलर से तीन गुनी ज्यादा है और इसी के कारण यह अमेरिका और चीन से व्यापारिक विवादों में पुरी धौंस के साथ बात करता है।

शेखावाटी मिशन - 100

**5. आसियान विजन–2020 की मुख्य बातें क्या है?**

**उत्तर –** आसियान विजन–2020 की प्रमुख तत्व निम्न प्रकार से है–

1. आसियान देश आपसी टकराव की जगह बातचीत को बढ़ावा देगे।
2. अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में एक विशिष्ट क्षेत्रीय पहचान को बनाना।
3. सुरक्षा समुदाय, आर्थिक समुदाय और सामाजिक सांस्कृतिक समुदाय के माध्यम से क्षेत्रीय हितों की रक्षा करना।
4. आसियान शैली दक्षिण पूर्व एशिया के समस्त देशों के परस्पर विवादों को हल करना, आर्थिक सहायता प्रदान करना।
5. निवेश, श्रम और सेवाओं के मामले में मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाना और क्षेत्रीय देशों में अमेरिका के वर्चस्व को रोकना।

**6. चीनी अर्थव्यवस्था की तेज गति को समझाइये?**

**उत्तर:–** 1978 के बाद से जारी चीन की आर्थिक सफलता को एक महाशक्ति के रूप में इसके उभरने के रूप में देखा जा रहा है। यथा–

(1) आर्थिक सुधारों की शुरूआत करने के बाद से चीन सबसे ज्यादा तेजी से आर्थिक विकास कर रहा है और यह माना जाता है कि रफ्तार से चलते हुए 2040 तक वह दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति अमेरिका से भी आगे निकल जायेगा।

(2) आर्थिक स्तर पर अपने पड़ोसी देशों से जुड़ाव के चलते तीन पूर्व एशिया के विकास का इंजन जैसा बना हुआ है।

(3) इसकी विशाल आबादी, बड़ा भू–भाग व संसाधन क्षेत्रीय अवस्थिति, सैन्य शक्ति और राजनैतिक प्रभाव इस तेज आर्थिक वृद्धि के साथ मिलकर चीन के प्रभाव को कई गुना बढ़ा देते है।

**7. ''आसियान तेजी से बढ़ता हुआ एक महत्वपूर्ण संगठन है'' कथन के पक्ष में तर्क दे।**

अथवा

''विजन 2020 में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में आसियान की एक बहिर्मुखी भूमिका को प्रमुखता दी गई है।'' कथन के पक्ष में तर्क दीजिए।

अथवा

आसियान की प्रासांगिकता अथवा महत्व पर टिप्पणी कीजिए।

**उत्तर –** आसियान की प्रासांगिकता या महत्व को निम्न रूप में देखा जा सकता है–

1. आसियान तेजी से बढ़ता हुआ एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय संगठन है।
2. आसियान टकराव की जगह बातचीत व परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने की नीति पर बल देता है।
3. पूर्वी–एशियाई सहयोग पर बातचीत के लिए 1999 से नियमित रूप से वार्षिक बैठकों का आयोजन किया जाता है।
4. आसियान की मौजूदा आर्थिक शक्ति ने चीन और भारत के साथ व्यापार और निवेश के मामले में अपनी प्रासांगिकता को स्पष्ट किया है।
5. यह एशिया का एकमात्र ऐसा क्षेत्रीय मंच है जो एशियाई देशों तथा विश्व शक्तियों को राजनीतिक मंच उपलब्ध करवाता है।

शेखावाटी मिशन - 100



# अध्याय - 3
# समकालीन दक्षिण एशिया
अंक भार - (1+1+2+2=6)

**वस्तुनिष्ठ (1*1)**

**1. निम्नलिखित में से कौनसा देश दक्षिण एशिया का अंग नहीं माना जाता है ?**
(1) पाकिस्तान (2) मालद्वीप (3) चीन (4) भूटान (3)

**2. श्रीलंका के लोकतंत्र को एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा है। निम्न में से वह कौनसी कठिन चुनौती है ?**
(1) सैन्य शासन के द्वारा चुनौती (2) राजतंत्रात्मक शासन प्रणाली द्वारा
(3) जातीय संघर्ष द्वारा (4) इनमें से कोई नहीं (3)

3. भारत और श्रीलंका ने मुक्त व्यापार संधि पर हस्ताक्षर कब किए?
(1) 1995 (2) 1996 (3) 1998 (4) 1999 (3)

**4. दक्षिण एशिया के कौनसे देशों में लोकतांत्रिक और सैनिक दोनों तरह के नेताओं का शासन रहा है।**
(1) नेपाल व भूटान (2) भारत व पाकिस्तान
(3) श्रीलंका व पाकिस्तान (4) पाकिस्तान व बांग्लादेश। (4)

रिक्तस्थानों की पूर्ती कीजिए। **(1*1)**

**1. दक्षिण एशिया में स्थित देश ..................... नस्लीय/जातीय संघर्ष से पीड़ित रहा है।**
**उत्तर -** श्रीलंका

**2. राजतंत्र, लोकतंत्र समर्थक समूह व अतिवादियों के बीच संघर्ष के कारण राजनीतिक अस्थिरता का वातावरण ...................... में बना हुआ है।**
**उत्तर -** नेपाल

**3. चारों तरफ भूमि से घिरा हुआ ............................ है।**
**उत्तर -** नेपाल, भूटान

**4. दक्षिणी एशिया का वह देश ....................जिसने सबसे पहले अपनी अर्थव्यवस्था का उदारीकरण किया।**
**उत्तर -** श्रीलंका

**5. सेना और लोकतंत्र समर्थित समूह के बीच सेना ने हमेशा बाजी मारी। वह देश ...................... है ।**
**उत्तर -** पाकिस्तान

**6. दक्षिण एशिया के केन्द्र में अवस्थित वह देश ........................जिसकी सीमा दक्षिणी एशिया के अधिकांश देशों से मिलती है।**
**उत्तर -** भारत

**7. पाकिस्तान के द्वारा अपने परमाणु परीक्षण ...................... व ................................ में किये गये ।**
**उत्तर -** 28 मई, 1998 को चंगाई की पहाड़ियों में।

**8. सरक्रिक सीमा रेखा विवाद ..............................व......................... के मध्य है।**
**उत्तर -** भारत और पाकिस्तान के मध्य कच्छ के रन गुजरात में यह विवाद है।

**9. नेपाल में राजतंत्र को खत्म करने के बाद नेपाल को लोकतांत्रिक गणराज्य ..................... बनाया गया।**
**उत्तर -** 2008

**10. श्रीलंका (तत्कालीन सिलोन) को आजादी ................................ मिली।**
**उत्तर -** 1948 में।

**11. सिलोन का नाम बदलकर श्रीलंका ............... वर्ष किया गया।**
**उत्तर -** 1972 में।

**12. शीतयुद्धकालीन सैन्य गुट सीटो (SEATO) में पाकिस्तान ......................... वर्ष शामिल हुआ।**
**उत्तर -** 1954



शेखावाटी मिशन - 100

**13. शीतयुद्धकालीन सैन्य गुट केन्द्रीय संधि संगठन (CENTO) में पाकिस्तान ...................वर्ष शामिल हुआ।**

**उत्तर -** 1955 में।

**14. भारत और पाकिस्तान ने सिंधु नदी जल समझौते पर हस्ताक्षर .......................... किये।**

**उत्तर -** सितम्बर, 1960 में।

## अतिलघुत्तरात्मक (2*1)

**1. ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी बचत व सहकारी व्यवस्था के ऋण के कारण किस देश को गरीबी कम करने में मदद मिली है-**

**उत्तर -** बांग्लादेश (बांग्लादेश ग्रामीण बैंक के संस्थापक मोहम्मद युनूस को वर्ष 2006 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है।)

**2. वह हिमालय देश जहाँ संवैधानिक राजतंत्र है जो हर तरफ से भूमि से घिरा हुआ है।**

**उत्तर -** भूटान (Land Lock Country)

**3. श्रीलंका में जातीय संघर्ष में किनकी भूमिका प्रमुख है-**

**उत्तर -** 1983 के बाद उग्र तमिल संगठन लिट्टे का श्रीलंकाई सरकार के साथ संघर्ष प्रारम्भ हुआ।

**4. भारत और पाकिस्तान की और से सिंधु नदी जल समझौते पर हस्ताक्षर किसने किये ?**

**उत्तर -** भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू व पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खाँ ने।

**5. भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी जल समझौता किसकी मध्यस्थता से सम्पन्न हुआ ?**

**उत्तर -** विश्व बैंक की मध्यस्था से।

**6. अफगानिस्तान को सार्क का सदस्य कब बनाया गया ?**

**उत्तर -** सार्क का 14 वाँ सम्मेलन 2007 (वर्तमान में सार्क के 8 देश सदस्य है।)

**7. भारत और चीन के मध्य युद्ध किस वर्ष हुआ ?**

**उत्तर -** 1962 में।

**8. भारत व चीन युद्ध के समय भारत का प्रधानमंत्री कौन था ?**

**उत्तर -** जवाहर लाल नेहरू

**9. भारत व चीन युद्ध के समय चीन का राष्ट्रपति कौन था ?**

**उत्तर -** माओत्से तुंग।

**10. शेख मुजीबर्रहमान ने पूर्वी पाकिस्तान को ज्यादा स्वायत्तता देने के लिये 6 सूत्री प्रस्ताव कब रखा।**

**उत्तर -** 1966 में।

**11. भारत व पाकिस्तान के बीच ताशकंद समझौता कब हुआ ?**

**उत्तर -** 10 जनवरी, 1966 को।

**12. लिट्टे का पूरा नाम क्या है ? और लिट्टे संगठन की मुख्य मांग क्या थी ?**

**उत्तर -** लिबरेशन टाइगर्स ऑव तमिल ईलम। और लिट्टे संगठन की मुख्य मांग श्रीलंका के तमिलों के लिये पृथक राष्ट्र का गठन किये जाने की थी।

**13. भारत व पाकिस्तान के बीच हुए ताशकंद समझौते पर किसने हस्ताक्षर किये ?**

**उत्तर -** भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयुब खाँ ने।

**14. भारत व पाकिस्तान के बीच ताशकंद समझौता किसकी मध्यस्थता से हुआ।**

**उत्तर -** रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति कोसीगन की मध्यस्थता से।

**15. भारत व सोवियत संघ ने 20 सालों के लिये मैत्री संधि पर हस्ताक्षर कब किये ?**

**उत्तर -** अगस्त, 1971 में।

**16. भारत व पाक युद्ध कब हुआ जिससे बांग्लादेश का निर्माण हुआ।**

**उत्तर -** दिसम्बर, 1971 में।

**17. भारत और पाकिस्तान के बीच शिमला समझौता कब सम्पन्न हुआ।**

**उत्तर -** 3 जुलाई, 1972।

**18. भारत और पाकिस्तान के बीच हुए शिमला समझौते पर किसने हस्ताक्षर किये।**

**उत्तर -** भारत की ओर से प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने तथा पाकिस्तान की ओर से जुल्फीकार अली भुट्टो ने।

शेखावाटी मिशन - 100

**19. भारत ने परमाणु परीक्षण कब किये ?**

**उत्तर -** प्रथम परमाणु परीक्षण 18 मई, 1974 को पोकरण जैसलमेर में
द्वितीय परमाणु परीक्षण 11 व 13 मई 1998 को खतोलाई पोकरण जैसलमेर में।

**20. भारत द्वारा किये गये प्रथम परमाणु परीक्षण को क्या नाम दिया गया ?**

**उत्तर -** ऑपरेशन स्माईलिंग बुद्धा।

**21. भारत द्वारा किये गये द्वितीय परमाणु परीक्षण को क्या नाम दिया गया ?**

**उत्तर -** ऑपरेशन शक्ति।

**22. दक्षेस (सार्क) के पहले सम्मेलन (ढाका, बांग्लादेश) में दक्षिण एशिया के देशों ने दक्षेस के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कब किये। (सार्क की स्थापना।)**

**उत्तर -** दिसम्बर, 1985

**23. भारत और पाकिस्तान के बीच एक दूसरे के परमाणु ठिकाने व सुविधाओं पर हमला न करने के समझौते पर हस्ताक्षर कब किये।**

**उत्तर -** 1988 में।

**24. भारतीय शांति सेना (IPKF) का श्रीलंका में अभियान कब हुआ ?**

**उत्तर -** 1987 से 1990 तक। (इस अभियान के तहत ऑपरेशन पवन, ऑपरेशन त्रिशूल, ऑपरेशन विराट व ऑपरेशन चैकमेट चलाये गये।)

**25. भारतीय शांति सेना (IPKF) श्रीलंका में कब व किस समझौते के तहत गई थी?**

**उत्तर -** 1987 में राजीव जयवर्धने समझौते के तहत।

**26. फरक्का संधि क्या है ?**

**उत्तर -** गंगा नदी के पानी में हिस्सेदारी के मसले को भारत और बांग्लादेश के बीच दिसम्बर 1996 में फरक्का संधि पर हस्ताक्षर हुये।

**27. SAARC** का पूरा नाम क्या है?

उतर – साउथ एशियन एसोशियन फॉर रिजनल कोऑपरेशन (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन)

**28. SAPTA (दक्षिणी एशिया वरीयता व्यापार संधि)पर हस्ताक्षर कब हुये ?**

**उत्तर -** सार्क के 7 वें सम्मेलन में 1993 में। यह समझौता 1995 से प्रभावी हुआ।

**29. दक्षिणी एशिया के देशों के बीच आर्थिक सहयोग की राह तैयार करने में सार्क की भूमिका बताइये-**

**उत्तर -** आपसी सहयोग व व्यापारिक क्षेत्र को बढ़ाना तथा क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करना।

**30. दक्षिण एशिया पद का इस्तेमाल किन देशों के लिये किया जाता है ?**

**उत्तर -** दक्षिण एशिया पद का इस्तेमाल 7 देशों के लिये किया जाता है। जिसमें भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका व मालद्वीप शामिल है।

**31. पाकिस्तान में लोकतंत्र के स्थायी न बन पाने के क्या कारण है ?**

**उत्तर -** यहाँ सेना, धर्मगुरू और भूस्वामी अभिजनों का सामाजिक दबदबा है। इसकी वजह से कई बार निर्वाचित सरकारों को गिराकर सैनिक शासन कायम हुआ।

**32.** दक्षिण एशिया क्षेत्र की विशेषताएँ बताइये?

उतर – यह एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ सद्भाव और शत्रुता, आशा और निराशा तथा पारस्परिक शंका और विश्वास साथ बसते है।

लघुत्तरात्मक (1*2)

**1. दक्षिणी एशिया में द्विपक्षी संबंधों को बाहरी शक्तियाँ किस प्रकार प्रभावित करती हैं-**

**उत्तर -** आर्थिक सहायता देकर, सैन्य अड्डे किराये पर लेकर, हथियारों की सप्लाई करके इन देशों में आपसी टकराहट पैदा करना। विचारधारा के आधार पर सैनिक गठबंधनों का गठन करके उनका सदस्य बनाना।



शेखावाटी मिशन - 100

**2. SAFTA (दक्षिणी एशिया मुक्त व्यापार संधि) पर हस्ताक्षर कब हुये? व इसका मुख्य उद्देश्य क्या है?**

**उत्तर –** सार्क के 12 वें सम्मेलन में फरवरी 2004 में यह समझौता 1 जनवरी 2006 से प्रभावी हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य सार्क के सदस्य देश के मध्य मुक्त व्यापार को बढ़ावा देना है।

**3. ऐसे दो मामले बताइये जिन पर भारत-बांग्लादेश पर सहयोग व आपसी मतभेद है-**

**उत्तर – आपसी सहयोग के बिन्दु-**

1. सार्क
2. बिमस्टेक
3. रोहिंग्या शरणार्थी
4. भूमि समझौता-2015
5. बस डिप्लोमेसी

**आपसी मतभेद के बिन्दु-**

1. तीस्ता (फेना) नदी विवाद
2. मुहरी (बिलोनिया) नदी विवाद
3. नवमूर द्वीप विवाद
4. पीर दा वाह की घटना
5. फेन्सी डील तस्करी विवाद
6. चकमा शरणार्थी समस्या

**4. श्रीलंका में तमिल समस्या क्या है ? टिप्पणी लिखिये।**

**अथवा**

**श्रीलंका में जातीय संघर्ष पर टिप्पणी लिखिये।**

**उत्तर –** आजादी के बाद से श्रीलंका की राजनीति पर बहुसंख्यक सिंहली समुदाय के हितों की नुमांइदगी करने वालों का दबदबा रहा है। यह लोग भारत छोड़कर श्रीलंका आ बसी एक अल्पसंख्यक तमिल आबादी के खिलाफ है। सिंहली राष्ट्रवादियों का मानना था कि श्रीलंका में तमिलों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जानी चाहिये और उन्हें ना ही कोई अधिकार दिये जाने चाहिये क्योंकि श्रीलंका सिर्फ सिंहली लोगों का देश है। सिंहली लोगों और श्रीलंका की सरकार द्वारा तमिलों के प्रति उपेक्षा भरे बर्ताव से एक उग्र तमिल राष्ट्रवाद की आवाज बुलंद हुई है। इस कारण से श्रीलंका को जातीय संघर्ष का सामना करना पड़ा है। 1983 के बाद से उग्र तमिल संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल इलम (लिट्टे) श्रीलंकाई सेना के साथ सशस्त्र संघर्ष कर रहा है। यह संगठन तमिल इलम यानि श्रीलंका के तमिलों के लिये पृथक देश की मांग की है। श्रीलंका के उत्तरी पूर्वी हिस्से पर लिट्टे का नियंत्रण है।

**5. ''लुक ईस्ट पॉलिसी'' और एक्ट ईस्ट पॉलिसी से आप क्या समझते है? लिखिए।**

**उत्तर –** ''लुक ईस्ट पॉलिसी'' – भारत के तात्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव ने 1992 में दक्षिण–पूर्व एशिया (आसियान) के साथ भारत के जुड़ाव को रणनीतिक व आर्थिक बढ़ावा देना है।

''एक्ट ईस्ट पॉलिसी'' – सन 2014 में घोषित ''एक्ट ईस्ट पॉलिसी'' ''एक्ट ईस्ट पॉलिसी'' का ही उन्नयन है। यह विशाल एशिया–प्रशांत क्षेत्र के साथ विभिन्न स्तरों पर आर्थिक, रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने की एक राजननियक पहल है।




शेखावाटी मिशन - 100

# अध्याय- 4
# अन्तर्राष्ट्रीय संगठन
अंक भार - (1+1+4=6)

## रिक्तस्थान की पूर्ति करो (1*1)

1 'संयुक्त राष्ट्रसंघ का गठन मानवता को स्वर्ग पहुंचाने के लिए नहीं बल्कि उसे नरक से बचाने के लिए हुआ है' कथन .......................................... है।

उत्तर - डेग हैमरसोल्ड

2 संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य ................................ राष्ट्र हैं ।

उत्तर - 193

3 संयुक्त राष्ट्र संघ की आमसभा में कोई राष्ट्र अधिकतम ........................ प्रतिनिधि भेज सकता है।

उत्तर - 5 प्रतिनिधि

4 संयुक्त राष्ट्र संघ का अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय .............................. स्थित है।

उत्तर - हेग (नीदरलैण्ड)

5 अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में कुल .......................... न्यायधीश होते हैं।

उत्तर - 15

6 अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में न्यायाधीश ................ वर्षो के लिए चुना जाता है।

उत्तर - 9 वर्ष

7 संयुक्त राष्ट्र संघ के मूल संस्थापक सदस्य ............................ हैं।

उत्तर - 51

8 IMF के कुल ..................... सदस्य है।

उत्तर - 189

9 IMF में सर्वाधिक मताधिकार ........................ देश के पास है ।

उत्तर - अमेरिका

10 IMF में भारत का .................................. प्रतिशत मताधिकार है।

उत्तर - 2.64 प्रतिशत

11 संयुक्त राष्ट्र संघ के ...................... प्रमुख अंग है।

उत्तर - 6

12 सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्यों का निर्वाचन ................... वर्षों के लिए होता हैं ।

उत्तर - 2 वर्ष के लिए

13 संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की सदस्य संख्या 11 से बढ़ाकर 15 सन् ............ की गई।

उत्तर - 1965 में

14 संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की स्थापना .................................... में गयी।

उत्तर - 2006 में

15 संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में कुल .............................. सदस्य हैं।

उत्तर - 47

16 संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के सदस्य ..................... वर्षो के लिए चुने जाते हैं ।

3 वर्ष

शेखावाटी मिशन - 100

अतिलघुत्तरात्मक (1*1)

1 **भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य है ?**

**उत्तरः-** मूल सदस्य

2 **संयुक्त राष्ट्र संघ का पूर्वागामी संगठन कौनसा था ?**

**उत्तरः-** राष्ट्र संघ या लीग ऑफ नेशंस

3 **महासचिव की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ?**

**उत्तरः-** सुरक्षा परिषद की सलाह पर महासभा द्वारा

4 **संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रमुख अधिकारी होता है ?**

**उत्तरः-** महासचिव

5 **संयुक्त राष्ट्र संघ की न्यासिता प्रणाली के अन्तर्गत आने वाला अंतिम ट्रस्ट टेरिटरी जो 1 नवम्बर 1994 को आजाद हो गया -**

**उत्तरः-** पलाउ

6 **सुरक्षा परिषद में कितने स्थायी और अस्थायी सदस्य हैं?**

**उत्तरः-** 5 स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य

7 **संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में किन देशों के पास विशेषाधिकार की शक्ति (वीटो पावर) है ?**

**उत्तरः-** अमेरीका, रूस, चीन, ब्रिटेन, और फ्रांस के पास

8 **IMF का पूरा नाम क्या है**

**उत्तरः-** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

9 **संयुक्त राष्ट्र संघ का वह अंग जिसकी वर्तमान में कोई उपयोगिता नहीं बची है -**

**उत्तरः-** न्यास परिषद

10 **संयुक्त राष्ट्र संघ की आर्थिक और सामाजिक परिषद में कुल कितने सदस्य हैं?**

**उत्तरः-** 54 सदस्य

11 भारत ने **UNO** के चार्टर पर हस्ताक्षर कब किए?

**उत्तरः-** 30 अक्टूबर, 1945

12 **संयुक्त राष्ट्र संघ के वर्तमान महासचिव कौन हैं?**

**उत्तरः-** एंटोनियो गुटेरस

13 **संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव थे -**

**उत्तरः-** ट्राइग्वली

14 **संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव जिनकी विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई-**

**उत्तरः-** डेग हैमरसोल्ड

15 **संयुक्त राष्ट्र संघ के वह महासचिव जिन्हें मरणोपरान्त नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया -**

**उत्तरः-** डेग हैमरसोल्ड

16 **संयुक्त राष्ट्र के वह महासचिव जिन्होंने 'एन अजेंडा फॉर पीस' नामक रिपोर्ट जारी की -**

**उत्तरः-** बुतरस बुतरस घाली

17 **संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में सर्वाधिक बार वीटो का प्रयोग करने वाला देश है -**

**उत्तरः-** सोवियत संघ/रूस

18 **संयुक्त राष्ट्र संघ का क्या उदेश्य हैं ?**

**उत्तरः-** अंतर्राष्ट्रीय झगड़ों को रोकना और राष्ट्रों के बीच सहयोग की राह दिखाना

शेखावाटी मिशन - 100

**19.** UNDP **का पूरा नाम क्या है?**

**उत्तरः-** युनाइटेड नेशन डवलपमेंट प्रोगाम

**20 G7 के सदस्य देशों के नाम बताइए**

**उत्तरः-** अमरीका, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली और कनाडा

**21 संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ?**

**उत्तरः-** 24 अक्टूबर (क्योंकि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी। तथा इसका चार्टर भी इसी दिन लागू हुआ था।)

**22 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्य संख्या 15 कब की गई ?**

**उत्तरः-** 1965 में 11 से बढ़ाकर 15 कर दी गई

**23 भारत सुरक्षा परिषद के कौनसे सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी का समर्थक है?**

**उत्तरः-** स्थायी ओर अस्थायी दोनों तरह की सदस्यों की संख्या में

**24 IAEA का पूरा नाम क्या है तथा इसकी स्थापना कब की गई?**

**उत्तरः-** अंतर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेंसी स्थापना 1957 में वियना (आस्ट्रिया) में।

**25. हथियार लड़ाने से अच्छा है जबान लड़ाई जाए'' यह कथन किसका है?**

**उत्तरः-** चर्चिल

लघुत्तरात्मक **(2*2)**

1 अटलांटिक चार्टर पर हस्ताक्षर किसने और कब किए?

उतर – अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट और ब्रिटेनी प्रधानमंत्री चर्चिल के द्वारा अटलांटिक चार्टर पर 14 अगस्त, 1941 को हस्ताक्षर किए।

2 ग्लोबल वार्मिग क्या है? और इसके क्या प्रभाव पड़ेगे?

उतर – ग्लोबल वार्मिग (विश्वव्यापी तापवृद्धि) का मूल कारण वातावरण में ग्रीन हाऊस गैसों के बढ़ने से तापमान बढ़ रहा है। इससे समुन्द्र तल की ऊँचाई भी बढ़ रही है। इस कारण से विश्व के समुन्द्र तटीय इलाके जिसमें बड़े बड़े शहर भी शामिल है, डूब जाएगे।

3. **एमनेस्टी इंटरनेशनल क्या है?**

**उत्तरः-** एमनेस्टी इटरनेशनल एक स्वयंसेवी संगठन है, यह पूरे विश्व में मानव अधिकारों की रक्षा के लिए अभियान चलाता है।

4 **हयूमन राइट्स वॉच क्या है?**

**उत्तरः-** यह मानवाधिकारों की वकालत और उनसे संबंधित अनुसंधान करने वाला एक अतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संगठन है। यह अमेरीका का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन है।

5 **अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) क्या है?**

**उत्तरः-** यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो वैश्विक स्तर की वित्त व्यवस्था की देखरेख करता है और मांगे जाने पर वित्तिय व तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाता है।

6 **सुरक्षा परिषद पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तरः-** यह संयुक्त राष्ट्र संघ का महत्वपूर्ण अंग हैं। इसमें कुल 15 सदस्य होते हैं 5 स्थायी और 10 अस्थायी। अस्थायी सदस्यों का कार्यकाल 2 वर्ष होता है जिनका चुनाव महासभा करती है।

7 **सुरक्षा परिषद के कोई दो कार्य बताइए।**

**उत्तरः-** 1 अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा बनाये रखना

2 किसी भी बड़ी घटना या विवाद की जांच का आदेश जारी करना



शेखावाटी मिशन - 100

8. **यू. एन. ओ. के प्रतीक चिह्न में क्या मुद्रित है?**

**उत्तरः-** दुनिया का नक्शा बना हुआ है और इसके चारों ओर जैतुन की पत्तियां है। जो विश्व शान्ति का संकेत करती है।

9 **विश्व व्यापार संगठन क्या है?**

**उत्तरः-** विश्व व्यापार संगठन (डब्लु.टी.ओ.) वैश्विक व्यापार के नियमों को तय करता है। यह संगठन जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड एण्ड टैरिफ (जी.ए.ए.टी) के उत्तराधिकारी के रूप में 01 जनवरी, 1995 से काम कर रहा है। इसके सदस्यों की संख्या 164 है। यह संगठन हर फैसला सभी सदस्यों की सहमति से करता है।

इसका उद्देश्य :— भेदभाव रहित व्यापार, उचित प्रतियोगिता और बाजार तक पहुँच।

10 **IAEA पर टिप्पणी लिखिए**

**उत्तरः-** अंतर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेंसी (इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी) की स्थापना वर्ष 1957 में हुई थी। इसका मुख्यालय वियना (आस्ट्रिया) में है। यह संगठन परमाण्विक ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने और सैन्य उदेश्यों में इसके इस्तेमाल को रोकने की कोशिश करता है।

11. **UNO के सामने किन दो तरह के बुनियादी सुधारों की आवश्यकता है?**

**उत्तरः-** (1) संगठन की बनावट और इसकी प्रक्रिया में सुधार की।

(2) संयुक्त राष्ट्र संघ विभिन्न देशों के बीच सहयोग बढ़ाने और विकास को बढ़ावा देने में ज्यादा बड़ी भूमिका निभाये।

(3) सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी

(4) इस संगठन के न्यायाधिकार में आने वाले मुद्दों की समीक्षा की जानी चाहिए।

12. **संयुक्त राष्ट्र संघ में अमेरिकी प्रभुत्व के कारण क्या है?**

**उत्तरः-** अमेरिकी प्रभुत्व के निम्न कारण है—

(1) एकमात्र महाशक्ति — एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अमेरिका का वर्चस्व पूरे विश्व पर हो चुका है।

(2) बजट में योगदान — अमेरिका का UNO बजट में योगदान अधिक है।

(3) नौकरशाह — संयुक्त राष्ट्र के अधिकतर कर्मचारी अमेरिका के है।

(4) अमेरिकी भू क्षेत्र — संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय अमेरिकी भू क्षेत्र पर स्थित है।

(5) वीटो पॉवर — अमेरिका के पास वीटो पॉवर है, जिससें वह किसी भी निर्देश को मानने से इनकार कर सकता है।

13. **सुरक्षा परिषद के कार्य क्या है?**

**उत्तरः-** (1) विश्व में शांति स्थापित करना। (2) अपने निर्णयों को लागु करवाने की कार्यवाही करना। (3) किसी देश द्वारा भेजी गई शिकायत पर विचार करना। (4) झगड़ों को सुलझाने का प्रयास करना।

14. **UNO की चार प्रमुख एजेंसियों के नाम लिखों।**

**उत्तरः-** (1) विश्व स्वास्थ्य संगठन (**WHO**) (2) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (**UNDP**)
(3) यूनिसेफ (**UNICEF**) (4) यूनेस्को (**UNESCO**)

15. **UNO के छः अंग कौन—कौनसे है?**

**उत्तरः-** (1) महासभा या आम सभा (2) सुरक्षा परिषद (3) सचिवालय
(4)अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय (5) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (6) ट्रस्टीशिप काउंसिल

16. **भारत सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य क्यों बनना चाहता है कोई चार कारण लिखिए।**

**अथवा**

**आपके मतानुसार क्या भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य बनने की योग्यता रखता है? अपने उत्तर के पक्ष में कोई चार तर्क दीजिए।**

**अथवा**



शेखावाटी मिशन - 100

**भारत के नागरिक के रूप में सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के पक्ष में समर्थन आप कैसे करेंगे? अपने प्रस्ताव का औचित्य सिद्ध करों**

**उत्तरः-** 'भारत सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने की योग्यता रखता है इसके पक्ष में निम्न तर्क हैं -

1 भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला दूसरा देश है। भारत में विश्व की कुल जनसंख्या का 17.5 वां हिस्सा निवास करता है।

2 भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

3 भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभी पहलकदमियों में भाग लिया है।

4 संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति बहाल करने के प्रयासों में भारत लंबे समय से ठोस भूमिका निभाता आ रहा है।

5 इसके अतिरिक्त भारत अंतर्राष्ट्रीय पटल पर तेजी से उभरती आर्थिक शाक्ति है ।

6 भारत ने संयुक्त राष्ट्र के बजट में नियमित रूप से अपना योगदान दिया है एवं कभी भी अपने भुगतान से चुका नहीं है।

17. **सुरक्षा परिषद के लिए चार आवश्यक मानदण्ड बताइए जो उसकी सदस्यता के लिए आवश्यक हो।**

**उत्तरः-** सुरक्षा परिषद के सदस्य बनने के निम्न मानदण्ड सुझाए गये हैं-

1 बड़ी आर्थिक और सैन्य ताकत होना।

2 संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में ऐसे देश का योगदान ज्यादा हो।

3 आबादी के लिहाज से बड़ा राष्ट्र हो।

4 ऐसा देश जो लोकतंत्र और मानवाधिकारों का सम्मान करता हो।

18. **अंतर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता को समझाईऐ।**

**उत्तरः-** अंतर्राष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता के निम्न कारण हैं-

1 समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान हेतु

2 ये संगठन सहयोग के उपाय जुटाने में सहायक होते हैं

3 ये संगठन नियमों तथा नौकरशाही की रूपरेखा तैयार करते हैं

4 ये शांति और प्रगति के प्रति मानवता की आशा का प्रतीक होते हैं।

19. **संयुक्त राष्ट्र को सशक्त बनाने हेतु उठाये गये कदम बताइए।**

**उत्तरः-** संयुक्त राष्ट्र को सशक्त बनाने हेतु निम्न कदम उठाये गये है-

1 एक शांति संस्थापक आयोग का गठन किया गया है।

2 यदि कोई राष्ट्र अपने नागरिकों को अत्याचार से बचाने में असफल हो जाए तो विश्व बिरादरी इसका उत्तरदायित्तव ले इस बात की स्वीकृति।

3 मानवाधिकार परिषद की स्थापना।

4 सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्य को प्राप्त करने की सहमति।

5 हर प्रकार के आंतकवाद की निंदा करना।

6 एक लोकतंत्र कोष का गठन।

20. **एक ध्रुवीय विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की क्या भूमिका है? व्याख्या कीजिए**

**उत्तरः-** एक ध्रुवीय विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका को निम्न रूप में स्पष्ट किया जा सकता है-

1 संयुक्त राष्ट्र संघ अमरीका और शेष विश्व के बीच विभिन्न मुद्दों पर बातचीत कायम कर सकता है।

2 झगड़ों और सामाजिक-आर्थिक विकास के मुद्दे पर 190 से अधिक देशों को एक किया जा सकता है।

3 शेष विश्व संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच के माध्यम से अमरीकी रवैये और नीतियों पर कुछ न कुछ अंकुश लगा सकता है।

शेखावाटी मिशन - 100

4 आज विभिन्न समाजों और मुद्दों के बीच आपसी तार जुड़ते जा रहे हैं। आने वाले दिनों में पारस्परिक निर्भरता बढ़ती जायेगी इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका भी निरंतर बढ़ेगी।

**21. संयुक्त राष्ट्र संघ की मुख्य शाखाओं और एजेंसीयों का सुमेल उनके कार्यो के साथ कीजिए।**

**उत्तरः-** 1 आर्थिक एवं सामाजिक परिषद- सदस्य देशों के आर्थिक सामाजिक कल्याण की चिंता

2 अंतर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेंसी-परमाणु प्रौद्योगिकी का शांतिपूर्ण उपयोग व सुरक्षा

3 अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष- वैश्विक वित्त व्यवस्था की देखरेख

4 सुरक्षा परिषद-अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा का संरक्षण

5 विश्व स्वास्थ्य संगठन-सबके लिए स्वास्थ्य

6 विश्व व्यापार संगठन-सदस्य देशों के बीच मुक्त व्यापार की राह आसान बनाना।

**22. क्या आप इस बात से सहमत हैं कि संयुक्त राष्ट्र जैसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन पूरे विश्व के लिए अपरिहार्य है? अपने उत्तर के पक्ष में चार कारण स्पष्ट कीजिए**

**उत्तरः-** संयुक्त राष्ट्र संघ एक अपरिहार्य संगठन है जिसे निम्न कारणों से समझा जा सकता है-

1 संयुक्त राष्ट्र संघ ही वो माध्यम है जिसके द्वारा अमेरिका जो कि एक महाशक्ति है और बाकी विश्व के देशों को विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्रित किया जा सकता है।

2 संयुक्त राष्ट्र संघ ने संघर्ष और आर्थिक विकास से निपटने के लिए देशों को एकसाथ लाने का कार्य किया है।

3 संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरीका के अलावा बाकी देशों की बातचीत करने का मंच प्रदान करता है जहाँ अमरीकी दृष्टिकोण और नीतियों को संशोधित करना संभव है।

4 वैश्वीकरण के इस आधुनिक दुनिया में संयुक्त राष्ट्र संघ में कमियों के बावजजूद इसका अस्तित्व आवश्यक है। आज विभिन्न समाजों और मसलों के बीच तार जुड़ते जा रहे हैं। इसे पारस्परिक निर्भरता का नाम दिया गया है। प्रौद्योगिकी यह सिद्ध कर रही है कि आने वाले समय में विश्व में पारस्परिक निर्भरता बढती जाएगी ऐसी स्थिति में संयुक्त राष्ट्र संघ उन तरीकों को खोजने में मददगार होगा जो अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के हितों के अनुरूप होगा।

शेखावाटी मिशन - 100



# अध्याय - 5
## समकालीन विश्व में सुरक्षा
अंक भार - (1+4=5)

वस्तुनिष्ठ (1*1)

1. वैश्विक ताप वृद्धि से अगर समुन्द्र तल का जल स्तर दो मीटर ऊँचा उठता है तो कौनसा देश सागर में समा जाएगा।
(1) मालदीव (2) बांग्लादेश (3) थाइलैण्ड (4) भारत (1)

2. विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या कौनसे देश में है–
(1) चीन (2) अमेरिका (3) रूस (4) भारत (1)

3. चीन ने भारत पर हमला कब किया था?
(1) 1971 (2) 1962 (3) 1965 (4) 1999 (2)

4. मुख्यतया सुरक्षा की अवधारणा को कितने भागों में बांटा जाता है?
(1) चार (2) तीन (3) एक (4) दो (4)

5. 1990 के दशक में ब्रिटेन में निम्न में से किस महामारी के कारण अरबों डॉलर का नुकसान हुआ था?
(1) ग्लोबल वायरस (2) हैजा (3) मैड–काऊ (4) एबोला (3)

6. आंतकवादियों ने अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 'आंतकवादी हमला' कब किया?
(1) 11 सितम्बर, 2001 (2) 11 नवम्बर, 2011
(3) 01 सितम्बर, 2001 (4) 11 सितम्बर, 2011 (1)

7. विश्व में सर्वाधिक सशस्त्र संघर्ष कहाँ होते है?
(1) कुवैत में (2) उत्तरी गोलार्द्ध के देशों में
(3) अफ्रीका के सहारा मरूस्थल के दक्षिणवर्ती देशों में (4) इण्डोनेशिया (3)

8. तुत्सी और हुतु जनजाति का संबंध किस देश से है?
(1) कैन्या (2) रवांडा (3) दक्षिण अफ्रिका (4) जिम्बाबे (2)

9. निम्न में से परम्परागत सुरक्षा नीति का तत्व है–
(1) शक्ति संतुलन (2) गठबंधन बनाना (3) अपरोध (4) उपर्युक्त सभी (4)

10. निम्न में से कौनसी बीमारी अफ्रिका महाद्वीप को गरीब बनाने में एक महत्वपूर्ण घटक रही है–
(1) H.I.V. एड्स (2) बर्ड फ्लू (3) कोविड–19 (4) मलेरिया (1)

11. सुरक्षा नीति का संबंध युद्ध की आंशका को रोकने में होता है, जिसे कहाँ जाता है?
(1) आत्म समर्पण करना (2) हमलावर को पराजित करना
(3) अपरोध (4) शक्ति सन्तुलन (3)

14. 1950 के दशक में (द्वितीय विश्व युद्ध के बाद) पड़ौसी देशों से युद्ध और आंतरिक संघर्ष निम्न में किन देशों के सामने सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती थी?
(1) USA सहयोगी NATO सदस्य देशों के साथ (2) USSR समर्थित देशों के साथ
(3) नवस्वतंत्र देशों (तीसरी दुनिया) के सामने (4) उपरोक्त में से कोई नहीं (3)

12. वर्ष 1972 की एंटी बैलेस्टिक मिसाइल संधि (एबीएम) किन दो राष्ट्रों के मध्य हुई?
(1) भारत–पाकिस्तान (2) इंग्लैण्ड–फ्रांस
(3) संयुक्त राज्य अमेरिका–सोवियत संघ (4) संयुक्त राज्य अमेरिका–चीन (3)

13. भारत ने परमाणु परीक्षण किये?
(1) 1974 व 1998 (2) 1975 व 1998 (3) 1998 व 1976 (4) 1974 व 1997 (1)

14. निम्नलिखित में से कौनसी तकनीक शक्ति–सन्तुलन की नहीं है–
(1) सैन्य शक्ति बढ़ाना (2) बफर राज्यों का निर्माण
(3) आर्थिक और प्रौद्योगिकी ताकत बढ़ाना (4) सैन्य गठबंधन करना। (2)

शेखावाटी मिशन - 100

15. **निम्न में से कौनसा परम्परागत सुरक्षा नीति का तत्व है–**
(1) शक्ति–संतुलन (2) गठबंधन बनाना (3) अपरोध (4) उपरोक्त सभी (4)

16. **1950 के दशक में वियतनाम समस्या से झुझने वाला देश कौनसा था?**
(1) ब्रिटेन (2) संयुक्त राज्य अमेरिका (3) फ्रांस (4) सोवियत संघ (3)

17. **निम्न में से सैन्य शक्ति का आधार क्या है?**
(1) सामाजिक और प्रौद्योगिकी (2) आर्थिक और राजनीतिक
(3) आर्थिक और प्रौद्योगिकी (4) राजनीतिक और प्रौद्योगिकी (3)

18. **विश्वव्यापी खतरे है–**
(1) वैश्विक ताप वृद्धि (2) अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद (3) महामारियों (4) उपरोक्त सभी (4)

19. **मानव अधिकारों को कितनी कौटियों (श्रेणीयों) में रखा गया है?**
(1) तीन (2) दो (3) चार (4) पाँच (1)

20. **जिस सुरक्षा नीति में कई देश शामिल होकर सैन्य हमले रोकने अथवा उससे रक्षा करने के लिए समवेत कदम उठाते है, उसे कहाँ जाता है?**
(1) अपरोध की नीति (2) गठबंधन की नीति
(3) शक्ति–सन्तुलन की नीति (4) उपरोक्त में से कोई नहीं (2)

21. **निम्न में से किस प्रक्रिया में सैन्य टकराव और प्रतिद्वन्द्विता वाले देश सूचनाओं तथा विचारों के नियमित आदान–प्रदान का फैसला करते है–**
(1) न्याय युद्ध (2) निःशस्त्रीकरण (3) अस्त्र नियंत्रण (4) विश्वास बहाली (4)

22. **सुरक्षा का बुनियादी अर्थ है–**
(1) खतरा (2) खतरे से आजादी (3) युद्ध (4) इनमें से कोई नहीं (2)

23. **परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) कब हुई थी?**
(1) 1978 (2) 1968 (3) 1972 (4) 1992 (2)

24. **सुरक्षा की किस धारणा को मानवता की सुरक्षा'' अथवा ''विश्व सुरक्षा'' कहाँ जाता है?**
(1) परम्परागत धारणा (2) अपरम्परागत धारणा
(3) परम्परागत व अपरम्परागत दोनों धारणा (4) उपरोक्त में से कोई नही (2)

25. **'व्यक्तियों और समुदायों को अंदरूनी खून खराबा से बचाना है।' मानवता की सुरक्षा के सन्दर्भ में उक्त कथन यूएनओ के किस महासचिव का है?**
(1) ऐटोनियो गुटेरश (2) कोफी अन्नान (3) डेग हेमरशॉल्ड (4) यू थांट (2)

26. **भारत ने क्योटो प्रोटोकॉल पर कब हस्ताक्षर किए?**
(1) सन् 2000 में (2) सन् 2001 में (3) सन् 2002 में (4) सन् 1997 में (3)

27. **भारत सहित कितने देशों ने 1997 के क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए–**
(1) 125 देश (2) 160 देश (3) 150 देश (4) 117 देश (2)

28. **एच.आई.वी. एड्स के सर्वाधिक रोगी किस महाद्वीप में मिलते है?**
(1) एशिया (2) यूरोप (3) अफ्रीका (4) लैटिन अमेरिका (3)

29. **क्योटो प्रोटोकॉल कब लागू हुआ?**
(1) 2002 (2) 1997 (3) 2005 (4) 1992 (3)

30. **संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकारों की घोषणा कब की गई थी?**
(1) 24 अक्टूबर 1945 (2) 01 जनवरी 1995 (3) 12 अक्टूबर 1993 (4) 10 दिसम्बर 1948 (4)

31. **2020 में कौनसी महामारी ने दुनिया में भयंकर तबाही मचाई थी?**
(1) एच आई वी एड्स (2) सार्स (3) डेंगू बुखार (4) कोविड–19 (करोना) (4)

32. **ओसामा बिन लादेन के नेतृत्व में अल कायदा नामक समूह के आंतकवादियों ने 11 सितम्बर 2001 को कौनसे देश पर आतंकवादी हमला किया–**
(1) ब्रिटेन (2) फ्रांस (3) अमेरिका (4) ब्राजील (3)

शेखावाटी मिशन - 100

**33. सुरक्षा की पारम्परिक धारणा में किसी देश के लिए सबसे बड़ा खतरा किसे माना जाता है?**
**उत्तरः-** सैन्य खतरे को।
**34. सुरक्षा की पारम्परिक धारणा में सुरक्षा का अर्थ किससे संबंधित है?**
**उत्तरः-** राष्ट्रीय सुरक्षा
**35. शक्ति सन्तुलन किस आधार पर कायम किया जाता है?**
**उत्तरः-** सैन्य शक्ति बढ़ाकर तथा आर्थिक और प्रौद्योगिकी ताकत बढ़ाकर भी कायम किया जा सकता है।
36. **नाटो सैन्य गठबन्धन का गठन कब और किसने किया था?**
**उत्तरः-** अप्रैल 1949 में पूंजीवादी अमेरिका ने।
37. **जैविक हथियार संधि (BWC) कब और कितने देशों के बीच हुई?**
**उत्तरः-** 1972 में 155 से अधिक देशों के बीच।
**38. रासायनिक हथियार संधि (CWC) कब और कितने देशों के बीच हुई?**
**उत्तरः-** 1992 में 181 से अधिक देशों के बीच।
**39. एंटी बैलेस्टिक मिसाइल संधि (ABM) कब और कौनसे देशों के बीच हुई?**
**उत्तरः-** 1972 में अमेरिका और सोवियत संघ के बीच
**40. परमाणु अप्रसार संधि (NPT) कब हुई?**
**उत्तरः-** 1968 में
**41. संयुक्त राष्ट्र संघ ने मानवाधिकारों की कितनी और कौनसी कोटियां निर्धारित की है?**
**उत्तरः-** तीन कोटियां निर्धारित की है—(1) राजनीतिक अधिकार (2) आर्थिक और सामाजिक अधिकार (3) मूलवासी व अल्पसंख्यकों के अधिकार
**42. सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा के दो पक्ष कौनसे है?**
**उत्तरः-** (1) मानवता की सुरक्षा (2) विश्व सुरक्षा
**43. विश्व की 50 प्रतिशत आबादी कौनसे 6 देशों में निवास करती है?**
**उत्तरः-** चीन, भारत, पाकिस्तान, नाइजीरिया, बांग्लादेश और इण्डोनेशिया में
**44. अप्रवासी से आप क्या समझते है?**
**उत्तरः-** वे नागरिक जो अपनी मर्जी से स्वदेश छोड़कर दूसरे देश में चले जाते है, अप्रवासी कहलाते है।
**45. 1990 के दशक में ब्रिटेन में कौनसी पशु महामारी फैली थी?**
**उत्तरः-** मैड—काऊ
**46. शणार्थियों से आप क्या समझते है?**
**उत्तरः-** वे नागरिक जो युद्ध, प्राकृतिक आपदा अथवा राजनीतिक उत्पीड़न के कारण स्वदेश छोड़ने को मजबूर हो जाते है, शरणार्थी कहलाते है।
**47. अपारम्परिक खतरों से कैसे बचा जा सकता है?**
**उत्तरः-** परस्पर आपसी सहयोग से।
**48. भारत के सामने कौनसे खतरे मौजूद है?**
**उत्तरः-** पारम्परिक खतरे और अपारम्परिक खतरे।
**49. दुनिया में सर्वाधिक HIV एड्स से पीड़ित लोग कौनसे महाद्वीप और देश में है?**
**उत्तरः-** अफ्रीका महाद्वीप में बोस्तवाना देश में।
**50. आंतकवाद सुरक्षा की कौनसी श्रेणी में आता है?**
**उत्तरः-** आतंकवाद सुरक्षा की अपरम्परागत श्रेणी में आता है।
**51. 1994 में रवांडा में कौन—कौनसी जनजातियों के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था?**
**उत्तरः-** तुत्सी जनजाति और हुतु जनजाति के बीच।
**52. सुरक्षा की दो धारणाएं कौनसी है?**
**उत्तरः-** पारम्परिक धारणा और अपारम्परिक धारणा।

शेखावाटी मिशन - 100

**53. पारम्परिक (परम्परागत) सुरक्षा की धारणा के अन्तर्गत ''अपरोध'' का क्या अभिप्राय है?**

**उत्तरः-** ''अपरोध'' से आशय है कि युद्ध की आशंका को रोकना।

**54. निःशस्त्रीकरण से क्या आशय है?**

**उत्तरः-** निःशस्त्रीकरण से अभिप्राय हथियारों का निर्माण या उनको हासिल करने पर अंकुश लगाना।

**55. ग्लोबल वार्मिग से आप क्या समझते है?**

**उत्तरः-** विश्व के तापमान में लगातार हो रही वृद्धि, ग्लोबल वार्मिग को दर्शाती है।

**56. वर्तमान परिदृश्य में नवीन महामारियाँ कौनसी है?**

**उत्तरः-** कोविड–19, एबोला वायरस, हैन्टावायरस और हेपेटाइटिस–बी।

**57. पाकिस्तान ने भारत पर हमले कब–कब किये?**

**उत्तरः-** 1947–48, 1965, 1971 व 1999 में।

निबन्धात्मक **(1*4)**

1. **सुरक्षा से आप क्या समझते है? सुरक्षा की पारम्परिक और अपारम्परिक अवधारणाओं को समझाइए?**

**अथवा**

**सुरक्षा का बुनियादी अर्थ क्या है? इसकी परम्परागत अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**सुरक्षा का अर्थ क्या है? इसकी अपरम्परागत अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खतरो के नये स्त्रोत कौन–कौन से हो सकते है? वर्तमान सन्दर्भो को सम्मिलित करते हुए वर्णन कीजिए।**

**उत्तरः-** सुरक्षा का बुनियादी अर्थ है कि ''खतरे से आजादी'' है। ताकि मनुष्य अपना जीवन निर्वाह शांतिपूर्वक कर सके।

**सुरक्षा की धारणाऐं**

- परम्परागत (पारम्परिक) धारणा
  - बाह्य सुरक्षा (दूसरे देशों के सैन्य हमले से उसके केन्द्रीय मुल्यों पर खतरा)
    - जनसंहार
    - सैन्य हमला
    - सैन्य खतरे को किसी देश के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक माना जाता है।
    - युद्ध की स्थिति में सरकार के पास उपलब्ध विकल्प –
      - (I) शक्ति संतुलन
      - (II) गठबंधन बनाना
      - (III) अपरोध
      - (IV) रक्षा
  - आंतरिक सुरक्षा (अपने ही देश के लोगों से खतरा)
    - कानून व्यवस्था
    - अलगाववाद
    - गृहयुद्ध
- अपरम्परागत (अपारम्परिक) धारणा (विश्व के लोगो की सुरक्षा)
  - मानवता की सुरक्षा
    - भूख
    - महामारी
    - प्राकृतिक आपदा
  - विश्व की सुरक्षा (नवीन चुनौतियाँ)
    - आतंकवाद
    - बीमारियां
    - जलवायु संकट से सुरक्षा

शेखावाटी मिशन - 100

<u>सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा में सुरक्षा के प्रमुख खतरे / सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा में खतरे के नये स्त्रोत</u> :– इस धारणा में सिर्फ देश ही नहीं बल्कि व्यक्तियों समुदायों तथा सम्पूर्ण मानवता पर जोर दिया जाता है इसके दो पक्ष हैः–

(I) मानवता की रक्षा (II) विश्व सुरक्षा

अपांरम्परिक खतरें :–

(1) आतंकवाद :– आतंकवाद से तात्पर्य वर्तमान परिदृश्य में विश्व के कई देशों द्वारा प्रायोजित आतंकवाद। इसका सामान्य अर्थ खून–खराबा जो नागरिको को जान बूझकर, अंधा–धूंध निशाना बनाता है। ये विमान अपहरण करना, भीड़–भाड़ वाली जगह बम विस्फोट करना इत्यादि गतिविधियों को अंजाम देते है।

(2) मानवाधिकार :– इसकी तीन कोटि या प्रकार हैः–

(क) राजनीतिक अधिकार

(ख) आर्थिक व सामाजिक अधिकार

(ग) उपनिवेशित लोगों को व अल्पसंख्यकों को अधिकार

वैश्विक गरीबी व असमानता :–

प्रतिव्यक्ति आय व जनसंख्या में भिन्नता विश्व में आर्थिक असमानता लाते है।

अमीर देश ओर अमीर व गरीब देश ओर गरीब हो रहे है।

उत्तरी गौलार्द्ध में अधिक अमीर देश है जबकि दक्षिणी गौलार्द्ध में अधिक गरीब देश हैं।

दक्षिण गोलार्द्ध के लोग प्रवास करके उत्तरी गोलार्द्ध की ओर पलायन कर रहे है।

अप्रवासी :– जो लोग मर्जी से देश छोड़कर दूसरे देश में चले जाते है।

शरणार्थी :– जो लोग युद्ध, आपदा तथा राजनैतिक उत्पीड़न के कारण देश छोड़ने को मजबूर होते है तथा दूसरे देशों में शरण लेते है।

आंतरिक रूप से विस्थापित :– जो लोग देश की सीमा के भीतर अपना घर–बार छोड़ चूके है। जैसे – भारत में कश्मीर पण्डित।

(4) महामारियाँ :– यह अप्रवास, व्यवसाय, पर्यटन व सैन्य अभियानों से तेजी से फैल रही है।

पुरानी महामारियाँ :– एच.आई.वी. एड्स, बर्ड फ्लू, सार्स, टी.बी. मेलेरिया, हैजा , डेंगू बुखार।

नवीन महामारियाँ :– कोविड–19 (करोना), एबोला वायरस, हेण्टा वायरस, हेपेटाइट्स–सी इत्यादि।

**2. सुरक्षा की पारम्परिक धारणा से आप क्या समझते है? सुरक्षा की पारम्परिक धारणा के अनुसार बताइए कि युद्ध की स्थिति में किसी देश या सरकार के सामने क्या विकल्प होते है?**

**उत्तरः-** सुरक्षा की पारम्परिक धारणा में सुरक्षा का अर्थ राष्ट्रीय सुरक्षा से लिया जाता है। इस धारणा में सैन्य खतरे को किसी देश के लिए सबसे ज्यादा खतरनाक माना जाता है। इस खतरे में कोई दूसरा देश सैन्य हमले की धमकी देकर सम्प्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखण्डता जैसे केन्द्रिय मूल्यों के लिए खतरा पैदा करता है। सुरक्षा की इस धारणा में युद्ध के साथ–साथ आन्तरिक अशांति (गृह युद्ध) से भी खतरा उत्पन्न होता है। इस प्रकार के खतरो से अधिकतर विकासशील और गरीब देश पीड़ित होते है।

युद्ध की स्थिति में किसी देश या सरकार के सामने निम्न विकल्प होते है–

(1) आत्म समर्पण करना तथा दूसरे पक्ष की बात को बिना युद्ध किए मान लेना।

(2) युद्ध से होने वाले विनाश को इस हद तक बढ़ाने के संकेत देना कि दूसरा पक्ष सहम कर हमला करने से बाज आए।

(3) अपनी रक्षा करना अर्थात् हमलावर देश को पराजित कर देना।

**3. भारत की सुरक्षा रणनीतियों से आप क्या समझते है? विस्तार से वर्णन कीजिए।**

**अथवा**

**भारत की सुरक्षा नीति के प्रमुख घटकों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तरः-** भारत की सुरक्षा नीति के चार बड़े घटक हैः–

(1) सैन्य क्षमता को मजबूत करना :– भारत को स्वतंत्रता के साथ ही पड़ौसी देशों के साथ हमलों का सामला करना पड़ा है जैसेः– 1947–48, 1965, 1971 व 1999 पाकिस्तान तथा 1962 में चीन के साथ युद्ध। भारत ने इन चनौतियाँ का सामना करने तथा अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत करने के लिए व में



शेखावाटी मिशन - 100

परमाणु परीक्षण के औचित्य को राष्ट्रीय सुरक्षा का तर्क दिया है।

(2) अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं को मजबूत करना :– अपने सुरक्षा हितों को मजबूत करने के लिए भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की मजबूती के लिए बेहतर प्रयास किये है। जैसे :– संयुक्त राष्ट्र संघ शांति बहाली के मिशनों में सेना भेजना, गुटनिरपेक्षता आन्दोलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका, निःशस्त्रीकरण व नव अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था तथा 1997 के क्योटो प्रोटोकोल पर हस्ताक्षर करना इत्यादि।

(3) अन्दरूनी सुरक्षा को मजबूत करना :– देश की आंतरिक सुरक्षा समस्याओं से निपटना प्राथमिकता रही है क्योंकि भारत के सामने नागालैण्ड, मिजोरम, पंजाब और कश्मीर जैसे क्षेत्रों से समस्याये निरन्तर बनी रही है लेकिन इन समस्याओं से निपटने के लिए लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था का पालन किया है।

(4) आर्थिक विकास करना :– भारत में अर्थव्यवस्था को इस तरह विकसित करने के प्रयास किए गए है कि बहुसंख्यक नागरिकों के बीच आर्थिक असमानता ज्यादा न हो। इसके लिए बेहतर प्रयास किये है।

4. **निशस्त्रीकरण और अस्त्र नियंत्रण के बारे में बताइए।**

**उत्तरः-** **निशस्त्रीकरण** :– निशस्त्रीकरण का सामान्य अर्थ होता है ''हथियारों के निर्माण पर रोक'' अर्थात् जब विभिन्न देशों द्वारा कुछ विशेष प्रकार के हथियारों के निर्माण और प्रयोग पर रोक लगाई जाती है तो इसे निशस्त्रीकरण के नाम से जाना जाता है। निशस्त्रीकरण से संबंधित कुछ प्रमुख संधियाँ:–

(1) जैविक हथियार संधि (BWC) (2) रासायनिक हथियार संधि (CWC)

**अस्त्र नियंत्रण** :– अस्त्र नियंत्रण के द्वारा कुछ विशेष देशों द्वारा कुछ विशेष प्रकार के हथियारों पर प्रतिबंध लगाया जाता है या उनके प्रयोग और निर्माण से संबंधित कुछ कानून कायदो का पालन करना पड़ता है। शीतयुद्ध के दौरान अमेरिका और सोवियत संघ ने अस्त्र नियंत्रण अपनाया था। अस्त्र नियंत्रण से संबंधित प्रमुख संधियां :–

(1) एंटी बैलेस्टिक मिसाइल संधि (ABM) (2) परमाणु अप्रसार संधि (NPT)

5. **सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा से आप क्या समझते है? सुरक्षा की पारम्परिक व अपारम्परिक धारणा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तरः-** सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा के अनुसार मानव समुदाय को खतरा युद्ध और आन्तरिक अशांति से ही नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार की महामारियों, पर्यावरणीय समस्याओं, गरीबी, आतंकवाद, मानवाधिकारों के हनन तथा विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से है। इन खतरों से कोई एक देश नहीं बल्कि पूरी मानवता प्रभावित है।

**सुरक्षा की पारम्परिक व अपारम्परिक धारणा में अन्तर :–**

1. पारंपरिक सुरक्षा सैन्य उपयोग के खतरे से संबंधित है। जबकि अपारम्परिक सुरक्षा सैन्य खतरो से पृथक है, इसमें वे खतरे शामिल है जो मानव अस्तित्व को खतरे में डालते है।

2. इस सुरक्षा के लिए पारम्परिक खतरे की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखण्डता के मुख्य मूल्यों खतरे में डालते है। जबकि गैर पारम्परिक सुरक्षा राज्य की तुलना में मानव को खतरे में डालती है।

3. पारम्परिक अवधारणा के तहत सैन्य बल पर जोर दिया जाता है, जबकि अपारम्परिक सुरक्षा में सैन्य बल का उपयोग अंतिम उपाय के रूप में किया जाता है।

शेखावाटी मिशन - 100



# अध्याय - 6
# पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधन
अंक भार - (2+3=5)

लुघत्तरात्मक (1*2)

1. **1972 में 'क्लब ऑव रोम' ने कौनसी पुस्तक प्रकाशित की?**

**उत्तरः-** लिमिट्स टू ग्रोथ

2. **प्रथम पृथ्वी सम्मेलन कब व कहाँ हुआ था?**

**उत्तरः-** जून 1992 में ब्राजील के शहर रियो–डी–जेनेरियो में।

3. **अवर कॉमन फ्यूचर' रिर्पोट कब छपी थी?**

**उत्तरः-** सन् 1987 में

4. **वैश्विक संपदा या मानवता की साझी विरासत के उदाहरण बताइए।**

**उत्तरः-** पृथ्वी का वायुमण्डल, अंटार्कटिका, अतंरिक्ष व समुन्द्र

5. **क्योटो–प्रोटोकॉल कब व कहाँ हुआ था?**

**उत्तरः-** दिसम्बर 1997 में जापान के शहर क्योटो में।

6. **वैश्विक ताप वृद्धि के लिए कौनसी गैसों को उत्तरदायी ठहराया जाता है?**

**उत्तरः-** कार्बन डाइ आक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$) व क्लोरो–फ्लोरो कार्बन।

7. **ओजोन परत (गैस) के क्षरण के लिए कौनसी गैस को उत्तरदायी माना जाता है?**

**उत्तरः-** क्लोरो–फ्लोरो कार्बन

8. **क्योटो–प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से कौनसे देशों को अलग रखा गया है?**

**उत्तरः-** चीन, भारत जैसे विकासशील देशों को।

9. **भारत ने क्योटो–प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर कब किये थे?**

**उत्तरः-** सन् 2002 में

10. **फिलीपिंस के लोगों ने कौनसी आस्ट्रेलियाई बहुराष्ट्रीय कम्पनी का विरोध किया?**

**उत्तरः-** वेस्टर्न माइनिंग कॉरपोरेशन

11. **विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश कौनसा है?**

**उत्तरः-** सऊदी अरब

12. **विश्व राजनीति के विद्वानों के अनुसार आने वाले समय में जो युद्ध लड़ा जाएगा वह क्या कहलाएगा?**

**उत्तरः-** जल युद्ध

13. **भारत में मूलवासियों के लिए कौनसे शब्द का प्रयोग किया जाता है?**

**उत्तरः-** अनुसुचित जनजाति या आदिवासी (यह कुल जनसंख्या का 8 प्रतिशत है।)

14. **संयुक्त राष्ट्र संघ ने मूलवासियों की परिभाषा कब दी?**

**उत्तरः-** 1982 में

15. **पृथ्वी पर कौनसे उद्योग को सबसे ताकतवर माना जाता है?**

**उत्तरः-** खनिज उद्योग को।

16. **एजेण्डा–21 की आलोचना किस आधार पर की जाती है?**

**उत्तरः-** इसका झुकाव पर्यावरण संरक्षण की बजाय आर्थिक वृद्धि की ओर ज्यादा है।

17. **रियो सम्मेलन में कितने देशों ने भाग लिया था?**

**उत्तरः-** 170 देशों ने।

18. **भारत में नर्मदा बचाओ आन्दोलन कौनसे बांध के विरोध में चला था?**

**उत्तरः-** गुजरात में नर्मदा नदी पर बनाये जा रहे सरदार सरोवर बांध के खिलाफ।

19. **आस्ट्रेलिया में कौनसी नदी पर बनने वाले बांध का विरोध किया गया?**

**उत्तरः-** फ्रैंकलिन नदी।

शेखावाटी मिशन - 100

**20. आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के ओसियाना क्षेत्र में कौनसे वंश के मूलवासी रहते है?**
उत्तर:- पॉलिनेशिया, मैलनेशिया और माइक्रोनेशिया वंश के।

**21. वर्ल्ड काउंसिल ऑफ इडिजिनस पीपल का गठन कब हुआ था?**
उत्तर:- 1975 में।

**22. भारत में 'बंगाल–टाइगर' को बचाने की मुहिम क्यों चल रही है?**
उत्तर:- क्योंकि इसकी संख्या लुप्त होने की कगार पर है।

**23. भारत के पावन वन प्रांतर या देवस्थान को राजस्थान में किस नाम से जाना जाता है?**
उत्तर:- राजस्थान में वानी, केंकड़ी और ओरान के नाम से जाना जाता है।

**24. वर्तमान में विश्व के स्वच्छ जल का 70 प्रतिशत हिस्सा कौनसे महादेश में है?**
उत्तर:- अंटार्कटिका महादेश में।

**25. अंटार्कटिका महाद्वीप में कौनसी मछली पायी जाती है?**
उत्तर:- क्रिल मछली।

**26. ओजोन परत में छेद होने से आप क्या समझते है?**
उत्तर:- धरती के ऊपरी वायुमण्डल में ओजोन गैस की मात्रा में लगातार कमी हो रही है। इसे ओजोन परत में छेद होना कहते है।

**27. संयुक्त राष्ट्र संघ ने मूलवासियों की क्या परिभाषा दी है?**
उत्तर:- संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1982 में मूलवासियों की परिभाषा देते हुए इन्हें ऐसे लोगों का वंशज बताया जो बहुत लम्बे समय से किसी क्षेत्र विशेष पर रह रहे हों तथा जिनकी संस्कृति व सभ्यता विशिष्ट हो।

**28. भारत में किस पॉलिसी के अन्तर्गत 'स्वच्छतर ईधन अनिवार्य किया गया है?**
उत्तर:- नेशनल ऑटो फ्यूल पॉलिसी।

**29. यू.एन.ई.पी. क्या है?**
उत्तर:- यू.एन.ई.पी. संयुक्त राष्ट्र संघ की पर्यावरण कार्यक्रम से संबंद्ध एक अन्तीर्राष्ट्रीय संस्था है। इसका पूरा नाम – यूनाइटेड नेशन्स एनवायरमेन्ट प्रोग्राम (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम) है।

**30. संयुक्त राष्ट्र संघ ने सर्वप्रथम किस परिषद को परामर्शदात्री परिषद का दर्जा दिया?**
उत्तर:- वर्ल्ड काउंसिल ऑफ इंडिजिनस पीपल को।

**31. संयुक्त राष्ट्र संघ की मानव विकास रिपोर्ट (2016) के अनुसार विकासशील देशों की कितने करोड़ जनता को स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं है?**
उत्तर:- 66.3 करोड़

**32. विश्व के निर्जन क्षेत्र का कितने प्रतिशत हिस्सा अंटार्कटिका महाद्वीप के अन्तर्गत आता है?**
उत्तर:- 26 प्रतिशत

**33. पर्यावरण संरक्षण के कोई दो उपाय बताईए?**
उत्तर:- (1) निरन्तर बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण (2) वनों की कटाई पर कठोर प्रतिबंध लगाना।

**34. ग्लोबल वार्मिंग के लिए उत्तरदायी माना जाता है?**
उत्तर:- ग्रीन हाऊस गैसों को।

**35. बाली सम्मेलन का आयोजन कब व कहाँ हुआ?**
उत्तर:- 2007, इण्डोनिशिया के बाली शहर में।

**36. ग्लोबल वार्मिंग क्या है?**
उत्तर:- पृथ्वी के तापमान में निरन्तर वृद्धि।

**37. विश्व राजनीति में पर्यावरण चिंता के कोई दो कारण लिखो।**
उत्तर:- (1) वायुमण्डल की ओजोन परत में छेद। (2) वैश्विक तापमान में हो रही वृद्धि।

**38. ग्लोबल वार्मिंग का दुष्प्रभाव क्या है?**
उत्तर:- तापमान वृद्धि से ग्लेशियर पिघल रहे हैं जिससे समुद्री जल स्तर बढ़ रहा है और तटीय क्षेत्रों पर जलमग्न होने का खतरा मंडरा रहा है।

शेखावाटी मिशन - 100

**39. 2009 में पृथ्वी सम्मेलन किस शहर में हुआ?**

**उत्तरः-** कॉनप हेगन में।

**40. प्राकृतिक संसाधन से क्या आश्य है?**

**उत्तरः-** प्रकृति प्रदत्त वे वस्तुएँ जो मानव जीवन के लिए उपयोगी व आवश्यक होती है।

**41. सतत् विकास का क्या अर्थ है?**

**उत्तरः-** निरन्तर जारी रहने वाला विकास।

**42. प्रवासन से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तरः-** किसी क्षेत्र के मूल निवासियों द्वारा अपने मूलस्थान को छोड़कर अन्यत्र बसने से है।

**43. अराल के आस–पास हजारों लोगों को अपना घर क्यों छोड़ना पड़ा?**

**उत्तरः-** (1) अराल के आस–पास पानी विषाक्त हो गया। जिससे वहाँ का मत्स्य उद्योग नष्ट हो गया।
(2) पानी में नमक की सांद्रता के ज्यादा बढ़ने से पैदावार कम हो गई।

**44. रियो सम्मेलन में किन के संबंध में नियमाचार निर्धारित हुए?**

**उत्तरः-** जलवायु परिवर्तन, जैवविविधता और वानिकी।

**45. 'वैश्विक संपदा' की सुरक्षा के सवाल पर होने वाले प्रमुख समझौते कौनसे है?**

**उत्तरः-** (1) अटार्कटिका संधि (2) मांट्रियल न्यायाचार (प्रोटोकॉल 1987)
(3) अटार्कटिका पर्यावरण न्यायाचार 1991

**46. विश्व की साझी विरासत की सुरक्षा के कोई दो उपाय बताइए।**

**उत्तरः-** 1. सीमित प्रयोग – विश्व की साझी विरासतों का सीमित प्रयोग किया जाना चाहिए।
2. जागरूकता पैदा करना – विश्व की साझी विरासतों के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करनी चाहिए।

**दीर्घलुघत्तरात्मक (1*3)**

**1. विश्व के प्रमुख मूलवासी और उनसे संबंधित देशों के नाम बताइए।**

**उत्तरः-** (क) फिलीपींस के कोरडिलेरा क्षेत्र में 20 लाख मूलवासी लोग रहते है।
(ख) चिले में मापुशे नामक मूलवासियों की संख्या 10 लाख है।
(ग) बांग्लादेश के चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में 6 लाख आदिवासी बसे है।
(घ) पनामा नहर के पूरब में कुना नामक मूलवासी 50 हजार की संख्या है।

**2. अराल सागर के आस–पास बसे हजारों लोगों को अपना घर–बार क्यों छोड़ना पड़ा?**

**उत्तरः-** अराल सागर के आस–पास बसे हजारों लोगों को अपना घर बार छोड़ना पड़ा क्योंकि पानी के विषाक्त होने से मत्स्य उद्योग नष्ट हो गया तथा जहाजरानी उद्योग और इससे जुड़े अन्य उद्योग भी समाप्त हो गए। पानी में नमक की सांद्रता के ज्यादा बढ़ जाने से कृषि पैदावार भी कम हो गई।

**3. प्रथम पृथ्वी सम्मेलन से आप क्या समझते है?**

**उत्तरः-** जून 1992 में संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर केन्द्रित एक सम्मेलन ब्राजील के रियो–डी–जेनेरियों में बुलाया, जिसमें 170 देशों ने, हजारों स्वंयसेवी संगठन तथा अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भाग लिया। इसे ही प्रथम पृथ्वी सम्मेलन या रियो सम्मेलन के नाम से जाना जाता है।

**4. साझी परन्तु अलग–अलग जिम्मेदारियों से आप क्या समझते है?**

**उत्तरः-** जून 1992 के पृथ्वी सम्मेलन में पर्यावरण संरक्षण के लिए साझी परन्तु अलग–अलग जिम्मेदारियाँ स्वीकर की गई जिसका अर्थ था कि जिस देश ने कार्बन उत्सर्जन और अन्य गतिविधियों से पर्यावरण को जितना नुकसान पहुँचाया है, वह देश उसी अनुपात में अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा।

**5. पर्यावरण संरक्षण पर भारत के विचार लिखिए।**

**उत्तरः-** पर्यावरण संरक्षण पर भारत के विचारहै कि पर्यावरण को ज्यादा नुकसान विकसित देशों के औद्योगिकरण और ग्रीन हाऊस गैसों ने पहुँचाया है, जबकि विकासशील देशों की कार्बन उत्सर्जन दर बहुत कम है अतः कार्बन उत्र्सजन दर में कमी करने की ज्यादा जिम्मेदारी विकसित देशों की है क्योंकि वो लम्बे समय से कार्बन उत्सर्जन कर रहे है।



शेखावाटी मिशन - 100

**6. क्योटो–प्रोटोकॉल से आप क्या समझते है?**

**उत्तरः-** दिसम्बर 1997 में जापान के शहर क्योटो में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से संबंधित एक अन्तर्राष्ट्रीय समझौता हुआ, जिसमें औद्योगिक देशों के लिए ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, इसे ही क्योटों–प्रोटोकॉल के नाम से जाना जाता है।

**5. एजेण्डा–21 क्या है? यह कब पारित हुआ?**

**उत्तरः-** रियो–डी–जेनेरियो सम्मेलन के 1992 के अवसर पर यह पारित हुआ। इस सम्मेलन में विकास के तौर –तरीके सुझाये गये। इस सम्मेलन में इस बात पर सहमति बनी कि आर्थिक वृद्धि का तरीका ऐसा होना चाहिए कि इससे पर्यावरण को नुकसान न पहुँचे। इसे टिकाऊ विकास का तरीका कहा गया।

**7. रियो सम्मेलन के परिणाम बताइए।**

**उत्तरः-** जून 1992 के रियो सम्मेलन के निम्नलिखित परिणाम निकलेः–

(1) इस सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, जैव–विविधता और वानिकी के संबंध में नियम निर्धारित किए गए।

(2) एजेण्डा–21 स्वीकार किया गया, जिसमें विकास के तौर तरीके सुझाये गये।

(3) साझी परन्तु अलग–अलग जिम्मेदारियों का सिद्धान्त स्वीकार किया गया।

(4) पर्यावरण से संबंधित मुद्दों को वैश्विक राजनीति के दायरे में लाया गया।

**8. मूलवासी कौन–कौन से अधिकारों की मांग उठा रहे है?**

**उत्तरः-** सम्पूर्ण विश्व में लगभग 30 करोड़ मूलवासी निवास करते है। जो निम्नलिखित अधिकारों की मांग कर रहे है–

(1) विस्थापित मूलवासियों को उचित पुनर्वास दिया जाये।

(2) मूलवासियों की सभ्यता व संस्कृति को संरक्षण प्रदान किया जाए।

(3) मूलवासियों को मूलवासी कौम के रूप में अपनी स्वतंत्र पहचान रखने वसलस समुदाय माना जाये।

(4) मूलवासियों को उचित रोजगार व निश्चित भूमि आवंटित की जाए।

**9. पर्यावरण संरक्षण पर उत्तरी व दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों के विचार लिखिए।**

**उत्तरः-** उत्तरी गोलार्द्ध के देशों के विचार :– उत्तरी गोलार्द्ध के अधिकतर विकसित देशों का मानना है कि पर्यावरण को नुकसान विश्व के सभी देशों ने पहुँचाया है, अतः विश्व के सभी देशों को पर्यावरण संरक्षण में बराबर का योगदान देना चाहिए।

दक्षिणी गोलार्द्ध के देशों के विचार :– दक्षिणी गोलार्द्ध के विकासशील और गरीब देशों का मानना है कि पर्यावरण को नुकसान विकसित देशों के औद्योगिकरण ने पहुँया है। अतः पर्यावरण संरक्षण का कार्य भी उन्हीं देशों को करना चाहिए।

**10. वैश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिंता के कारणों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तरः-** वैश्विक राजनीति में पर्यावरण की चिंता के प्रमुख कारण –

1. विश्व की कृषि योग्य भूमि में उर्वरता की कमी होना, चारागाहों का खत्म होना, मत्स्य भंडारों का कम होना तथा जलाशयों में प्रदुषण बढ़ने से खाद्य उत्पादन में कमी आना।

2. प्रदुषित पेयजल से 30 लाख से भी अधिक बच्चे प्रतिवर्ष मौत के शिकार हो रहे है।

3. वनों की अधांधुधं कटाई से जैव विविधता में कमी आ रही है। 4. वायुमण्डल में ओजोन गैस की परत में छेद होने से पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

**11. पर्यावरण के सन्दर्भ में हम मूलवासियों के अधिकारों की रक्षा किस प्रकार कर सकते है?**

**उत्तरः-** 1. मूलवासियों के प्राकृतिक आवास अर्थात् वन क्षेत्र को कुल भूमि क्षेत्र का 33.3 प्रतिशत बढ़ा दिया जाना चाहिए।

2. आदिवासियों को उनकी परम्परा में परिवर्तन किये बिना मूल रूप से राजनीतिक संरक्षण दिया जाए।

3. आदिवासियों को संगठित करके विश्व स्तर पर एक संघ बनाया जाये।

4. मूलवासियों को शिक्षा तथा स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन देकर मुख्यधारा से जुड़ने की उनमें स्वतः इच्छा जागृत करना।

शेखावाटी मिशन - 100

**12. रियो सम्मेलन के क्या परिणाम हुए? कोई दो बताइए।**

**उत्तर:-** 1. रियो सम्मेलन में यह सुनिशिख्त किया गया कि पर्यावरण के संरक्षण की समस्या बड़ी गंभीर और विश्वव्यापी है तथा इसका निदान तुरन्त करना आवश्यक है।

2. इसमें यह दृष्टिकोण स्वीकार किया गया कि पर्यावरण को सुरक्षित करने की जिम्मेदारी सभी देशों की सांझी है।

**13. 'साझी सम्पदा' से क्या अभिप्राय है? आप इस में किन क्षेत्रों को सम्मिलित करेगें?**

**उत्तर:-** कुछ क्षेत्र एक देश के क्षेत्राधिकार से बाहर होते है जैसे – पृथ्वी का वायुमण्डल, अंटार्कटिका, समुद्री सतह तथा बाहरी अंतरिक्ष इत्यादी। इस का प्रबंधन अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा साझे तौर पर किया जाता है। इन्हीं को विश्व की साझी विरासत या 'साझी संपदा' कहा जाता है।

**14. आजोन परत में छेद होने से पारिस्थितिकी तंत्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

**उत्तर:-** धरती के ऊपरी वायुमण्डल में ओजोन गैस की मात्रा में लगातार कमी हो रही है। इसे ओजोन परत में छेद होना कहते है। इस से पारिस्थितिकी तंत्र और मनुष्य के स्वास्थ्य पर एक वास्तविक खतरा मंडरा रहा है। इसके कारण विश्व तापमान में वृद्धि हो रही है और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव सामने आ रहे हैं।

**15. पर्यावरण आंदोलन को परिभाषित कीजिए?**

**उत्तर:-** पर्यावरण की हानि की चुनौतियों के मद्देनजर विश्व में विभिन्न भागों में पर्यावरण के प्रति सचेत कार्यकर्त्ताओं की सक्रियता ने तथा सामाजिक चेतना के दायरे में ही राजनीतिक कार्यवाही की नई सोच ने एक आंदोलन का रूप ले लिया है। इसी को पर्यावरण आंदोलन के नाम से जाना जाता है।

**16. सांझी परन्तु अलग–अलग जिम्मेदारी के नियमाचार को स्वीकार करने वाले देश किन बातों से सहमत थे?**

**उत्तर:-** 1. ऐतिहासिक रूप से और मौजूदा समय में भी ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन में सबसे ज्यादा हिस्सा विकसित देशों का है।

2. विकासशील देशों का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है।






शेखावाटी मिशन - 100

# अध्याय – 7
# वैश्वीकरण

अंक भार – (2+1+3=6)

**वस्तुनिष्ठ (2*1=2)**

**1. भारत में आर्थिक सुधारों की शुरूआत कब हुई?**
(1) 1991 (2) 1990 (3) 2001 (4)1995 (1)

**2. वर्ल्ड सोशल फोरम की पहली बैठक कब हुई?**
(1) 2004 (2) 2007 (3) 2001 (4) 2005 (3)

**3. यूरोपीय और अमेरिकी फर्मो ने कौनसे पेड़ को पेटेन्ट कराने का प्रयास किया।**
(1) खेजड़ी (2) नीम (3) पीपल (4) बरगद (2)

**4. नीली जीन्स की लोकप्रियता कौनसे देश का सांस्कृतिक प्रभाव दर्शाती है?**
(1) अमेरिका (2) जापान (3) भारत (4) सोवियत संघ (1)

**5. कौनसे विचारक मौजूदा वैश्वीकरण को विश्वव्यापी पूंजीवाद की एक खास अवस्था मानते है?**
(1) दक्षिणपंथी (2) पूंजीपति (3) उदारवादी (4) वामपंथी (4)

**6. दक्षिणपंथी विचारक वैश्वीकरण को कौनसे प्रभाव का विरोध कर रहे?**
(1) राजनैतिक (2) आर्थिक (3) सांस्कृतिक (4) कुटनीतिक (3)

**7. वैश्वीकरण में सांस्कृतिक समरूपता के नाम पर किस संस्कृति को थोपा जा रहा है?**
(1) भारतीस संस्कृति (2) पाश्चात्य संस्कृति (3) यूरोपीय संस्कृति (4) चीनी संस्कृति (2)

**8. मैक्डोनॉल्डीकरण वैश्वीकरण के किस प्रभाव का संकेत देता है?**
(1) राजनीतिक प्रभाव (2) वैधानिक प्रभाव (3) सांस्कृतिक प्रभाव (4) आर्थिक प्रभाव (3)

**9. वर्ल्ड सोशल फोरम की पहली बैठक 2001 में पोर्टो अलगेरे में हुई थी, पोर्टो अलगेरे स्थित है–**
(1) कनाडा में (2) स्विट्जरलैण्ड में (3) फ्रांस में (4) ब्राजील में (4)

**10. वैश्वीकरण के बारे में कौनसा कथन सही है?**
(1) वैश्वीकरण सिर्फ आर्थिक घटना है। (2) वैश्वीकरण की शुरूआत 1991 में हुई।
(3) वैश्वीकरण और पश्चिमीकरण समान है। (4) वैश्वीकरण एक बहुआयामी घटना है। (4)

**11. वैश्वीकरण के कारणों के बारे में कौनसा कथन सही है?**
(1) वैश्वीकरण का एक महत्वपूर्ण कारण प्रौद्योगिकी है।
(2) जनता का एक खास समुदाय वैश्वीकरण का कारण है।
(3) वैश्वीकरण का जन्म संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ।
(4) वैश्वीकरण का एकमात्र कारण आर्थिक धरातल पर पारस्परिक निर्भरता है। (1)

**12. वैश्वीकरण के बारे में कौनसा कथन सही है?**
(1) वैश्वीकरण का संबंध सिर्फ वस्तुओं की आवाजाही से है।
(2) वैश्वीकरण में मूल्यों का संघर्ष नहीं होता।
(3) वैश्वीकरण के अंग के रूप में सेवाओं का महत्व गौण है।
(4) वैश्वीकरण का संबंध विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव से है। (4)

**13. भूमण्डलीकरण एक कैसा चर है?**
(1) स्टॉक चर (2) प्रवाह चर (3) स्टॉक व प्रवाह चर दोनों (4) उपरोक्त में से कोई नहीं (2)

**14. भारत में वैश्वीकरण के प्रतिरोध में किसकी भूमिका रही है?**
(1) इण्डियन सोशल फॉरम (2) वामपंथी (3) औद्योगिक श्रमिक (4) उपरोक्त सभी (2)

शेखावाटी मिशन - 100

**13. वैश्वीकरण के बारे में कौनसा कथन गलत है?**
(1) वैश्वीकरण के समर्थकों का तर्क है कि इसमें आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी।
(2) वैश्वीकरण के आलोचकों का तर्क है कि इससे आर्थिक असमानता और ज्यादा बढ़ेगी।
(3) वैश्वीकरण के पैरोकारों का तर्क है कि इससे सांस्कृतिक समरूपता आएगी।
(4) वैश्वीकरण के आलोचको का तर्क है कि इससे सांस्कृतिक समरूपता आएगी। (4)

**14. वैश्वीकरण है–**
(1) वस्तु प्रवाह (2) विचार प्रवाह (3) पूँजी प्रवाह (4) उपरोक्त सभी (4)

**15. वैश्वीकरण का अर्थ है–**
(1) अन्तर्राष्ट्रीय एकीकरण (2) वित्तिय बाजारों का अन्तर्राष्ट्रीयकरण
(3) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के महत्व में वृद्धि (4) उपरोक्त सभी (4)

**16. सी.एन.एन. कहाँ का टेलीविजन समाचार चैनल है?**
(1) भारत (2) संयुक्त राज्य अमेरिका
(3) ब्रिटेन (4) सोवियत संघ रूस (2)

**17. वैश्वीकरण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका किसकी रही है?**
(1) सामाजिक संगठन (2) राजनीतिक दल
(3) संचार व प्रौद्योगिकी (4) धार्मिक संगठन (3)

**18. वैश्वीकरण के किस प्रभाव ने पूरे विश्व के जनमत को गहराई से बांट दिया है?**
(1) आर्थिक (2) सामाजिक (3) राजनीतिक (4) व्यवहारिक (1)

**19. वैश्वीकरण में आर्थिक और सामाजिक प्राथमिकताओं का प्रमुख निर्धारक है–**
(1) राज्य (2) बाजार (3) उपभोक्ता (4) उत्पादक (2)

**20. वैश्वीकरण का राजनैतिक प्रभाव है–**
(1) राज्यों के कार्यो में कमी (2) सांस्कृतिक समरूपता
(3) आर्थिक प्रवाह की तीव्रता (4) राज्यों के कार्यो में वृद्धि (1)

**रिक्त स्थान (1*1)**

1. 'वर्ल्ड सोशल फोरम' की पहली बैठक 2001 में ................................में आयोजित हुई।

**उत्तरः–** पोर्ट अलगेरे, ब्राजील

2. 1999 में सिएटल में ........................ की मंत्री स्तरीय बैठक का बड़े पैमाने पर विरोध हुआ था।

**उत्तरः–** विश्व व्यापार संगठन

3. भारत में औद्योगिक श्रमिकों, किसानों के संगठनों और वामपंथियों ने .................... निगमों के प्रवेश का विरोध किया है।

**उत्तरः–** बहुराष्ट्रीय

4. नव उदारवादी वैश्वीकरण के विरोध में एक विश्वव्यापी मंच .......................... बना है।

**उत्तरः–** वर्ल्ड सोशल फोरम

5. कुछ अर्थशास्त्रीयों ने आर्थिक वैश्वीकरण को विश्व का .................. कहा है।

**उत्तरः–** पुनःउपनिवेशीकरण

6. वैश्वीकरण एक ...................... अवधारणा है।

**उत्तरः–** बहुआयामी

7. वर्ल्ड सोशल फोरम की चौथी बैठक सन्............ में मुम्बई में हुई।

**उत्तरः–** 2004

8. शुरू–शुरू में जब ................... की तकनीक आई थी तो उसने राष्ट्रवाद की आधारशिला रखी।

**उत्तरः–** छपाई



शेखावाटी मिशन - 100

9. कल्याणकारी राज्य की अवधारणा अब पुरानी पड़ गई है और इसकी जगह ............... राज्य ने ले ली है।

**उत्तरः–** न्यूनतम हस्तक्षेपकारी

**10. भूमण्डलीकरण एक ................ चर है?**

**उत्तरः–** प्रवाह चर

**लघुत्तरात्मक (1*3)**

**1. वैश्वीकरण का क्या अर्थ है?**

**उत्तर –** वैश्वीकरण एक अवधारणा के रूप में प्रवाह है, जिसमें विश्व के एक हिस्से के विचार, वस्तु, पूंजी व व्यापार विश्व के दूसरे हिस्से में संचार के माध्यम से पहुंचना ही वैश्वीकरण है।

**2. वैश्वीकरण के कारण विश्व में क्या–क्या परिवर्तन हुए है?**

**उत्तर –** 1. प्रौद्योगिकी का विस्तार :– टेलीग्राफ, टेलीफोन, माइक्रोचिप प्रौद्योगिकी का विस्तार
2. प्रौद्योगिकी के कारण विचार, पूंजी, वस्तु व लोगों की विश्व में आवाजाही आसान हो गई।

**3. मैक्डोनॉल्डीकरण क्या है?**

**उत्तर –** विभिन्न संस्कृतियां अपने को प्रभुत्वशाली अमेरिकी ढ़र्रे पर ढालने लगी है। जिससे विश्व की सांस्कृतिक धरोहर धीरे धीरे समाप्त होती जा रही है। जिससे समुची मानवता को खतरा पैदा हो गया। यह संस्कृति का नकारात्मक प्रभाव है।

**4. सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण किसे कहते है?**

**उत्तर –** वैश्वीकरण के कारण अपनी संस्कृति के पारम्परिक सांस्कृतिक मूल्यों को छोड़े बिना उसे वैश्विक परिदृश्य में परिष्कृत करना सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण कहलाता है।

**5. वैश्वीकरण की कोई दो आलोचनाएं लिखिए।**

**उत्तर –** 1. वामपंथियों के अनुसार वैश्वीकरण पूंजीवाद की एक खास अवस्था है जो धनिक को अधिक धनी और गरीबों को अधिक गरीब बनाती है।

2. दक्षिणपंथियों के अनुसार वैश्वीकरण से राज्य कमजोर होने के कारण कुछ क्षेत्रों में आत्म निर्भरता और संरक्षण का दौर फिर कायम हो जाएगा।

**6. वैश्वीकरण का अर्थ स्पष्ट करते हुये, इसके कारणों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तरः–** वैश्विकरण :– विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और तीव्र एकीकरण की प्रक्रिया को वैश्विकरण के नाम से जाना जाता है। वैश्विकरण एक बहुआयामी अवधारणा है, जिसमें एक देश का दूसरे देश या कई देशों से जुड़ाव होता है। वैश्विकरण से सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार या समुदाय के रूप में व्यक्त किया जाता है।

वैश्विकरण के कारण :– (1) वैश्विकरण के प्रसार का मुख्य कारण उन्नत प्रौद्योगिकी को माना जाता है। वर्तमान विश्व में टेलीग्राफ, टेलीग्राम, माइक्रोचिप, इन्टरनेट और छपाई ने संचार क्रांति में बढ़ोतरी की है। इन संचार के साधनों से विश्व के विभिन्न देश और नागरिक एक–दूसरे के करीब आये है और अपना जुड़ाव कायम किया है।

(2) विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव :– वर्तमान विश्व में सभी नागरिकों के मध्य एक पारस्परिक जुड़ाव बना हुआ है। अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति अपने को दूसरे लोगों से जुड़ा महसूस करता है। यही वजह है कि प्राकृतिक आपदाऐं जैसे – सुनामी, भूकंप, बाढ़ तथा अनेक महामारीयाँ किसी एक देश को प्रभावित नहीं करती है, बल्की इससे अनेक देश प्रभावित होते है। इसी आपसी जुड़ाव ने वैश्वीकरण की बढ़ोतरी में योगदान दिया है।

(3) बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ :– वैश्विकरण में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ विश्व के अनेक देशों में कार्यरत है। जिससे सम्पूर्ण विश्व आपस में जुड़ गया है। भारत की भी अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अनेक देशों में कार्यरत है।

**7. वैश्वीकरण विरोधी आन्दोलन पर एक निबंध लिखिये।**

**अथवा**

**कौन–कौनसे संगठनों द्वारा वैश्वीकरण का विरोध किया जा रहा है?**

**उत्तरः–** विश्व स्तर पर अनेक संगठनों द्वारा वैश्वीकरण का विरोध किया जा रहा है, जिनमें से कुछ प्रमुख है–

शेखावाटी मिशन - 100

(1) वामपंथी समुदाय – वामपंथियों का कहना है कि मौजूदा वैश्वीकरण विश्वव्यापी पूंजीवादी की एक खास अवस्था है, जो धनिकों को धनी तथा गरीबों को ओर ज्यादा गरीब बना देगी। वैश्वीकरण से राज्य की शक्ति में कमी आएगी। जिसके कारण वह गरीबों के हितों की रक्षा नहीं कर पाएगा। इस तरह वामपंथी मुख्य रूप से आर्थिक वैश्वीकरण का विरोध करते है।

(2) दक्षिणपंथी समुदाय – दक्षिणपंथी आलोचक वैश्वीकरण के राजनीतिक आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभावों को लेकर चिंतित है। उन्हें राज्य के कमजोर होने की चिंता है तथा इनका कहना है कि कुछ क्षेत्रों में आर्थिक आत्मनिर्भरता और संरक्षणवाद कायम होना चाहिए। सांस्कृतिक संदर्भ में यह कहते है कि लोगों की प्राचीन संस्कृति और जीवन मूल्य लुप्त हो जाएगे। दक्षिणपंथियों के द्वारा विदेशी टी.वी. चैनलों, वैलेंटाइन डे मनाने तथा छात्र–छात्राओं द्वारा पश्चिमी पोशाक पहनने का विरोध भी शामिल है।

(3) वैश्वीकरण विरोधी आन्दोलन – वैश्वीकरण के विरोध में विश्व में अनेक आन्दोलन भी चल रहे है। लेकिन सम्पूर्ण वैश्वीकरण के विरोधी नहीं है। बल्कि इसके कुछ खास कार्यक्रमों के विरोधी है। विशेषकर आर्थिक साम्राज्यवाद के खिलाफ है। इन आन्दोलन में वर्ल्ड सोशल फोरम (WSF) द्वारा किया जाने वाला आन्दोलन प्रमुख है।

**8. वैश्वीकरण के प्रतिरोध के प्रमुख कारणों को समझाइए।**

**उत्तरः-** वर्तमान समय में वैश्वीकरण क तीव्र प्रतिरोध हो रहा है। जिसके निम्न कारण है।

(1) राज्य की शक्ति में कमी :– वैश्वीकरण के आलोचको का तर्क है कि वैश्वीकरण से राज्य की शक्ति में कमी होती जा रही है। राज्य अब पहले की तरह लोककल्याणकारी कार्य नहीं कर रहा है। लोक कल्याणकारी राज्य की जगह अब बाजार आर्थिक और सामाजिक प्राथमिकता का निर्धारक है तथा अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनियां राज्यों में फैल चुकी है। जिससे राज्य शक्ति में कमी हो रही है।

(2) नवउपनिवेशवाद को जन्म दिया है एवं प्रसार कर रहा है :– वैश्वीकरण परम्परागत उपनिवेशवाद का एक नया रूप है। इसके अन्तर्गत एक विकसित तथा शक्तिशाली देश द्वारा किसी कमजोर देश पर सीधे आर्थिक शोषण करने के बजाय उसका अप्रत्यक्ष तरीके से शोषण किया जाता है। जिसके कारण वैश्वीकरण का विरोध हो रहा है।

(3) वैश्वीकरण बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को बढ़ावा दे रहा है :– वे कम्पनियां जो एक से अधिक देशों में कार्य करती है, उन्हें बहुराष्ट्रीय कम्पनियां कहते है। इन कम्पनियों को वैश्वीकरण से बढ़ावा मिल रहा है। ये कम्पनियां निर्धन और विकासशील देशों के संसाधनों का दोहन कर रही है और उन्हें कमजोर बना रही है।

(4) परम्परागत संस्कृति की हानि :– वैश्वीकरण के प्रभाव से प्रभुत्वशाली संस्कृति कम ताकतवर समाजों पर अपना प्रभुत्व जमा रही है। इससे संसार वैसा ही दिखता है। जैसा ताकतवर संस्कृति उसे बनाना चाहती है अर्थात् वैश्वीकरण से प्राचीन सभ्यता व संस्कृतियां लुप्त होती जा रही है।

(5) धनिको को धनी तथा गरीबों को गरीब बनाना :– वैश्वीकरण निजीकरण को बढ़ावा देता है। इससे धनी लोग और धनी होते जा रहे है तथा गरीब और गरीबों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। अनेक लोगों को बुनियादी आवश्यकता की वस्तुएं भी नहीं मिल रही है और ऐसे लोग खाद्यापूर्ति के लिए दूसरे देशों पर निर्भर होते जा रहे है।

**9. वैश्वीकरण के राजनैतिक प्रभावों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तरः-** वैश्वीकरण के राजनैतिक प्रभाव का विवेचन निम्न तीन बिन्दुओं के अन्तर्गत किया गया है–

(1) राज्य की शक्ति में कमी – वैश्वीकरण के कारण पूरी दुनिया में अब राज्य कुछ के मुख्य कार्यो जैसे – कानून व्यवस्था को बनाये रखना तथा अपने नागरिकों की सुरक्षा करना आदि तक ही अपने को सीमित कर लिया है।

वैश्वीकरण की प्रक्रिया के कारण राज्य की जगह अब बाजार आर्थिक और सामाजिक प्राथमिकताओं का प्रमुख निर्धारक है।

वैश्वीकरण के चलते पूरे विश्व में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की भूमिका बढ़ी है। इससे सरकारों के अपने दम पर फैसला करने की क्षमता में कमी आती है।

(2) राज्य की शक्ति पर कोई प्रभाव नहीं – राजनीतिक समुदाय के आधार के रूप में राज्य कर प्रधानता को वैश्वीकरण से कोई चुनौती नहीं मिली है। राज्य इस अर्थ में आज भी प्रमुख है। आज भी राज्य कानून व व्यवस्था तथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अनिवार्य कार्यो को पूरा कर रहे है। वैश्विक राजनीति में राज्य अभी भी महत्वपूर्ण बने हुए है।



शेखावाटी मिशन - 100

(3) राज्य की शक्ति में वृद्धि हुई है – वैश्वीकरण के फलस्वरूप अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के बूते राज्य अपने नागरिको के बारे में सूचनाएं जुटा सकता है। इस सूचना के दम पर राज्य ज्यादा कारगर ढ़ग से काम कर सकते है। इस क्षेत्र में वैश्वीकरण के कारण राज्यों की क्षमता बढ़ी है।

**10. वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तरः-** वैश्वीकरण के सांस्कृतिक प्रभाव निम्नलिखित है–

(अ) वैश्वीकरण के सकारात्मक सांस्कृतिक प्रभाव :–

(1) बाहरी संस्कृति के प्रभावों से हमारी पसंद–नापसंद का दायरा बढ़ता है, जैसे बर्गर के साथ–साथ मसाला डोसा भी अब हमारे खाने में शाामिल हो गया है।

(2) वैश्वीकरण के प्रभावस्वरूप परम्परागत सांस्कृतिक मूल्यों को छोड़े बिना संस्कृति का परिष्कार भी होता है। जैसे नीली जीन्स के साथ खादी का कुर्त्ता पहनना। हम अनेक अमेरिकी लोगों को नीली जीन्स के ऊपर खादी का कुर्त्ता पहने देख सकते है। यह संस्कृति का परिष्कार ही है।

(3) वैश्वीकरण से हर संस्कृति कही ज्यादा अलग और विशिष्ट होती जा रही है। इस प्रक्रिया को सांस्कृतिक वैभिन्नीकरण कहते है।

(ब) वैश्वीकरण के नकारात्मक सांस्कृतिक प्रभाव –

(1) वैश्वीकरण सांस्कृतिक समरूपता लाता है। जिसमें विश्व संस्कृति के नाम पर पश्चिमी सस्कृति लादी जा रही है।

(2) वैश्वीकरण के कारण विभिन्न संस्कृतियां अब अपने को प्रभुत्वशाली अमेरिकी ढ़र्रे पर ढ़ालने लगी है।

(3) इससे पूरे विश्व में विभिन्न संस्कृतियों की समृद्ध धरोहर धीरे–धीरे खत्म होती जा रही है। यह स्थिति समूची मानवता के लिए खतरनाक है।

**11. वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभावों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तरः-** वैश्वीकरण के आर्थिक प्रभावों को निम्न लिखित दो भागों में विभाजित किया जा सकता है।

(अ) वैश्वीकरण के सकारात्मक आर्थिक प्रभाव –

(1) वैश्वीकरण ने देशों के आयात प्रतिबंधों को कम किया है। जिससे सम्पूर्ण विश्व में वस्तुओं के व्यापार में वृद्धि हुई है।

(2) वैश्वीकरण के कारण सम्पूर्ण विश्व में पूंजी के प्रवाह में वृद्धि हुई है। क्योंकि अब धनी देश के निवेश कर्त्ता अपने धन को अपने देश के स्थान पर अन्य देशों में भी निवेश कर सकते है।

(3) वैश्वीकरण के कारण लोगों की आर्थिक समृद्धि और खुशहाली बढ़ी है।

(4) आर्थिक वैश्वीकरण के कारण लोगों में पारस्परिक जुड़ाव बढ़ रहा है। पारस्परिक निर्भरता अब तीव्र हो गई है।

(5) वैश्वीकरण के कारण अब एक देश के लोग दूसरे देशों में रोजगार, शिक्षा तथा व्यापार हेतु आ जा रहे है।

(ब) वैश्वीकरण के नकारात्मक प्रभाव :–

(1) आर्थिक वैश्वीकरण के कारण सरकारे अपनी सामाजिक न्याय की जिम्मेदारियों से अपना हाथ खीच रही है। इससे कमजोर वर्ग की स्थिति बदहाल हो रही है।

(2) वैश्वीकरण के चलते गरीब देश आर्थिक रूप से बर्बाद हो रहे है।

(3) विश्व के कुछ अर्थशास्त्रियों ने चिन्ता जाहिर की है कि आर्थिक वैश्वीकरण धीरे धीरे विश्व को पुनः उपनिवेशीकरण की ओर ले जा रहा है।

**7. वैश्वीकरण के पक्ष और विपक्ष में तर्क दीजिये।**

**अथवा**

**वैश्वीकरण के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तरः-** वैश्वीकरण के सकारात्मक प्रभाव के पक्ष में तर्क :–

(1) वैश्वीकरण से लोगों में विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव बढ़ा है।

(2) वैश्वीकरण की प्रक्रिया द्वारा विकासशील देशों को उन्नत तकनीक का लाभ मिल रहा है।

(3) वैश्वीकरण ने विश्वव्यापी सूचना एवं संचार क्रांति को जन्म दिया है। इससे सामाजिक गतिशीलता बढ़ी है।



शेखावाटी मिशन - 100

(4) वैश्वीकरण के कारण रोजगार की गतिशीलता में भारी वृद्धि हुई है।

(5) वैश्वीकरण के कारण पूंजी की गतिशीलता बढ़ी है। इससे प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश बढ़ा है।

वैश्वीकरण के विपक्ष में तर्क / नकारात्मक प्रभाव –

(1) वैश्वीकरण के कारण अमीर और अमीर होते जा रहे है, और गरीब और गरीब हो रहे है। इससे आर्थिक असमानता को बढ़ावा मिलता है।

(2) वैश्वीकरण के कारण बुनियादी आवश्यकता की वस्तुऐं महंगी होती जा रही है और आम आदमी की पहुँच से बाहर हो गई है।

(3) वैश्वीकरण से परम्परागत संस्कृति की हानि होगी और लोग अपनी सदियों पुराने जीवन मूल्य तथा तौर–तरीको से हाथ धो बैठेगे।

(4) वैश्वीकरण के चलते विकासशील देशों में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की एकाधिकारवादी प्रवृति बढ़ती जा रही है।

(5) वैश्वीकरण से राज्य की गरीबों के हितो की रक्षा करने की उसकी क्षमता में कमी आती है।

**12. भारत पर वैश्वीकरण के प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तरः-** वैश्वीकरण ने भारत को काफी ज्यादा प्रभावित किया है। भारत ने 1990 के दशक के प्रारम्भ में अपनी अर्थव्यवस्था को खुला किया तथा वैश्वीकरण को अपनाया। वैश्वीकरण से भारत पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के प्रभाव पड़े है। जो निम्न है–

भारत पर सकारात्मक प्रभाव –

(1) वैश्वीकरण से भारत के सकल घरेलु उत्पाद में लगातार वृद्धि हुई।

(2) वैश्वीकरण के भारत के आर्थिक विकास में तेजी आई है। भारत की विकास दर तेज गति से वृद्धि कर रही है।

(3) बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में विदेशी निवेश कर रही है और अपने साथ उन्नत प्रौद्योगिकी को ला रही है।

(4) भारत में सूचना एवं संचार क्षेत्र में लगातार उन्नति हो रही है।

(5) भारतीय वस्तुओं की गुणवता में सुधार आया है।

(6) भारत में प्रति व्यक्ति आय और राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई है। और बेरोजगारी में कमी आई है।

नकारात्मक प्रभाव :–

(1) वैश्वीकरण से भारत में अमीर, अमीर होते जा रहे है तथा गरीब और ज्यादा गरीब हो रहे है।

(2) वैश्वीकरण के कारण अनेक भारतीय सरकारी कम्पनियां बंद हो गई है या घाटे में चल रही है, जिस कारण उन्हें निजी कम्पनियों को सस्ते मूल्य पर बेचा जा रहा है।

(3) वैश्वीकरण के कारण बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करती है तथा इन्होनें भारत में अपना एकाधिकार स्थापित कर लिया है।

(4) वैश्वीकरण से अनेक वस्तुओं के मूल्य में तीव्र वृद्धि हुई है, जिससे बुनियादी आवश्यकता की वस्तुएं आम आदमी की पहुँच से बाहर हो गई है।

(5) बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपना काम निकलवाने के लिए भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी को बढ़ावा दे रही है।

शेखावाटी मिशन - 100



# स्वतंत्र भारत में राजनीति

## अध्याय - 1
## राष्ट्र निर्माण की चुनौतियाँ

अंक भार - (1+4=5)

वस्तुनिष्ठ (1*1)

**1. भारत में 'राज्य पुनर्गठन आयोग' की स्थापना कब हुई।**
(1) सन् 1950 (2) सन् 1956 (3) सन् 1953 (4) सन् 1960 (3)

**2. भारत का संविधान कब लागू किया गया?**
(1) 14 अगस्त, 1947 (2) 15 अगस्त, 1947 (3) 26 जनवरी, 1950 (4) 26 जनवरी, 1949 (3)

**3. प्रथम भारतीय गर्वनर जनरल कौन थे?**
(1) राजेन्द्र प्रसाद (2) सी. राजगोपालाचारी (3) जवाहरलाल नेहरू (4) राधाकृष्णन (2)

**4. हैदराबाद के शासक को कहा जाता था—**
(1) सुल्तान (2) वजीर—ए—आजम (3) राजा (4) निजाम (4)

**5. रियासतों को भारत में मिलाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा—**
(1) महात्मा गाँधी (2) सरदार पटेल (3) कृष्णा मेनन (4) भगत सिंह (2)

**6. पूर्वी पाकिस्तान को वर्तमान में किस नाम से जाना जाता है?**
(1) म्यांमार (2) भूटान (3) बांग्लादेश (4) नेपाल (3)

**7. स्वतंत्रता के पश्चात भारत के सामने प्रमुख चुनौती थी—**
(1) भारत को एकता के सूत्र में बांधे रखना। (2) लोकतंत्र को कायम रखना
(3) आर्थिक विकास करना और गरीबी को समाप्त करना (4) उपर्युक्त सभी (4)

**8. भारत पाकिस्तान विभाजन के समय भारत में कुल रजवाड़ों की संख्या कितनी थी?**
(1) 562 (2) 565 (3) 570 (4) 465 (2)

**9. नौआखली वर्तमान में किस देश में है?**
(1) पाकिस्तान (2) बांग्लादेश (3) भारत (4) म्यांमार (2)

**10. 14 व 15 अगस्त की मध्यरात्रि को प्रधानमंत्री नेहरू ने संविधान सभा के विशेष सत्र में एक भाषण दिया उसे किस नाम से जाना जाता है ?**

**उत्तरः-** भाग्य वधु से चिर प्रतीक्षित भेंट या ट्रिस्ट विद डेस्टिनी

**11. 1951 में भारतीय आबादी का कुल कितना प्रतिशत मुस्लिम जनसंख्या थी?**

**उत्तरः-** 12 प्रतिशत

**12. विभाजन पर बनी किंही दो फिल्मों के नाम बताए।**

**उत्तरः-** गर्म हवा और पिंजर

**13. विभाजन से सबसे अधिक प्रभावित दो राज्यों का नाम लिखिए ।**

**उत्तरः-** पंजाब और प. बंगाल

**14. साम्प्रदायिक हिंसा के विरोध में महात्मा गांधी ने प्रथम बार उपवास कब व कहाँ रखा ?**

**उत्तरः-** जनवरी 1948 को कोलकता में

**15. सबसे पहले किस राज्य के राजा ने अपने राज्य को स्वतंत्र रखने की घोषणा की ?**

**उत्तरः-** त्रावणकोर के राजा ने।

**16. संविधान सभा में शामिल होने से किस रियासत के नवाब ने मना किया?**

**उत्तरः-** भोपाल के नवाब ने

शेखावाटी मिशन - 100

**17. ऐसी चार रियासतों के नाम लिखो जिनका एकीकरण भारतीय संघ में कठिनाईयों से हुआ ।**

उत्तरः- 1. जुनागढ़ 2. हैदराबाद 3. मणिपुर 4. जम्मू कश्मीर

**18. रजवाड़ों के शासक भारतीय संघ में शामिल होने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते थे उसे क्या कहा जाता था ?**

उत्तरः- इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन

**19. हैदराबाद के निजाम के खिलाफ किस स्थान के किसानों ने आंदोलन किया ?**

उत्तरः- तेलगांना के किसानों ने

**20. हैदराबाद का निजाम आंदोलनकारी किसानों के खिलाफ अर्द्ध सैनिक बलों का प्रयोग करता था, उसे किस नाम से जाना जाता था ?**

उत्तरः- रजाकार

**21. मणिपुर के किस शासक ने सहमती पत्र पर हस्ताक्षर किये ?**

उत्तरः- महाराजा बोधचंद्र सिंह ने

**22. भारत का वह कौनसा प्रांत है जहां सर्वप्रथम सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का सिद्धांत अपनाया गया।**

उत्तरः- मणिपुर

**23. कांग्रेस ने किस अधिवेशन में भाषा के आधार पर राज्यों के पुर्नगठन की बात की ?**

उत्तरः- 1920 के नागपुर अधिवेशन में।

**24. भाषा के आधार पर किस प्रांत में सर्वप्रथम विरोध प्रदर्शन हुए।**

उत्तरः- मद्रास प्रांत में

**25. आन्ध्र प्रदेश में अलग राज्य की मांग करते हुए किस नेता की मृत्यु हुई ?**

उत्तरः- पोट्टी श्री रामुलु

**26. भाषा के आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का निर्माण हुआ?**

उत्तरः- आन्ध्र प्रदेश का

**27. आन्ध्र प्रदेश के निमार्ण के लिए प्रधानमंत्री ने घोषणा कब की ?**

उत्तरः- दिसम्बर 1952

**28. राज्य पुनर्गठन आयोग कब बनाया ?**

उत्तरः- 1953 में

**29. भारत में वर्तमान में कितने राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश हैं ?**

उत्तरः- 28 राज्य व 8 केन्द्र शासित प्रदेश

**30. 2 जून 2014 को आन्ध्रप्रदेश से कौनसा राज्य बनाया गया ?**

उत्तरः- तेलगांना (भारत का सबसे नवीनतम राज्य)

**31. वर्ष 2000 में कौनसे तीन राज्य बने?**

उत्तरः- छतीसगढ़, उत्तराखण्ड, झारखण्ड (इन राज्यों का निर्माण क्रमशः मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों से किया गया था)

**32. मिजोरम, अरूणाचलप्रदेश कब राज्य बने ?**

उत्तरः- 1987 में

**33. 1972 में असम से कौन कौन से राज्य बनाए गए?**

उत्तरः- मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा

**34. नागालैण्ड राज्य कब बना ?**

उत्तरः- 1963



शेखावाटी मिशन - 100

**35. 1966 में पंजाब से कौन-कौन से राज्य बनाए गए?**

**उत्तर:-** पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश

**36. राज्य पुनर्गठन आयोग ने 1956 में कितने राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश बनाए गए ?**

**उत्तर:-** 14 राज्य और 6 केन्द्र शासित प्रदेश

**37. 1947 की त्रासदी को अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत करने वाले दो प्रमुख रचनाकारों के नाम लिखो**

**उत्तर:-** 1 फैज अहमद फैज 2. अमृता प्रीतम

**38. भारत विभाजन की योजना किस नाम से जानी जाती है?**

**उत्तर:-** माउण्टबेटन योजना

**39. मुस्लिम लीग की स्थापना कब हुई ?**

**उत्तर:-** 1906 में

**40. पंजाबी भाषा की साहित्यिक पत्रिका नागमणि का संपादन किसने किया था?**

**उत्तर:-** अमृता प्रीतम

**41. भारत और पाकिस्तान का विभाजन किस आधार पर हुआ था?**

**उत्तर:-** धर्म के आधार पर

**42. कौनसे प्रसिद्ध मुस्लिम नेता ''द्वि–राष्ट्र'' सिद्धान्त के खिलाफ थे?**

**उत्तर:-** खान अब्बुल गफ्फार खान (इन्हें सीमान्त गांधी भी कहा जाता है।)

**43. महाराष्ट्र और गुजरात राज्य कब बनाये गये?**

**उत्तर:-** 1960 में बंबई से

**44. भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री कौन थे?**

**उत्तर:-** सरदार वल्लभ भाई पटेल (इन्हें लौह पुरूष के नाम से जाना जाता है।)

**निबंधात्मक (1*4)**

**1. स्वतंत्रता के बाद राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों को समझाते हुए राज्यों का पुर्नगठन समझाऐं एवं सिफारिशों का आलोचनात्मक वर्णन कीजिए ?**

**उत्तर:-** **राज्य पुनर्गठन आयोग**-भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की मांग जोर पकड़ने पर केन्द्र सरकार ने 1953 में राज्य पुर्नगठन आयोग का गठन किया।

**राज्य पुर्नगठन आयोग की सिफारिश**-राज्य पुर्नगठन आयोग ने यह सिफारिश की कि राज्यों की सीमाओं का निर्धारण वहां बोली जानी वाली भाषा के आधार पर होना चाहिए। इस आयोग की सिफारिश के आधार पर 1956 में राज्य पुर्नगठन अधिनियम पास हुआ जिसके आधार पर 14 राज्य व 6 केन्द्र शासित प्रदेश बनाए गए।

सिफारिशों का आलोचनात्मक विश्लेषण-

1. **एक लोकतांत्रिक कदम**- भाषा के आधार पर नये राज्यों का गठन करना एक लोकतांत्रिक कदम के रूप में देखा गया।

2. **सीमांकन का समरूप आधार**- भाषा के आधार पर राज्यों के गठन से राज्यों को एक समरूप आधार मिला।

3. **एकता को बल**- भाषा के आधार पर राज्यों के पुर्नगठन से देश की एकता और ज्यादा मजबूत हुई।

4. **विभिन्नता के सिद्धांत को स्वीकृति**- भाषावार राज्यों के पुर्नगठन से विभिन्नता के सिद्धांत को स्वीकृति मिली।

**2. स्वतंत्र भारत के समक्ष कौनसी चुनौतियाँ थी? व्याख्या करें।**

**उत्तर:-** स्वतंत्रता के समय भारत के समक्ष मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन चुनौतियां थी-

1. **राष्ट्र निमार्ण की चुनौती**-स्वतंत्रता के तुरंत बाद राष्ट्र निर्माण की चुनौती प्रमुख चुनौती थी। यहां विभिन्न धर्मों, जातियों, वर्गों, भाषा और संस्कृति को मानने वाले लोग रहते थे। इसमें एकता कायम करना एक चुनौती थी। क्योंकि प्रत्येक क्षेत्र और उपक्षेत्र की पहचान को बनाये रखते हुए देश की एकता और अखण्डता को कायम रखना था। दूसरे देशी राज्यों को भारतीय संघ में विलय के लिए राजी करना एक गंभीर संकट था।



शेखावाटी मिशन - 100

**2. लोकतंत्र को बनाये रखना**-देश के सामने दूसरी प्रमुख समस्या देश में लोकतंत्र को कायम करने की थी। स्वतंत्रता के बाद भारत ने संसदीय प्रतिनिधि प्रणाली को अपनाया। लेकिन भारतीय जनता जहां अशिक्षित वर्ग बड़ा था वहां लोकतांत्रिक व्यवहार जो संविधान पर आधारित हो बनाए रखना एक गम्भीर चुनौती थी। एक ऐसे समाज का निर्माण करना जिसमें सबसे पिछड़े वर्ग के व्यक्ति तक न्याय मिले यह भी एक चुनौती थी।

**3. आर्थिक विकास हेतु रूपरेखा तैयार करना**- स्वतंत्रता के समय भारत के सामने आने वाली तीसरी प्रमुख समस्या थी भारत के आर्थिक विकास के लिए भविष्य की एक रूप रेखा तैयार करना। अतः देश के सामने संविधान में दिये गये नीति निर्देशक तत्वों के अनुसार गरीबी को खत्म करने के लिए योजना बनानी थी।

3. **भारत विभाजन में आने वाली कठिनाइयों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तरः-** भारत विभाजन में आने वाली प्रमुख कठिनाईया निम्नलिखित थी -

**1. मुस्लिम बहुल इलाकों का निर्धारण करना**-स्वतंत्रता के समय में दो क्षेत्र एक पूर्व में और दूसरा पश्चिम में थे, जहां मुस्लिम आबादी ज्यादा थी। लेकिन ऐसा कोई तरीका नहीं था जिससे पूर्वी और पश्चिमी मुस्लिम बाहुल्य संख्या वाले क्षेत्र को जोड़कर एक किया जा सके।

**2. प्रत्येक मुस्लिम बहुल क्षेत्र का पाकिस्तान में जाने के लिए राजी न होना**-मुस्लिम बहुल हर क्षेत्र पाकिस्तान में मिलना चाहता हो ऐसा भी नहीं था। विशेष रूप से पश्चिम सीमा प्रान्त जिसके नेता खान अब्दुल गफ्फार खां थे जो द्विराष्ट्र सिद्धांत के खिलाफ थे।

**3. पंजाब और बंगाल के बंटवारे की समस्या**- तीसरी कठिनाई यह थी कि बंगाल और पंजाब में अनेक हिस्सों में गैर मुस्लिम आबादी भी थी। इन प्रान्तों का बंटवारा किस आधार पर किया जाए यह भी एक समस्या थी।

**4. अल्पसंख्यकों की समस्या**-सीमा के दोनों तरफ अल्पसंख्यक थे। ये लोग परेशानियों से गुजर रहे थे। जैसे ही देश का विभाजन हुआ वैसे ही दोनों तरफ के अल्पसंख्यकों पर हमले प्रारम्भ हो गये। आबादी अनियोजित रूप से स्थानान्तरित हुईं। बहुत से लोगों को शरणार्थी बनना पड़ा। इस प्रकार विभाजन में सिर्फ संपदा, देनदारी और संपतियों का ही बंटवारा नहीं हुआ बल्कि दोनों समुदाय हिंसा का शिकार भी हुए।

4. **भारत विभाजन के परिणामों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तरः-** 1947 में भारत विभाजन के फलस्वरूप एक जगह की आबादी दूसरी जगह जाने के लिए मजबूर हुई। आबादी का यह स्थानान्तरण आकस्मिक, अनियोजित और त्रासदी से भरा था। यह स्थानान्तरण मानव इतिहास के ज्ञात अब तक के सबसे बड़े स्थानान्तरणों में से एक था। भारत विभाजन धर्म के आधार पर हुआ, जिसके निम्नलिखित परिणाम निकले :-

दो नये देशों का उदय :- अगस्त 1947 में ब्रिटिश इण्डिया को धर्म के आधार पर दो देशों में बांट दिया गया। मुसलमानों के लिए पाकिस्तान और हिन्दुओं व अन्य सम्प्रदायों के लिए हिन्दुस्तान का निर्माण किया गया।

आबादी का स्थानान्तरण :- 1947 में भारत विभाजन के फलस्वरूप एक जगह की आबादी दूसरी जगह जाने के लिए मजबूर हुई। आबादी का यह स्थानान्तरण आकस्मिक, अनियोजित और त्रासदी से भरा था। लाखों की संख्या में आबादी का यह स्थानान्तरण इतिहास के ज्ञात अब तक के सबसे बड़े स्थानान्तरणों में से एक था।

भौतिक परिसंपत्तियों का बंटवारा :- भारत विभाजन के दौरान प्रत्येक चीज का बंटवारा किया गया। इस विभाजन में न केवल सम्पदा, लेन-देन और परिसंपतियों का बटवारा हुआ, बल्कि टेबल-कुर्सीयों, टाइप राईटर और पुलिस के वाद्य यंत्रों का भी बटवारा किया गया। इसके साथ ही डाक और रेलवे विभाग के कर्मचारियों का भी बटवारा किया गया।

बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार :- भारत विभाजन के दौरान महिलाओं और बच्चों पर अत्यधिक अत्याचार किये गये। अनेक बच्चे अपने माता-पिता और परिवार से बिछड़ गये। महिलाओं को दूसरें धर्म के लोगों ने जबरन अगवा कर लिया। उनसें जबरन शादी की तथा उनका धर्म भी परिवर्तित करवाया गया। अनेक परिवारों ने कुल की इज्जत के नाम पर बहु बेटीयों को मार डाला।

शेखावाटी मिशन - 100

**5. मणिपुर के भारत संघ में विलय के लिए उतरदायी घटनाओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तरः–** मणिपुर के भारत संघ में विलय के लिए आजाादी के चंद रोज पहले मणिपुर के महाराजा बोध चंन्द्र सिंह ने भारत सरकार के साथ भारतीय संघ में अपनी रियासत के विलय के एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इसकी एवंज में उन्हें यह आश्वासन दिया गया था कि मणिपुर की आंतरिक स्वायत्ता बरकरार रहेगी। जनमत के दबाव में महाराजा ने 1948 के जून में चुनाव करवाया और इस चुनाव के फलस्वरूप मणिपुर की रियासत में संवैधानिक राजतंत्र कायम हुआ। मणिपुर भारत का पहला भाग है जहाँ सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के सिद्धान्त को अपनाकर चुनाव हुए। मणिपुर की विधानसभा में भारत में विलय के सवाल पर गहरे मतभेद थे। मणिपुर की कांग्रेस चाहती थी कि इस रियासत को भारत में मिला दिया जाए जबकि दूसरी राजनीतिक पार्टियाँ इसके खिलाफ थी। मणिपूर की निर्वाचित विधानसभा से परामर्श किए बगैर भारत सरकार ने महाराजा पर दबाव डाला कि वे भारतीय संघ में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर दें। भारत सरकार को इसमें सफलता मिली। मणिपुर में इस कदम को लेकर लोगों में क्रोध और नाराजगी के भाव पैदा हुए। इसका असर आज तक देखा जा सकता है।

**6. भारत में हैदराबाद के विलय को समझाइए।**

**उत्तरः–** हैदराबाद बहुत बड़ी रियासत थी। यह चारों तरफ से भारतीय क्षेत्रों से घिरी हुई थी। आजादी के समय यहाँ का शासक कासीम रिजवी था, जिसे निजाम कहा जाता था। यह उस समय के विश्व के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक था। निजाम हैदराबाद रियासत को स्वतंत्र रखना चाहता था। नवम्बर 1947 में निजाम ने भारत सरकार के साथ यथा स्थिति बनाए रखने का एक वर्षीय समझौता किया। लेकिन इस दौरान भारतीय नेता हैदराबाद को भारत में मिलाने के लिए प्रयास करते रहे।

हैदराबाद की अधिकांश हिन्दू आबादी निजाम के दमनकारी और अत्याचारी शासन से दुःखी थी तथा भारत में मिलने की पक्षधर थी। हैदराबाद के तेलंगाना के किसान विशेष रूप से निजाम के शासन से दुःखी थे। यहाँ के लोगों ने अत्याचारी शासन के खिलाफ विद्रोह कर दिया। इस विद्रोह का नेतृत्व हैदराबाद कम्यूनिस्टों और हैदराबादी कांग्रेस ने किया। निजाम ने इस विद्रोह को दबाने के लिए एक अर्द्धसैनिक बल रवाना किया, जिसे रज्जाकार कहा जाता था। यह रज्जाकार अव्वल दर्जे के साम्प्रादायिक और अत्याचारी थे। इन्होंने गैर–मुस्लिम आबादी को अपना शिकार बनाया। इन्होंने तेलगाना क्षेत्र में लूट–पाट हत्या और बलात्कार जैसे घिनोने कार्य किए। इन सबको देखकर भारत सरकार ने सितम्बर 1948 में निजाम के खिलाफ ऑपरेशन ''पोलो'' नामक सैन्य अभियान के माध्यम से भारतीय सैनिकों ने निजाम की सैना को कुछ ही दिनों में काबू में कर लिया तथा निजाम ने भी आत्म समर्पण कर दिया। इस प्रकार हैदाराबाद का विलय भारत में हुआ।

शेखावाटी मिशन - 100



# अध्याय - 2
# एक दल के प्रभुत्व का दौर
अंक भार - (2+2=4)

**अतिलघूत्तरात्मक (2*1=2)**

**1. कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा के पहले चुनाव में कितनी सीटें जीती–**
**उत्तरः–** 364
**2. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया भारत में पहली बार किस राज्य में सत्ता में आयी?**
**उत्तरः–** केरल
**3. त्रावणकोर–कोचीन वर्तमान में किस राज्य का हिस्सा है?**
**उत्तरः–** केरल
**4. भारत रत्न से सम्मानित पहले भारतीय है–**
**उत्तरः–** सी. राजगोपालाचारी
**5. ए.के. गोपालन किस राज्य के प्रमुख कम्युनिस्ट नेता थे?**
**उत्तरः–** केरल
**6.** 1952 के आम चुनाव में कुल कितने प्रतिशत मतदाता साक्षर थे?
**उत्तरः–** 15 प्रतिशत
**7.** कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक कौन थे?
**उत्तरः–** आचार्य नरेन्द्र देव
**8.** भारत में दलितों का मसीहा किसे माना जाता है?
**उत्तरः–** बी.आर. अम्बेडकर
**9.** भारत का संविधान कब बनकर तैयार हुआ?
**उत्तरः–** 26 नवम्बर, 1949
**10.** भारतीय जनसंघ के संस्थापक कौन थे?
**उत्तरः–** श्यामा प्रसाद मुखर्जी
**11.** भारतीय संविधान पर हस्ताक्षर कब हुए?
**उत्तरः–** 24 जनवरी, 1950
**12.** भारत के पहले चुनाव आयुक्त कौन थे?
**उत्तरः–** सुकुमार सेन
**13.** स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षामंत्री कौन थे?
**उत्तरः–** अबुल कलाम आजाद
**14.** स्वतंत्र भारत का पहला आम चुनाव कब हुआ?
**उत्तरः–** 1952
**15.** स्वतंत्र भारत के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री थे?
**उत्तरः–** राजकुमारी अमृता कौर
**16.** 1959 में कांग्रेस सरकार ने किस अनुच्छेद के अन्तर्गत केरल की कम्यूनिस्ट सरकार को बर्खास्त कर दिया था?
**उत्तरः–** अनुच्छेद 356
**17.** सोशलिस्ट पार्टी का गठन कब हुआ था?
**उत्तरः–** 1948
**18.** इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी के संस्थापक कौन थे?
**उत्तरः–** बी. आर. अम्बेडकर
**19.** स्वतंत्र भारत के पहले संचार मंत्री कौन थे?
**उत्तरः–** रफी अहमद किदवई

शेखावाटी मिशन - 100

**20. कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक कौन थे?**

**उत्तरः-** आचार्य नरेंद्र देव

**21. स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री कौन थे ?**

**उत्तरः-** अबुल कलाम आजाद (वर्तमान शिक्षामंत्री - धर्मेन्द्र प्रधान)

**22. समग्र मानवतावाद सिद्धांत के प्रणेता का नाम लिखिए**

**उत्तरः-** दीनदयाल उपाध्याय

**23. भारत में एक दलीय प्रभुत्व के दौर में सबसे अधिक प्रभावशाली दल कौनसा था ?**

**उत्तरः-** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

**24. 1977 के आम चुनाव में किस पार्टी को सता मिली ?**

**उत्तरः-** जनता पार्टी को

**25. प्रथम आम चुनाव में कांग्रेस को कितनी सीट प्राप्त हुई ?**

**उत्तरः-** कुल 489 सीट में से 364 सीट

**26. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई ?**

**उत्तरः-** 1885 में बम्बई में

**27. भारत रत्न से सम्मानित प्रथम भारतीय कौन थे ?**

**उत्तरः-** चक्रवर्ती राजगोपालाचारी

**28. भारतीय जनसंघ की स्थापना कब हुई ?**

**उत्तरः-** 1951

**29. भारत निर्वाचन आयोग का गठन कब हुआ ?**

**उत्तरः-** सन् 1950 में

**30. भारत में तीसरे आम चुनाव कब हुए।**

**उत्तरः-** 1962 में

**31. संविधान में प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ?**

**उत्तरः-** बी आर अम्बेडकर

**32. 1957 में केरल में किस पार्टी की सरकार बनी?**

**उत्तरः-** कम्यूनिस्ट पार्टी की (यह पहला अवसर था जब किसी राज्य में गैर कांग्रेसी सरकार बनी)

**33. प्रथम आम चुनाव में कितने राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय दल थे ?**

**उत्तरः-** 14 राष्ट्रीय व 52 राज्य स्तरीय दल

**34. जनसंघ ने किस विचार पर बल दिया ?**

**उत्तरः-** एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र

**35. भारत में किस प्रकार की दलीय व्यवस्था को अपनाया गया ?**

**उत्तरः-** बहुदलीय व्यवस्था को

**36. प्रथम आम चुनाव के समय देश में कुल कितने मतदाता थे?**

**उत्तरः-** 17 करोड़

**37. वर्तमान में भारत में मतदान का तरीका क्या है?**

**उत्तरः-** ई. वी. एम. (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन)

**38. एक हिन्दुस्तानी संपादक ने इतिहास का सबसे बड़ा जुआ किसे करार दिया?**

**उत्तरः-** प्रथम आम चुनाव को।

**39. भारत में प्रथम तीन आम चुनावों में कौनसी पार्टी का प्रभुत्व रहा?**

**उत्तरः-** कांग्रेस पार्टी का।

**40. भारत में 1952, 1957 और 1962 के तीन आम चुनावों में दुसरे स्थान पर कौनसी पार्टी रही?**

**उत्तरः-** कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (सी.पी.आई.)। इस दल ने 1952 में 16 सीटें, 1957 में 27 सीटे और 1962 में 20 सीटे प्राप्त की।

शेखावाटी मिशन - 100

**41. प्रथम, द्वितीय और तृतीय आम चुनाव में लोकसभा की कुल कितनी सीटें थी?**

**उत्तरः-** 1952 में 489 सीटे, 1957 में 494 सीटे और 1962 में 494 सीटे।

**42. शुरूआती तीन आम चुनावो में कांग्रेस पार्टी ने कुल कितनी सीटे प्राप्त की थी?**

**उत्तरः-** 1952 में 364 सीटें, 1957 में 371 सीटे और 1962 में 361 सीटे।

**43. भारत में आम चुनाव (लोकसभा चुनाव) सामान्यतः कितने वर्ष बाद होते है?**

**उत्तरः-** सामान्यतः 5 वर्ष बाद

**44. वर्तमान में भारत में कौनसे दल और गठबंधन की सरकार है?**

**उत्तरः-** भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की।

**45. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे?**

**उत्तरः-** पं. जवाहर लाल नेहरू

**46. 1952 के आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी को कुल कितने प्रतिशत मत और सीटे मिली थी?**

**उत्तरः-** 45 प्रतिशत मत और 74 प्रतिशत सीटे।

**47. हमारे देश की चुनाव प्रणाली में मतदान का कौनसा तरीका अपनाया गया है?**

**उत्तरः-** सर्वाधिक वोट पाने वाले की जीत (फर्स्ट–पास्ट–द–पोस्ट सिस्टम) प्रणाली को

**48. केरल में 1957 की कम्युनिष्ट पार्टी की सरकार में मुख्यमंत्री किसे बनाया गया था?**

**उत्तरः-** ई.एम.एस.नम्बुदरीपाद

**49. कांग्रेस पार्टी ने कौनसे राज्य की निर्वाचित सरकार के खिलाफ ''मुक्ति संघर्ष'' छेड़ा था?**

**उत्तरः-** केरल की कम्युनिष्ट सरकार के खिलाफ।

**50. कौनसे देशों के संविधान में एक ही पार्टी के शासन की अनुमति दी गई है?**

**उत्तरः-** चीन, क्यूबा और सीरिया।

**51. कौनसी पार्टी ने भारत और पाकिस्तान को एक करके अखण्ड भारत बनाने की बात कही?**

**उत्तरः-** भारतीय जनसंघ ने।

**52. भारत की अंतरिम सरकार में कौनसे दो विपक्षी नेता भी शामिल थे?**

**उत्तरः-** डॉ. अम्बेडकर व श्यामा प्रसाद मुखर्जी।

**53. भारतीय दलीय व्यवस्था की कोई दो विशेषताएं बताइए।**

**उत्तरः-** 1. भारत में बहुदलीय व्यवस्था है और राजनीतिक दल विभिन्न हितों का प्रतिनिधित्व करते है।

2. भारतीय दलीय व्यवस्था में राष्ट्रीय दलों के साथ–साथ क्षैत्रीय दलों का भी अस्तित्व है।

लुघुत्तरात्मक (1*2)

**1. डॉ. भीमराव अम्बेडकर के बारे में आप क्या जानते है?**

**उत्तरः-** पूरा नाम बाबा साहब भीमराव रामजी अम्बेडकर है। ये दलितों को न्याय दिलाने के लिए हुए संघर्ष के प्रमुख नेता थे। अम्बेडकर ने इन्डीपेंडेंट लेबर पार्टी की स्थापना की। बाद में शिडयूल्ड कास्टस फेडरेशन की स्थापना की। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान वायसराय की काउंसिल के सदस्य रहे। संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष रहे। इसलिए इन्हें भारत के संविधान का निर्माता भी कहा जाता है। 1951 में मत्रिमंडल से हिन्दू कोड बिल के मुद्दे पर इस्तीफा दिया।

**2. कांग्रेस किन अर्थो में एक विचारधारात्मक गठबंधन थी? कांग्रेस में मौजूद विभिन्न विचारधारात्मक उपस्थितियों का उल्लेख करें ।**

**उत्तरः-** आजादी से पूर्व से ही कांग्रेस ने परस्पर विरोधी हितों के कई समूहों को एक साथ जोड़ने का कार्य किया और आजादी के समय तक कांग्रेस एक सतरंगे सामाजिक गठबंधन की शक्ल अख्तियार कर चुकी थी। यथा

1. इसमें विभिन्न वर्ग, जाति, भाषा अन्य हितों से जुड़े हुए व्यक्ति इस गठबंधन से जुड़ चुके थे।

2. कांग्रेस एक विचारधारात्मक गठबंधन थी क्योंकि इसने अपने अन्दर क्रांतिकारी और शांतिवादी, कंजरवेटिव और रेडिकल, गरमपंथी और नरपपंथी, दक्षिणपंथी और वामपंथी हर विचारधारा के मध्यमवर्गों को समाहित किया।

इस प्रकार कांग्रेस एक विचारधारात्मक गठबंधन थी

शेखावाटी मिशन - 100

**3. भारत के प्रथम तीन आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी के प्रभुत्व के क्या कारण थे? समझाइए।**

**उत्तर:-** भारत के प्रथम तीन आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व रहा। कांग्रेस ने तीनों आम चुनावों में लोकसभा की तीन चौथाई सीटे प्राप्त की। कांग्रेस के इस प्रभुत्व के निम्न कारण थे–

1. भारतीय कांग्रेस पार्टी को प्रथम तीन आम चुनावों मेंअव्वल व एकलौती होने का फायदा मिला। अर्थात् उस समय भारत में कांग्रेस पार्टी को टक्कर देने वाली कोई अन्य पार्टी मौजूद नहीं थी।

2. भारतीय कांग्रेस पार्टी को भारतीय स्वतंत्रता सग्रांम की विरासत मिली हुई थी। अर्थात् भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आन्दोलनों में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया था।और भारत को आजादी दिलवायी थी।

3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जड़े स्थानीय स्तर तक पहुँच चुकी थी। अर्थात् कांग्रेस पार्टी का नेटवर्क शहरों तक सीमित नहीं था। बल्कि गाँवों तक पहुँच चुका था।

**4. प्रथम भारतीय आम चुनाव में क्या समस्याएं/कठिनाईया आई? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर:-** भारत में प्रथम आम चुनाव अक्टूबर 1951 से फरवरी 1952 तक हुआ। जिसमें निम्न समस्याएं आई।

1. प्रथम आम चुनाव के समय भारत में लगभग 17 करोड़ मतदाता थे। लेकिन इनमें से केवल 15 प्रतिशत ही साक्षर थे। इस तरह एक निरक्षर देश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव सम्पन्न करवाना कठिन कार्य था।

2. भारत में प्रथम आम चुनाव के समय मतदाता सूचीयां बनाई गई। लेकिन इन मतदाता सूचियो मे लगभग 40 लाख महिलाओं के नाम दर्ज होने से रह गये। अतः सम्पूर्ण भारत से पुनः इनकी मतदाता सूचियां बनाना चुनौति पूर्ण कार्य था।

3. प्रथम चुनाव के समय भारत में 20 लाख मत पेटियों का निर्माण किया गया। जो काफी कठिन कार्य था।

**5. ''भारत में प्रथम आम चुनाव सफल सिद्ध हुआ था।'' इस कथन को तर्क सहित स्पष्ट करे।**

**उत्तर:-** भारत में प्रथम आम चुनाव सफल सिद्ध हुआ था।'' इस कथन के लिए निम्न तर्क दिये जा सकते है –

1. भारत के प्रथम आम चुनाव में जनता ने बढ़–चढ़कर भाग लिया था। तथा आधे से अधिक लोगों ने मतदान किया था।

2. प्रथम आम चुनाव में एक सींट के लिए औसतन 4 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

3. प्रथम आम चुनाव के नतीजों को हारने वाले उम्मीदवारों ने भी निष्पक्ष और सही ठहराया था।

**6. भारत में प्रारम्भ से वर्तमान तक प्रचलित मतदान के तरीके बताइए।**

**उत्तर:-** भारत में प्रारम्भ से वर्तमान तक प्रचलित मतदान के तरीकों में काफी बदलाव हुए है। जिनमें से तीन प्रमुख निम्न है–

1. <u>मत पेटी द्वारा मतदान</u> :– प्रारम्भिक दो आम चुनावों में मतदान के लिए मत पेटीयों का प्रयोग किया गया। इन मत पेटीयो पर उम्मीदवार का चुनाव चिन्ह और नाम लिखा हुआ होता था। मतदान के लिए मुहर लगा सफेद कागज इन मत पेटीयों में डाला जाता था।

2. <u>मतपत्र से मतदान</u> :– दो आम चुनावों के बाद मतपत्र के माध्यम से चुनाव होने लेगे। इस मतपत्र पर उम्मीदवार का नाम और चुनाव चिन्ह होता था। जिस उम्मीदवार को वोट देना होता, उसके सामने निर्वाचन आयोग की मुहर लगाकर मतपत्र को मत पेटी में डाल दिया जाता था। यह तरीका लगभग 40 वर्षो तक काम में लिया गया।

3. <u>ई. वी. एम. (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) से मतदान</u> :– भारत में 1990 के बाद मतदान के तरीके में फिर से बदलाव किया गया। अब मतदान ई. वी. एम. से किया जाने लगा। इस मशीन में भी उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिन्ह होते है। मतदाता को जिस उम्मीदवार को मत देना होता है उस उम्मीदवार के सामने वाले बटन को दबाया जाता है। और मतदान हो जाता है। सम्पूर्ण भारत में 2004 तक ई. वी. एम. के माध्यम से मतदान होने लग गया।

शेखावाटी मिशन -100

**7. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विषय में आप क्या जानते है?**

**उत्तरः-** श्यामा प्रसाद मुखर्जी संविधान सभा के सदस्य थे। वे हिन्दू महासभा के महत्वपूर्ण नेता तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। वे कश्मीर को स्वायतता देने के विरूद्ध थे। कश्मीर नीति पर जनसंघ के प्रदर्शन के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया तथा 1953 में हिरासत में ही उनकी मृत्यु हो गई।

**8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणीयाँ लिखिए—**

1. भारतीय जनसंघ 2. कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इण्डिया

**उत्तरः-** 1. भारतीय जनसंघ :—

स्थापना — 1951, चुनाव चिन्ह— दीपक, संस्थापक अध्यक्ष — श्यामा प्रसाद मुखर्जी,

प्रमुख नेता — दीन दयाल उपाध्याय, बलराज मधोक

प्रमुख विचारधारा :—

(अ) भारतीय जनसंघ ने अंग्रेजी को हटाकर हिन्दी को राजभाषा बनाने पर जोर दिया।

(ब) धार्मिक व सांस्कृतिक अल्पसंख्यको को रियायत देने की बात का विरोध किया।

(स) जनसंघ ने भारत और पाकिस्तान को एक करके अखण्ड भारत बनाने की बात कही।

(द) जनसंघ ने एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र के विचार पर बल दिया।

नोट :— भारतीय जनसंघ को प्रथम आम चुनाव में 3 सीटे व दुसरे आम चुनाव में 4 सीटे मिली।

2. कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ इण्डिया :— भारत के कम्युनिष्ट 1917 की रूस की क्रांति से प्रभावित थे। कांग्रेस से साम्यवादी (कम्युनिष्ट) दिसम्बर 1941 में अलग हुये।

चुनाव चिन्ह :— दरांती और हथौड़ा, विभाजन :— 1964 में सी.पी.आई और सी.पी.आई (एम) में।

प्रमुख नेता :— ए.के. गोपालन, एस.ए.डांगे, ई.एम.एस.नम्बुदरीपाद, पी.सी. जोशी, अजय घोष व पी.सुंदरैया

विचारधारा :— (अ) इस पार्टी का मानना है कि 1947 में सत्ता का जो हस्तांतरण हुआ था, वह सच्ची आजादी नहीं है।

(ब) यह दल लोकतांत्रिक पद्धति और समाजवाद में आस्था रखता है।

(स) यह दल पूँजीवादी व्यवस्था का विरोधी तथा राज्य नियंत्रित अर्थव्यवस्था का समर्थक था।

(द) यह दल मजदूरों और किसानों के हितों का पक्षधर है।

शेखावाटी मिशन - 100



# अध्याय - 3
# नियोजित विकास की राजनीति
अंक भार - (2+1+2=5)

**वस्तुनिष्ठ (2*1=2)**

**1.** भारत की शुरूवाती दौर के विकास में निम्न में से कौनसा विचार शामिल नहीं था?
(1) नियोजन (2) उदारीकरण (3) आत्मनिर्भरता (4) सहकारी खेती (2)

**2.** बॉम्बे प्लान कब प्रस्तुत किया गया था?
(1) 1940 (2) 1942 (3) 1944 (4) 1950 (3)

**3.** योजना आयोग की जगह नीति आयोग ने कब ली?
(1) 2010 (2) 2015 (3) 2017 (4) 2020 (2)

**4.** दूसरी पंचवर्षिय योजना में मुख्य जोर किस पर दिया गया?
(1) कृषि (2) उद्योग (3) संचार (4) सभी (2)

**5.** लौह अयस्क का विशाल भण्डार था?
(1) उड़ीसा (2) पंजाब (3) केरल (4) उत्तर प्रदेश (1)

**6.** भारत में नये आर्थिक सुधारों की शुरूआत किस सरकार के समय में हुयी थी?
(1) राजीव गाँधी (2) अटल बिहारी वाजपेयी
(3) मनमोहन सिंह (4) पी. वी. नरसिम्हा राव (4)

**7.** बॉम्बे प्लान के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य सही है?
(1) यह भारत के आर्थिक भविष्य का ब्ल्यू प्रिंट था।
(2) इसकी रचना कुछ अग्रणी उद्योगपतियों ने की थी।
(3) इसमें नियोजन के विचार का पुरजोर समर्थन किया गया था।
(4) उपर्युक्त सभी वाक्य सही है। (4)

**8.** द्वितीय पंचवर्षिय योजना के योजनाकार कौन थे?
(1) पी. सी. महालनोबिस (2) जे. सी. कुमारप्पा
(3) पी. जी. कुरियन (4) जवाहर लाल नेहरू (1)

**रिक्तस्थान (1*1)**

1. **..........................पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया।**

**उत्तरः-** दूसरी

2. **केरल में विकास और नियोजन के लिए जो रास्ता चुना उसे .....................कहा जाता है।**

**उत्तरः-** केरल मॉडल

3. **1944 में उद्योगपतियों के समूह द्वारा नियोजित अर्थव्यवस्था के प्रस्ताव को ................कहा जाता है।**

**उत्तरः-** बॉम्बे प्लान

4. **'इकॉनोमी ऑफ परमानेंस' के लेखक ...................... है।**

**उत्तरः-** जे.सी.कुमारप्पा

5. **भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के संस्थापक.................... है।**

**उत्तरः-** पी.सी. महालनोबिस

6. **केरल मॉडल में .......................... पर जोर दिया जाता रहा है।**

**उत्तरः-** शिक्षा एवं स्वास्थ्य

शेखावाटी मिशन - 100

**7. चौथी पंचवर्षीय योजना ................. से शुरू होनी थी।**

**उत्तर:-** 1966

**8. .................से उन लोगों की तरफ संकेत किया जाता है जो गरीब और पिछड़े सामाजिक समूह की तरफदारी करते है।**

**उत्तर:-** वामपंथ

**9. पहली पंचवर्षीय योजना का मूलमंत्र था ''धीरज'', लेकिन दूसरी योजना की कोशिश तेज गति से ................... बदलाव करने की थी।**

**उत्तर:-** संरचनात्मक

**10. ........................... को नीति आयोग की स्थापना हुई।**

**उत्तर:-** 01 जनवरी 2015

**अतिलुघुत्तरात्मक (2*1=2)**

**1. बाम्बे प्लान योजना भारत के उद्योगपत्तियों द्वारा कब तैयार की गई?**

**उत्तर:-** 1944 में

**2. योजना आयोग की जगह नई संस्था कौनसी बनाई गई?**

**उत्तर:-** नीति आयोग

**3. नीति आयोग का अध्यक्ष कौन होता है?**

**उत्तर:-** प्रधानमंत्री

**4. 1969 में केन्द्र सरकार ने कितने बैंकों को राष्ट्रीयकरण किया?**

**उत्तर:-** 14 बैंकों का

**5. भारतीय साख्यिकी संस्थान के संस्थापक कौन थे?**

**उत्तर:-** पी.सी. महालनोबिस

**6. जैसी कुमारप्पा का असली नाम क्या था?**

**उत्तर:-** जे.सी. कॉर्नेलियस

**7. किस पचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों पर बल दिया गया?**

**उत्तर:-** दूसरी

**8.** बॉम्बे प्लान क्या था?

**उत्तर –** 1944 में उद्योगपतियों का एक तबका एकजूट हुआ। इस समूह ने देश में नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने के लिए एक संयुक्त प्रस्ताव तैयार किया। जिसे बॉम्बे प्लान के नाम जाना जाता है।

**9.** भारत में नियोजन के दो उद्देश्य लिखिए।

**उत्तर –** 1. देश की राष्ट्रीय आय को बढ़ाना। 2. क्षेत्रीय असंतुलन को कम करना।

**10.** विकास के शुरूआती दौर में उठे दो प्रमुख सवाल क्या थे?

**उत्तर –** 1. कृषि बनाम उद्योग 2. निजी क्षेत्र बनाम सार्वजनिक क्षेत्र

**11.** सार्वजनिक क्षेत्र का मुख्य उद्देश्य क्या है?

**उत्तर –** आधारभूत उद्योगों का विकास करना तथा आर्थिक समानता की स्थापना करना ही मुख्य उद्देश्य है।

**12.** नियोजन में किन किन बातों को शामिल किया जाता है?

**उत्तर –** 1. उपलब्ध संसाधनों का सही आकलन करना ।

2. उपलब्ध साधनों के अधिकतम उपयोग हेतु योजना तैयार करना।

3. योजना का सही क्रियान्वयन करना।

शेखावाटी मिशन - 100

**13.** **वामपंथ से आपका क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर -** वामपंथ उन लोगों के लिए संकेत करता है। जो गरीब व पिछड़े सामाजिक समूह की तरफदारी करते है और इन तबको को फायदा पहुँचाने वाली सरकारी नीतियों का समर्थन करते है।

**14.** **दक्षिणपंथ से क्या आशय है?**

**उत्तर -** दक्षिणपंथ विचारधारा के लोग यह मानते है कि खुली प्रतिस्पर्धा और बाजारमूलक अर्थव्यवस्था के माध्यम से ही प्रगति हो सकती है।

**15.** **सार्वजनिक क्षेत्र का महत्व बताइए।**

**उत्तर -** सार्वजनिक क्षेत्र का महत्व :—

1. रोजगार के अवसरो में वृद्धि 2. बीमार कारखानों की पुनर्स्थापना 3. निर्यात में वृद्धि।

**16.** **भारत में आर्थिक सुधारों की नीति कब प्रारम्भ की?**

**उत्तर -** 1991 में वितिय संकट से उभरने एवं आर्थिक वृद्धि की उच्च दर प्राप्त करने के लिए।

**17.** **गाँधीवादी आर्थिक नीतियों को लागू करने की कोशिश किसने की?**

**उत्तर -** जे. सी. कुमारप्पा ने

**18.** **'इकोनोमी ऑफ परमानेन्स' पुस्तक के लेखक थे?**

**उत्तर -** जेसी कुमारप्पा

**19.** **स्वतंत्रता के बाद भारत में किस प्रकार की आर्थिक नीति अपनायी?**

**उत्तर -** संरक्षणवाद की नीति।

**20.** **नीति आयोग का पूरा नाम क्या है?**

**उत्तर -** राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (National Institute for Transforming India - NITI)

**21.** **योजना आयोग की स्थापना कब हुई?**

**उत्तर -** 1950 में।

**22.** **भारत में नियोजन प्रक्रिया किस देश से ली गई?**

**उत्तर -** सोवियत संघ

**23.** **पहली पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल था–**

**उत्तरः-** 1951 से 1956 तक

**24.** **पहली पंचवर्षीय योजना में सर्वाधिक प्राथमिकता किसे दी गई–**

**उत्तरः-** कृषि क्षेत्र

**25.** **स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद किस आर्थिक प्रणाली को भारत में अपनाया गया।**

**उत्तरः-** मिश्रित अर्थव्यवस्था

**26.** **दूसरी पंचवर्षीय योजना कब शुरू हुई?**

**उत्तरः-** 1956 में

**27.** **पोस्को प्लांट कौनसे राज्य और खनिज से संबंधित है?**

**उत्तरः-** ओडिशा (उड़ीसा) राज्य और लौह अयस्क से संबंधित है।

**28.** **स्वतंत्रता के समय भारत के सामने विकास के कौन—कौनसे मॉडल थे?**

**उत्तरः-** (1) पूँजीवादी मॉडल (2) समाजवादी मॉडल

**29.** **वर्तमान में नीति आयोग का अध्यक्ष कौन है?**

**उत्तरः-** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

**30.** **अन्तिम पंचवर्षीय योजना कौनसी थी, उसकी समयावधि भी बताइए।**

**उत्तरः-** 12 वीं, 2012 से 2017 तक

**31.** **प्रथम और द्वितीय पंचवर्षीय योजना की समयावधि बताइए।**

**उत्तरः-** प्रथम पंचवर्षीय योजना — 1951—1956

द्वितीय पंचवर्षीय योजना — 1956—1961

शेखावाटी मिशन - 100

**32. प्रथम पंचवर्षीय योजना का योजनाकार कौन था और इसमें किस क्षेत्र पर जोर दिया गया?**

**उत्तरः-** के.एन.राज, इस योजना में कृषि क्षेत्र पर जोर दिया गया।

**33. भाखड़ा—नांगल जैसी विशाल परियोजनाओं के लिए बड़ी धनराशि कौनसी पंचवर्षीय योजना में खर्च की गई?**

**उत्तरः-** प्रथम पंचवर्षीय योजना में

**34. नव लोकतान्त्रिक पहल नाम से अभियान कब व कहाँ पर चलाया गया था?**

**उत्तरः-** केरल में 1987 से 1991 के बीच सरकार ने नव लोकतान्त्रिक पहल नाम से अभियान चलाया था।

**35. केरल मॉडल से आप क्या समझते है?**

**उत्तरः-** केरल में विकास और नियोजन के लिए जो रास्ता चुना गया है, उसे केरल मॉडल कहा जाता है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि—सुधार, कारगर खाद्य वितरण और गरीबी उन्मूलन पर जोर दिया जाता है।

**36. भारत में नियोजन की आवश्यकता क्यो हैं?**

**उत्तरः-** भारत में नियोजन की आवश्यकता मुख्यतः निम्नलिखित कारणों से है-

1. नियोजन के द्वारा आर्थिक एवं सामाजिक जीवन के विभिन्न अंगों में समन्वय स्थापित करके समाज की उन्नति की जा सकती है।
2. नियोजन द्वारा सामाजिक व आर्थिक विकास न्याय की स्थापना की जा सकती है।

**37. नियोजन से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तरः-** किसी भी कार्य को क्रमबद्ध व सुव्यवस्थित रूप से करने की प्रक्रिया नियोजन कहलाती है। किसी कार्य को करने से पहले सोचना तथा तथ्यों को ध्यान में रख कर रूप रेखा बनानी होती है।

**38. योजना आयोग पर टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तरः-** योजना आयोग की स्थापना 1950 में की गई। यह एक गैर संवैधानिक संस्था थी जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते थे। इसका मुख्य कार्य भारत के लिए योजना बनाना था। वर्तमान में योजना आयोग को समाप्त कर 1 जनवरी, 2015 को इसके स्थान पर नीति आयोग की स्थापना की गई।

**39. राष्ट्रीय विकास परिषद के मुख्य कार्य बताईए।**

**उत्तरः-** राष्ट्रीय विकास परिषद के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं -

1. राष्ट्रीय योजना की प्रगति पर समय-समय पर विचार करना।
2. राष्ट्रीय विकास को प्रभावित करने वाली आर्थिक व सामाजिक नीतियों संबंधी विषयों पर विचार करना।
3. योजना आयोग द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय योजना पर विचार करना।

**40. पंचवर्षीय योजनाओं के प्रमुख उद्देश्य लिखिए।**

**उत्तरः-** **1. आर्थिक वृद्धि** - आर्थिक वृद्धि के अभिप्राय है- निरन्तर घरेलु उत्पाद तथा प्रति सकल घरेलु उत्पादन में वृद्धि। लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए आर्थिक संवृद्धि आवश्यक है।

**2. आधुनिकीकरण-** उत्पादन में नई तकनीक का प्रयोग तथा सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन को आधुनिकीकरण कहते हैं। यह आधुनिकीकरण पंचवर्षीय योजना का प्रमुख उद्देश्य था।

**3. आत्मनिर्भरता व समानता –** पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य आयात को कम करके उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाना था तथा अमीर व गरीब के बीच की दूरी को कम करके समानता स्थापित करना था।

**41. मिश्रित अर्थव्यवस्था का अर्थ बताईए।**

**उत्तरः-** भारत के विकास के लिए पूँजीवादी और समाजवादी मॉडल दोनों की कुछ बातों को लिया गया और उन्हें मिले जुले रूप से लागु किया गया, इसी कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था कहा जाता है।

**42. मिश्रित अर्थव्यवस्था की विशेषताऐं बताईए।**

**मिश्रित अर्थव्यवस्था की विशेषताऐ -**

**उत्तरः-** 1. इसमें खेती, किसानी, व्यापार और उद्योगों का एक बड़ा भाग निजी क्षेत्र के हाथों में रहा।

2. राज्य ने अपने हाथ में भारी उद्योग रखे एवं उसने आधारभूत ढ़ाँचा प्रदान किया।
3. राज्य ने व्यापार का नियमन किया तथा कृषि क्षेत्र में कुछ बड़े हस्तक्षेप किए।



शेखावाटी मिशन - 100

**45. पी.सी. महालनोबिस कौन थे?**

**उत्तरः-** पी.सी. महालनोबिस अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विख्यात वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद थे। इन्होंने सन् 1931 में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना की थी। वे दूसरी पंचवर्षीय योजना के योजनाकार थे तथा तीव्र औद्योगिकरण तथा सार्वजनिक क्षेत्र की सक्रिय भूमिका के समर्थक थे।

**46. जे.सी. कुमारप्पा पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तरः-** जे.सी. कुमारप्पा का जन्म 1892 में हुआ। इनका असली नाम जे.सी. कार्नेलियस था। आजादी के बाद उन्होनें गाँधीवादी आर्थिक नीतियों को लागू करने का प्रयास किया। उनकी कृति 'इकॉनामी ऑफ परमानैस' को बड़ी ख्याती मिली। योजना आयोग के सदस्य के रूप में भी इनको ख्याती प्राप्त हुई।

**47. नीति आयोग पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तरः-** नीति आयोग का पूरा नाम ''राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान है। यह भारत सरकार का एक थिंक टैंक है जो देश के विकास के लिए रणनीति और तकनीकी सलाह देता है। इसकी स्थापना योजना आयोग के स्थान पर 01 जनवरी 2015 को हुई थी। प्रधानमंत्री इसके पदेन अध्यक्ष होते है।

शेखावाटी मिशन - 100



# अध्याय – 4
# भारत के विदेश संबंध
**अंक भार - (2+3=5)**

वस्तुनिष्ठ (2*1=2)

**1. पंचशील के पाँच सिद्धान्त किसके द्वारा घोषित किये गये थे?**
(1) राजीव गांधी (2) अटल बिहारी वाजपेयी (3) जवाहर लाल नेहरू (4) लाल बहादुर शास्त्री (3)

**2. गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के प्रणेता है–**
(1) नासिर (2) मार्शल टीटो (3) जवाहर लाल नेहरू (4) उपर्युक्त सभी (4)

**3. गुटनिरपेक्षता की नीति के संदर्भ में तटस्था का अर्थ है–**
(1) युद्ध में शामिल न होने की नीति का पालन करना।
(2) आर्थिक रूप से ज्यादा विकास की नीति अपनाना।
(3) स्वयं को अन्तर्राष्ट्रीय मामलों से काट कर रखना।
(4) उपर्युक्त सभी (1)

**4. निम्न में से कौनसा कथन गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालता है।**
(1) किसी भी सैन्य संगठन में शामिल होने से इंकार करना।
(2) उपनिवेशवाद से मुक्त हुए देशों को स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने में समर्थन करना।
(3) वैश्विक आर्थिक असमानता की समाप्ति पर ध्यान केन्द्रित करना।
(4) उपर्युक्त सभी (4)

**5. भारत और पाकिस्तान के बीच 1948 में हुए युद्ध के फलस्वरूप किस प्रान्त के दो हिस्से हुए?**
(1) बिहार (2) राजस्थान (3) असम (4) कश्मीर (4)

**6. भारतीय विदेश नीति की प्रमुख विशेषता है।**
(1) सैनिक गुट (2) पंचशील (3) गुटबंदी (4) उदासीनता (2)

**7. भारतीय विदेशनीति किन कारको से प्रभावित है?**
(1) घरेलु कारक (2) सांस्कृतिक कारक (3) अन्तर्राष्ट्रीय कारक (4) घरेलु व अन्तर्राष्ट्रीय कारक (4)

**8. भारतीय विदेशनीति के जनक है–**
(1) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (2) मौलाना आजाद (3) जवाहर लाल नेहरू (4) सरदार पटेल (3)

**9. वर्तमान में गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के कितने सदस्य है?**
(1) 110 (2) 117 (3) 115 (4) 120 (4)

**10. किस वर्ष इंदिरा गांधी ने सोवियत संघ के साथ 20 वर्ष के लिए शांति, सहयोग व मित्रता की संधि पर हस्ताक्षर किए थे?**
(1) 1972 (2) 1971 (3) 1947 (4) 1977 (2)

**11. 1950 में किस देश ने तिब्बत पर नियंत्रण स्थापित किया था?**
(1) नेपाल (2) भारत (3) चीन (4)भूटान (3)

**12. किस वर्ष तिब्बती नेता दलाई लामा ने भारत से शरण माँगी?**
(1) 1947 (2) 1952 (3) 1955 (4) 1959 (4)

**13. भारत का सिंधु नदी जल बंटवारे को लेकर किस देश के साथ विवाद रहा है?**
(1) बांग्लादेश (2) श्रीलंका (3) भूटान (4) पाकिस्तान (4)

**14. 29 अप्रैल 1954 को भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने किस देश के साथ पंचशील के सिद्धान्तों पर हस्ताक्षर किये थे?**
(1) चीन (2) बांग्लादेश (3) भूटान (4) नेपाल (1)



शेखावाटी मिशन - 100

**15. किस वर्ष भारत ने द्वितीय परमाणु परीक्षण किया?**
(1) 1975 (2) 1974 (3) 1998 (4) 1995 (3)

**16. किस वर्ष इंडोनेशिया के बांडुंग शहर में एफ्रो–एशियाई सम्मेलन का आयोजन हुआ?**
(1) 1954 (2) 1955 (3) 1961 (4) 1975 (2)

**17. 1966 में किन दो देशों के मध्य ताशकंद समझौता हुआ?**
(1) भारत और चीन (2) भारत और भूटान (3) भारत और पाकिस्तान (4)भारत और नेपाल (3)

**18. किस वर्ष गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का प्रथम सम्मेलन बेलग्रेड में सम्पन्न हुआ?**
(1) 1920 (2) 1947 (3) 1955 (4) 1961 (4)

**19. भारत ने पहला परमाणु परीक्षण पोकरण में कब किया था?**
(1) 1974 (2) 1976 (3) 1980 (4) 1998 (1)

**20. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए।**
(1) ताशकंद समझौता – 1966
(2) शिमला समझौता – 1972
(3) पंचशील की घोषणा – 1954
(4) भारत–चीन युद्ध – 1962

**उत्तरः–** सभी सुमेलित है।

**21. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने कौनसी आर्मी का गठन किया?**
**उत्तरः–** इंडियन नेशनल आर्मी

**22. चीन की कम्युनिस्ट सरकार को मान्यता देने वाला प्रथम देश कौन था?**
**उत्तरः–** भारत

**23. दलाई लामा ने भारत में अपना निवास कहाँ बनाया?**
**उत्तरः–** धर्मशाला

**24. चीन ने भारत पर आक्रमण कब किया?**
**उत्तरः–** अक्टूबर 1962 में

**25. प्रथम एशियाई संबंध सम्मेलन कब व कहाँ हुआ?**
**उत्तरः–** 1947 ईस्वी में भारत में।

**26. सिन्धु जल समझौता कब और किनके मध्य हुआ?**
**उत्तरः–** सन् 1960 में भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के जनरल अयुब खान के मध्य।

**27. ताशकंद समझौता कब और किसके मध्य हुआ?**
**उत्तरः–** 10 जनवरी,1966 को भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के जनरल अयुब खान के मध्य।

**28. मुजीबुर्रहमान कौन थे?**
**उत्तरः–** पूर्वी पाकिस्तान की आवामी लीग पार्टी के नेता व बांग्लादेश के संस्थापक।

**29. बांग्लादेश स्वतंत्र राष्ट्र कब बना?**
**उत्तरः–** 16 दिसम्बर 1971

**30. शिमला समझौता कब व किसके मध्य हुआ?**
**उत्तरः–** 3 जुलाई 1972 भारत की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच।

**31. भारत ने अपने परमाणु परीक्षण कब किये?**
**उत्तरः–** प्रथम – 18 मई, 1974 में व द्वितीय परीक्षण – 11 व 13 मई, 1998 को।

शेखावाटी मिशन - 100

**32. भारत ने 1968 की परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किये?**

**उत्तरः–** क्योंकि भारत इसे भेदभाव पूर्ण मानता है।

**33. अरब इजरायल युद्ध कब हुआ?**

**उत्तरः–** सन् 1973 में।

**34. सच्ची गुटनिरपेक्षता की नीति की घोषणा किसने की?**

**उत्तरः–** जनता पार्टी की सरकार ने 1977 में।

**35. भारतीय संविधान का कौनसा अनुच्छेद विदेश नीति से संबंधित है?**

**उत्तरः–** अनुच्छेद 51

**36. ब्रिटेन ने स्वेज नहर के मामले को लेकर मिस्र पर आक्रमण कब किया?**

**उत्तरः–** सन् 1956 में।

**37. भारत ने 1949 में कौनसे देश के स्वतंत्रता–संग्राम के समर्थन में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन किया था?**

**उत्तरः–** इण्डोनेशिया।

**38. चीन में साम्यवादी क्रांति कब हुई?**

**उत्तरः–** 1949 में।

**39. ताशकंद समझौते में मध्यस्थ की भूमिका कौनसे देश ने निभाई?**

**उत्तरः–** सोवियत संघ ने।

**40. 1999 में भारत और पाकिस्तान के मध्य कौनसा युद्ध हुआ था?**

**उत्तरः–** कारगिल की लड़ाई।

**41. जय जवान, जय किसान का नारा किस भारतीय प्रधानमंत्री ने दिया था?**

**उत्तरः–** लाल बहादुर शास्त्री।

**42. भारत में रक्षा उत्पाद विभाग व रक्षा आपूर्ति विभाग की स्थापना कब हुई?**

**उत्तरः–** भारत में रक्षा उत्पाद विभाग की स्थापना 1962 में हुई।
भारत में रक्षा आपूर्ति विभाग की स्थापना 1965 हुई।

**43. भारत में चौथी पंचवर्षीय योजना कब शुरू हुई?**

**उत्तरः–** 1969 में

**44. भारत में परमाणु कार्यक्रम की शुरूआत कब और किसके निर्देशन में हुई?**

**उत्तरः–** 1940 के दशक के अंतिम वर्षो में डॉ. होमी जहाँगीर भाभा।

**45. चीन ने परमाणु परीक्षण कब किया था?**

**उत्तरः–** अक्टूबर 1964 में।

**46. 1962 के भारत चीन युद्ध के समय भारत के रक्षा मंत्री कौन थे?**

**उत्तरः–** वी के कृष्णन मेनन

**47. भारत के कौनसे राज्य को नेफ्फा या उत्तरी–पूर्वी सीमांत कहा जाता है?**

**उत्तरः–** अरूणाचल प्रदेश

**48. सी टी बी टी का पूरा नाम लिखिए।**

**उत्तरः–** व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि।

**दीर्घलघुत्त्रात्मक प्रश्न (1*3)**

**1. जवाहर लाल नेहरू द्वारा निर्मित विदेशनीति के प्रमुख उद्देश्य क्या थे?**

**उत्तरः–** (1) कठिन संघर्ष से प्राप्त सम्प्रभुता को बनाये रखना। (2) क्षैत्रिय अखण्डता को बनाए रखना।
(3) तेज रफ्तार से आर्थिक विकास करना। (4) सैन्य गुटों से दूरी बनाये रखना।

**2. बांडुग सम्मेलन कब हुआ तथा इससे किस आन्दोलन की नींव पड़ी?**

**उत्तरः–** बांडुग सम्मेलन 1955 में हुआ तथा इस अफ्रो–एशियाई सम्मेलन से गुटनिरपेक्ष आन्दोलन की नींव पड़ी।



शेखावाटी मिशन - 100

**3. भारत व चीन के मध्य विवाद का मुख्य मुद्दा क्या था?**

**उत्तरः-** भारत व चीन के मध्य सीमा विवाद मुख्य मुद्दा है कि चीन लद्दाख वाले हिस्से के अक्साई चीन व अरूणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताता है।

**4. 1962 के युद्ध के बाद भारत–चीन संबंध कब बहाल हुए?**

**उत्तरः-** 1976 में दोनों देशों के मध्य राजनीतिक संबंध बहाल हुए तथा शीर्ष नेता के तौर पर अटल बिहारी वाजपेयी 1979 में चीन गये।

**5. भारत व पाकिस्तान के मध्य प्रमुख विवाद क्या है?**

**उत्तरः-** भारत–पाकिस्तान के मध्य प्रमुख विवाद कश्मीर समस्या, सरक्रिक सीमा विवाद, नदी जल विवाद तथा पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आंतकवाद आदि है।

**6. शिमला समझौता क्या है?**

**उत्तरः-** 3 जुलाई 1972 भारत और पाकिस्तान के मध्य शिमला समझौता हुआ। जिसका मुख्य प्रावधान दोनों राष्ट्र आपसी विवाद द्विपक्षीय बातचीत द्वारा सुलझायेगे।

**7. प्रथम एफ्रो–एशियाई एकता सम्मेलन कहाँ हुआ? इसकी दो विशेषताएं बताइए।**

**उत्तरः-** प्रथम एफ्रो–एशियाई एकता सम्मेलन इण्डोनेशिया के बांडुग में 1955 में हुआ। इसकी प्रमुख विशेषताएं निम्न है– 1. इस सम्मेलन में गुट निरपेक्ष आन्दोलन की नींव पड़ी।

2. इस सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों ने नस्लवाद विशेषकर दक्षिणी अफ्रीका में रंग–भेद का विरोध किया।

**8. ऐसे दो मसलो के नाम बताइएं जिन पर भारत –बांग्लादेश के बीच आपसी सहयोग है?**

**उत्तरः-** 1. आपदा प्रबन्धन और पर्यावरण के मुद्दों पर दोनों देशों ने निरन्तर सहयोग किया है।

2. आर्थिक संबंधों के क्षेत्र में भी दोनों देश परस्पर सहयोगी रहे है। बांग्लादेश भारत की ''एक्ट ईस्ट'' नीति का हिस्सा है।

**9. भारत और भूटान के मध्य सहयोग के दो क्षेत्र बताइएं।**

**उत्तरः-** 1. भूटान ने पूर्वोतर भारत के उग्रवादियों और गुरिल्लों को अपने क्षैत्र से खदेड़ भगाया। भूटान के इस कदम से भारत को बड़ी सहायता मिली है।

2. भारत भूटान में पन बिजली की बड़ी परियोजनाओं में सहयोग कर रहा है।

**10. भारत द्वारा परमाणु नीति अपनाने के मुख्य कारण बताइए।**

**उत्तरः-** 1. भारत परमाणु नीति एवं परमाणु हथियार बनाकर दूसरे देशों के आक्रमण से बचने के लिए न्यूनतम अवरोध की स्थिति प्राप्त करना चाहता है।

2. भारत के दो पड़ोसी देश चीन एवं पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार है और इन दोनों देशों से भारत युद्ध भी लड़ चुका है।

**11. वी.के. कृष्ण मेनन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तरः-** वी. के. कृष्ण मेनन भारतीय राजनयिक एवं मंत्री थे। 1934 से 1947 के समय काल में ये इंग्लैण्ड की लेबर पार्टी में सक्रिय थे। वे इंग्लैण्ड में भारतीय उच्चायुक्त एवं बाद में संयुक्त राष्ट्र संघ में भारतीय प्रतिनिधि मंडल के मुखिया थे। वे राज्यसभा के सांसद एवं बाद में लोकसभा सांसद बने। 1956 से संघ केबिनेट के सदस्य थे। 1957 से रक्षा मंत्री का पद संभाला। उन्होंने 1962 में भारत–चीन के युद्ध के बाद इस्तीफा दे दिया।

**12. वर्तमान में भारतीय गुटनिरपेक्षता की नीति की उपलब्धियाँ बताइए।**

**उत्तरः-** 1. भारत इस नीति पर चलकर ही शीतयुद्ध के दौरान दोनों गुटों से बिना शर्त सहायता प्राप्त करने में सफल रहा।

2. गुटनिरपेक्षता की नीति भारत के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप रही, इसी कारण कश्मीर समस्या पर भारत को रूस का समर्थन मिलता रहा है।

3. भारत की गुट निरपेक्षता की नीति ने उसे आत्म–निर्भरता का पाठ पढ़ाया।

4. भारत की गुट निरपेक्षता की नीति विश्व शांति में सहायक रही।



शेखावाटी मिशन - 100

**13. भारत–चीन सहयोग के कोई दो बिंदु लिखिए।**

**उत्तरः-** 1. 1993 के व्यापारिक समझौते के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार निरन्तर बढ़ता जा रहा है।

2. दोनों पक्षों में यह सहमति बनी है कि वे विश्व व्यापार संगठन की बैठकों में दोनों के हितों से जुड़े मुद्दों पर परस्पर सहयोग करेगे।

3. भारत और चीन अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग और विकास के लिए अनेक संगठनों के सदस्य है।

**14. भारत की परमाणु नीति क्या है?**

**उत्तरः-** भारत ने परमाणु नीति में यह बात स्वीकार की है कि भारत इन हथियारों का प्रयोग शांति व ऊर्जा के क्षेत्र में करेगा। भारत अपने परमाणु हथियारों का प्रयोग परमाणु विहिन राष्ट्र के विरूद्ध नहीं करेगा और भारत परमाणु हमले की पहले नहीं करेगा। लेकिन भारत अपनी रक्षा के लिए परमाणु हथियार रखेगा।

**15. भारत और पाकिस्तान के मध्य विवाद के कोई दो मुद्दे बताइए।**

**उत्तरः-** (1) कश्मीर विवाद, सीमा रेखा विवाद, नदी जल विवाद।

(2) पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आंतकवाद।

**16. भारत की सुरक्षा रणनीति के कोई दो घटक बताइए।**

**उत्तरः-** (1) अपने चारों तरफ परमाणु हथियारों से लैस देशों को देखते हुए भारत ने 1974 व 1998 में परमाणु परीक्षण कर अपनी सैन्य क्षमता का विकास किया है।

(2) भारत ने अपने सुरक्षा हितों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कायदों एवं संस्थाओं को मजबूत करने की नीति अपनाई है।

**17. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 में अन्तर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के बढ़ावे के लिए राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों में क्या कहा गया है?**

**उत्तरः-** 1. अन्तर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा की अभिवृद्धि का प्रयास।

2. राष्ट्रों के बीच न्याय संगत और सम्मान पूर्ण संबंधों को बनाये रखने का प्रयास।

3. भारत के लोगों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों और संधि समझौतो के प्रति आदर बढ़ाने का प्रयास।

4. अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को मध्यस्था द्वारा सुलझाने का प्रयास।

**18. भारत और चीन या भारत और पाकिस्तान के मध्य विवादों को हल करने के सुझाव दीजिए।**

**उत्तरः-** भारत और चीन या भारत और पाकिस्तान के मध्य विवादों को हल करने के लिए निम्न सुझाव देगे–

1. दोनों देशों को आपसी विवादों को शांति पूर्ण बातचीत से हल करना चाहिए।

2. दोनों देशों के आपसी सीमा विवादों को मध्यस्था के द्वारा हल करना चाहिए।

3. दोनों देशों के राजनेताओं को एक–दूसरे देशो की राजनीतिक यात्राएं करनी चाहिए।

4. दोनों देशों को आपस में व्यापारिक संबंध मजबूत करने चाहिए।

**19. भारत की विदेश नीति की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।**

**उत्तरः-** 1. शांति व सहयोग की नीति

2. पचंशील की नीति

3. अफ्रो–एशियाई देशों की एकता का समर्थन

4. निःशस्त्रीकरण की नीति

**20. पंचशील की नीति पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तरः-** पंचशील समझौता 29 अप्रैल 1954 को भारत के प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू व चीनी प्रधानमंत्री चाऊ–एन–लाई के मध्य हुआ था। जिसमें निम्न बातें स्वीकार की गई।

1. एक–दूसरे की सम्प्रभुत्ता व अखण्डता का सम्मान करेगें।

2. एक–दूसरे पर आक्रमण नहीं करेगे।

3. एक–दूसरे के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगे।

4. एक–दूसरे के साथ परस्पर लाभ व समानता के आधार पर कार्य करेगे।

5. शांति पूर्ण सह–अस्तित्व बनाये रखगे।



शेखावाटी मिशन - 100

# अध्याय - 5
## कांग्रेस प्रणाली:- चुनौतियां और पुनर्स्थापना
अंक भार - (1+4=5)

वस्तुनिष्ठ (1*1)

1. **कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व केन्द्र में कब तक रहा?**
(1) 1947 से 1990 तक (2) 1947 से 1960 तक
(3) 1947 से 1989 तक (4) 1947 से 1980 तक (3)

2. **सन् 1971 के आम चुनाव में गरीबी हटाओ का नारा किसने दिया?**
(1) सुभाष चन्द्र बोस (2) लाल बहादुर शास्त्री (3) जवाहर लाल नेहरू (4) इंदिरा गांधी (4)

3. **बांग्लादेश का निर्माण हुआ।**
(1) 1966 (2) 1970 (3) 1971 (4) 1972 (3)

4. **भारत में किस राज्य में सर्व प्रथम गैर कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ?**
(1) पश्चिम बंगाल (2) राजस्थान (3) तमिलनाडु (4) केरल (4)

5. **कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक थे।**
(1) श्यामाप्रसाद मुखर्जी (2) आचार्य नरेन्द्र देव (3) ए.वी. वर्धन (4) कु. मायावती (2)

6. गैर–कांग्रेसवाद का नारा दिया।
(1) इंदिरा गांधी (2) के. कामराज (3) राम मनोहर लोहिया (4) मोरारजी देसाई (3)

7. **स्वतंत्र भारत में पहला आम चुनाव कब हुआ था?**
(1) 1951 (2) 1952 (3) 1962 (4) 1972 (2)

8. **सन् 1977 में बनी प्रथम गैर–कांग्रेसी सरकार का नेतृत्व किया।**
(1) अटल बिहारी वाजपेयी (2) चरण सिंह (3) जयप्रकाश नारायण (4) मोरारजी देसाई (4)

9. **कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया भारत में पहली बार किस राज्य में सत्ता में आई?**
(1) पश्चिम बंगाल (2) त्रिपुरा (3) केरल (4) गोवा (3)

10. **द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम पार्टी का गठन किसने किया?**
(1) के. कामराज (2) एस. निजलिंगप्पा (3) वी.वी. गिरी (4) सी. नटराजन अन्नादुरई (4)

11. **पहली बार राज्यों से कांग्रेस का दबदबा कब सामप्त हुआ–**
(1) 1963 के आम चुनावों से (2) 1967 के आम चुनावों से
(3) 1971 के आम चुनावों से (4) 1989 के आम चुनावों से (2)

12. **स्वतंत्रता के पश्चात कांग्रेस पार्टी का विभाजन हुआ–**
(1) 1951 में (2) 1969 में (3) 1977 में (4) 1989 में (2)

13. **सिंडिकेट था–**
(1) कांग्रेस के प्रभावशाली नेताओं का गुट (2) इंदिरा गाँधी के विरोधियों का गुट
(3) कांग्रेस अध्यक्ष की कार्यकारिणी (4) कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य (1)

14. **राज्यों में गठबंधन सरकारों की शुरूआत माना जाती है–**
(1) 1952 से (2) 1967 से (3) 1971 से (4) 1989 से (2)

15. **राजनीतिक दल–बदल और आयाराम–गयाराम की राजनीति शुरू हुई–**
(1) 1952 (2) 1967 (3) 1971 (4) 1989 (2)

16. **जवाहर लाल नेहरू के राजनीतिक उत्तराधिकारी थे।**
(1) इंदिरा गांधी (2) के. कामराज (3) लाल बहादुर शास्त्री (4) मोरारजी देसाई (3)

17. **शिमला समझौता कब हुआ?**
(1) 03 जुलाई, 1972 (2) 01 सितम्बर, 1961 (3) 10 जनवरी, 1966 (4) 19 सितम्बर, 1960 (1)

18. **केन्द्र में प्रथम गैर कांग्रेस सरकार कब बनी?**
(1) 1951 (2) 1967 (3) 1977 (4) 1989 (3)



शेखावाटी मिशन - 100

**19. कांग्रेस पार्टी किस आम चुनाव में पहली बार सत्ता से बहार हुई?**
(1) तीसरे आम चुनाव में (2) पाँचवे आम चुनाव में
(3) छठे आम चुनाव में (4) नवें आम चुनाव में (3)

**20. भारत में चौथा आम चुनाव कब हुआ?**
(1) 1965 (2) 1967 (3) 1971 (4) 1957 (2)

**21. इन्दिरा गाँधी प्रथम बार कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष कब बनी?**
(1) 1960 (2) 1959 (3) 1958 (4) 1957 (3)

**22. भारत का पहला परमाणु परीक्षण व प्रथम उपग्रह आर्यभट्ट किस प्रधानमंत्री के काल में प्रक्षेपित किया गया?**
(1) मोरार जी देसाई (2) इंदिरा गाँधी (3) वी.पी. सिंह (4) नरेन्द्र मोदी (2)

**23. मार्च 1983 में नई दिल्ली में आयोजित हुए गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की?**
(1) इंदिरा गाँधी (2) चौधरी चरण सिंह
(2) अटल बिहारी वाजपेयी (4) एच.डी. देवगौड़ा (1)

**24. भारतीय राजनीति में दल बदल की शुरूआत कब से मानी जाती है?**
(1) 1952 के चुनाव से (2) 1967 के चुनाव से (3) 1977 के चुनाव से (4) 2014 के बाद (2)

**25. दल–बदल विरोधी कानून को भारतीय संविधान की किस अनुसूची में रखा गया है?**
(1) X अनुसूची (2) XI अनुसूची (3) IX अनुसूची (4) VIII अनुसूची (1)

**26. 1971 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा गाँधी की कांग्रेस (आर) को कितने सीटें मिली?**
(1) 352 (2) 258 (3) 345 (4) 313 (1)

**27. भारत में लोकसभा के किस चुनाव से गठबंधन की राजनीति की शुरूआत मानी जाती है?**
(1) 1952 (2) 1957 (3) 1962 (4) 1967 (4)

**28. कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी पार्टी की स्थापना किसने की?**
**उत्तरः–** बाबु जगजीवन राम ने।

**29. भारत में 1975 के आपातकाल की जाँच करने के लिए किस आयोग का गठन किया गया?**
**उत्तरः–** जे.सी.शाह

**30. 1969 में कांग्रेस का विभाजन किन दो गुटों में हुआ?**
**उत्तरः–** (1) कांग्रेस (ओ) (2) कांग्रेस (आर)

**31. 1969 में पहले निर्दलीय राष्ट्रपति कौन बने?**
**उत्तरः–** वी.वी.गिरी

**32. ए विलेज इन चौमू असेम्बली कॉन्सट्ऐसी इन राजस्थान'' नामक पुस्तक किसकी है?**
**उत्तरः–** आनन्द चक्रवृति

**33. 1967 लन्दन टाइम्स में प्रकाशित इण्डियाज डिसइटिग्रेटिंग डेमोक्रेसी लेख किसका है?**
**उत्तरः–** नेविए मैक्सवैल का।

**34.** 1960 के दशक को किसकी संज्ञा दी गई।
**उत्तर –** खतरनाक दशक की।

**35.** लाल बहादुर शास्त्री कब से कब तक प्रधानमंत्री रहे?
**उत्तर –** 1964 से 1966 तक

**36.** पंजाब में बनी संयुक्त विधायक दल की सरकार को कहा गया।
**उत्तर –** PUF की सरकार

शेखावाटी मिशन - 100

**37.** **चन्द्रशेखर, चरणजीत यादव, मोहन धारिया तथा कृष्णकान्त जैसे नेता किस गुट में शामिल थे?**

**उत्तर -** युवा तुर्क गुट में।

**38.** **किंगमेकर किसे कहते है?**

**उत्तर -** किसी नेता को प्रधानमंत्री बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेताओं को किंगमेकर कहा जाता है।

**39.** **नेहरू जी की मृत्यु कब हुयी थी?**

**उत्तर -** 27 मई, 1964 में।

**40.** **1960 के दशक को खतरनाक दशक क्यों माना गया?**

**उत्तर -** नेहरू जी व शास्त्री जी की मृत्यु, 1962 में चीन के साथ तथा 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध, अकाल पड़ने व फसल खराब हो जाने के कारण।

**41.** **नेहरू जी के बाद देश का प्रधानमंत्री कौन बना?**

**उत्तर -** लाल बहादुर शास्त्री जी।

**42.** **लाल बहादुर शास्त्री जी को किन दो चुनौतियों का सामना करना पड़ा था?**

**उत्तर -** भारत चीन युद्ध व पाकिस्तान युद्ध के कारण पैदा हुयी आर्थिक कठिनाईयों व सुखे की स्थिति।

**43.** **ताशकन्द समझौता कब व किनके मध्य सम्पन्न हुआ?**

**उत्तर -** भारत और पाकिस्थान के मध्य 10 जनवरी, 1966 को।

**44.** **ताशकंद समझौता पर हस्ताक्षर किसने किए?**

**उत्तर -** भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयुब खान ने।

**45.** **मद्रास में DMK ने सबसे पहले सरकार कब बनायी?**

**उत्तरः-** 1967 के चुनाव में।

**46.** **भारत में प्रथम मध्यावधि चुनाव कब हुए?**

**उत्तरः-** 1971 का चुनाव

**47.** **कांग्रेस कार्यसमिति ने 10 सूत्रीय कार्यक्रम कब अपनाया—**

**उत्तरः-** 1967 में।

**48.** **1971 के चुनाव इंदिरा गाँधी ने कौनसा नारा दिया गया?**

**उत्तरः-** गरीबी हटाओं का नारा।

**49.** **1971 के चुनाव में इंदिरा गाँधी की कांग्रेस को कितनी सीटें मिली?**

**उत्तरः-** 352 सीटें

**50.** **लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के पश्चात उनके राजनैतिक उत्तराधिकार के लिए इंदिरा गाँधी का मुकाबला किनसे था?**

**उत्तरः-** मोरार जी देसाई

**51.** **सी. नटराजन अन्नादुरई ने 1949 में कौनसी राजनीतिक पार्टी का गठन किया?**

**उत्तरः-** द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम

**52.** **लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यू के पश्चात उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में किन नेताओं के बीच मुकाबला हुआ?**

**उत्तरः-** श्रीमती इंदिरा गाँधी एवं मोरारजी देसाई के मध्य।

लघुत्तरात्मक **(2*2=4)**

1. **लाल बहादुर शास्त्री के सामने रही प्रमुख चुनौतियों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।**

**अथवा**

**लाल बहादुर शास्त्री के प्रधानमंत्री काल में प्रमुख चुनौतियाँ क्या थी?**

**उत्तरः-** लाल बहादुर शास्त्री का प्रधानमंत्री काल काफि छोटा रहा है, परन्तु उनके समय कई चुनौतियाँ देश को देखने को मिली—

(1) 1965 का भारत — पाकिस्तान युद्ध

(2) भारत—चीन व भारत—पाक युद्ध से उत्पन्न आर्थिक संकट

(3) प्राकृतिक विपदा :— सुखे व अकाल की स्थिति जिससे देश में खाद्यान्न संकट उत्पन्न हो गया।



शेखावाटी मिशन - 100

**2. 1960 के दशक को खतरनाक दशक क्यों माना जाता है?**

**उत्तरः-** (1) नेहरू जी व शास्त्री जी की मृत्यु (2) अकाल पड़ने व फसल खराब हो जाने के कारण। (3) भारत को 1962 व 1965 के युद्ध का सामना करना पड़ा।

**3. कांग्रेस प्रणाली क्या है?**

**उत्तरः-** 1952 से 1964 के काल में कांग्रेस के राजनीतिक वर्चस्व के कारण विदेशी विद्वान मॉरिस जॉन्स ने 1964 में भारत की दल प्रणाली को एक दलीए प्रभुत्व की संज्ञा दी तथा रजनी कोठारी ने दल प्रणाली का विश्लेषण करते हुए इसे 1964 में कांग्रेस प्रणाली की संज्ञा दी।

**4. गैर–कांग्रेसवाद क्या है?**

**उत्तरः-** यह समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया द्वारा प्रस्तुत एक राजनीतिक विचारधारा है। जो मुख्यतः कांग्रेस विरोधी और उसे सत्ता से अलग करने के लिए अपनाई गई थी।

**5. राजनीतिक मुहावरा "आया राम, गया राम" से आप क्या समझते है?**

**उत्तरः-** इस मुहावरे का अर्थ नेताओं द्वारा अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए निरंतर दल बदल करना है।

**6. कांग्रेस सिंडिकेट से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर -** कांग्रेस पार्टी के नेता जिनमें कामराज, एस. के. पाटिल, निजलिंगप्पा एवं मोरारजी देसाई आदि समूह को जो कि इंदिरा गाँधी का विरोध करते थे, कांग्रेस सिंडिकेट के नाम से जाना जाता है।

**7. प्रिवीपर्स से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर -** भूतपूर्व देशी राजाओं को भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले विशेष भते को प्रिवीपर्स के नाम से जाना जाता है, जिसे इंदिरा गांधी की सरकार ने 1971 में 26 वें संविधान संशोधन से खत्म किया था।

**8. 10 सूत्री कार्यक्रम कब और क्यों लागू किया गया था?**

**उत्तर -** 10 सूत्री कार्यक्रम 1967 में कांग्रेस की प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित करने के लिए श्रीमति इंदिरा गाँधी द्वारा लागू किया गया था।

**9. कामराज योजना क्या थी?**

**उत्तर -** इस योजना के अन्तर्गत 1963 में सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने पार्टी के पदों से त्यागपत्र दे दिया था ताकि उनकी जगह युवा कार्यकताओं को दी जा सके।

**10. 1971 के चुनाव में कांग्रेस की पुनःस्थापना (कांग्रेस पार्टी की भारी जीत) के प्रमुख कारण क्या थे?**

**उत्तर -** श्रीमति इंदिरा गाँधी का चमत्कारिक नेतृत्व, 10 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा, गरीबी हटाओं का नारा, भूमि सूधार कानून तथा समाजवादी नीतियाँ आदि।

**11. राम मनोहर लोहिया कौन थे?**

**उत्तर -** राम मनोहर लोहिया समाजवादी विचारधारा के प्रमुख नेता थे। 1963 से 1967 तक लोकसभा के सदस्य रहे। वे गैर–कांग्रेसवादी समूह के प्रमुख रणनीतिकार थे।

**12. 1969 में कांग्रेस पार्टी के विभाजन के बाद कौनसे दो राजनीतिक दल सामने आए?**

**उत्तर -** 1969 में कांग्रेस पार्टी के विभाजन के पश्चात दो राजनीतिक दल सामने आए–

1. कांग्रेस (आर) – इस पार्टी का नेतृत्व श्रीमति इंदिरा गाँधी कर रही थी।
2. कांग्रेस (ओ.) – इस पार्टी का नेतृत्व सिंडिकेट के द्वारा किया गया।

**13. 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में श्रीमति इंदिरा गाँधी ने किस उम्मीदवार का साथ दिया?**

**उत्तर -** निर्दलीय उम्मीदवार वी. वी. गिरी का साथ दिया। जिससे कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी चुनाव हार गए।

**14. 1969 में कांग्रेस विभाजन के प्रमुख कारण क्या थे?**

**उत्तर -** प्रमुख कारण – दक्षिण पंथी विचारधारा, राष्ट्रपति का निर्वाचन–1969 में, सिंडिकेटस द्वारा श्रीमति इंदिरा गाँधी को हटाने का प्रयास आदि।

**15. दस सूत्रीय कार्यक्रम क्या है?**

**उत्तरः-** बैंकों पर सामाजिक नियंत्रण, आम बीमा के राष्ट्रीयकरण, शहरी सम्पदा और आय के परिसीमन, खाद्यान्न का सरकारी वितरण, भूमि सुधार तथा ग्रामीण गरीबों को आवासीय भूखण्ड देने से संबंधित कार्यक्रम 10 सूत्रीय कार्यक्रम कहलाता है।



शेखावाटी मिशन - 100

**16.** 1966 में कांग्रेस दल के वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री के पद के लिए श्रीमति इंदिरा गाँधी का साथ क्यों दिया?

**उत्तर -** कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संभवत यह सोचकर 1966 में श्रीमती इंदिरा गाँधी का साथ प्रधानमंत्री पद के लिए दिया कि प्रशासनिक और राजनीतिक मामलों में खास अनुभव नहीं होने के कारण दिशा निर्देशन के लिए वे उन पर निर्भर रहेंगी।

**17.** कांग्रेस की आन्तरिक फूट राष्ट्रपति के निर्वाचन में किस तरह उभर कर सामने आयी?

**उत्तर -** 1969 के राष्ट्रपति चुनाव में इंदिरा गाँधी ने निर्दलीय उम्मीदवार वी. वी. गिरी का साथ दिया। जिससे कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी चुनाव हार गए। यह चुनाव श्रीमति इंदिरा गाँधी का कांग्रेस में वर्चस्व स्थापित करने में मील का पत्थर साबित हुआ। तथा इस चुनाव में कांग्रेस की फूट उभर कर सामने आयी।

**18.** 1967 में कांग्रेस की हार के कारण क्या थे?

उतर – 1. देश की खराब स्थिति व इंदिरा गाँधी को राजनीतिक अनुभव कम होना।
2. राम मनोहर लोहिया की गैर–कांग्रेस अवधारणा।
3. अकाल व सूखे की स्थिति।
4. चीन व पाकिस्तान के साथ युद्ध के कारण देश की खराब आर्थिक स्थिति।

**19.** दल बदल क्या है?

**उत्तर -** कोई निर्वाचित जन–प्रतिनिधि जिस पार्टी के टिकट से जीता हो, उस पार्टी को छोड़कर अगर दूसरे दल में चला जाए तो उसे दल–बदल कहा जाता है।

शेखावाटी मिशन - 100



# अध्याय – 6
# लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकट
**अंक भार - (2+1+2=5)**

**वस्तुनिष्ठ (2*1=2)**

1. **1971 में चुनाव में कांग्रेस ने कौनसा नारा दिया ?**
   (1) गरीबी हटाओं (2) इंदिरा हटाओ (3) विकसित भारत (4)सशक्त भारत (1)
2. **नक्सवादी आन्दोलन की शुरूआत किस राज्य से मानी जाती है?**
   (1) प. बंगाल (2) बिहार (3) छतीसगढ़ (4) उड़ीसा (1)
3. **सम्पूर्ण क्रांति का नारा किसने दिया?**
   (1) राममनोहर लोहिया (2) जयप्रकाश नारायण
   (3) चारू मजूमदार (4) मोरारजी देसाई (2)
4. **1975 में जनता के संसद मार्च का नेतृत्व किसने किया?**
   (1) इंदिरा गाँधी (2) मोरारजी देसाई (3) जयप्रकाश नारायण (4) राममनोहर लोहिया (3)
5. **निम्न में से किस कांग्रेस अध्यक्ष ने इंदिरा इज इण्डिया, इण्डिया इज इंदिरा का नारा दिया था?**
   (1) कामराज (2) इंदिरा गाँधी (3) डी.के. बरूआ (4) नीलम संजीव रेड्डी (3)
6. **भारत में अदरूनी गड़बड़ी के आधार पर आपातकाल की घोषणा की गई?**
   (1) 1975 (2) 1962 (3) 1971 (4) 1965 (1)
7. **1975 में आपातकाल की घोषणा करते समय भारत के राष्ट्रपति कौन थे?**
   (1) डॉ. शंकर दयाल शर्मा (2) वी.वी.गीरी
   (3) फकरूद्दीन अली अहमद (4) ज्ञानी जैल सिंह (3)

**रिक्तस्थान (1*1=1)**

1. **..........................इलाहबाद उच्च न्यायलय के न्यायधीश ............................ ने इन्दिरा गाँधी के निर्वाचन को अवैधानिक घोषित कर दिया।**

**उत्तरः-** 12 जून, 1975, व जगमोहन सिन्हा

2. **जय प्रकाश नारायण ने .................... की स्थापना के लिए ............... का आह्वान किया।**

**उत्तरः-** सच्चे लोकतंत्र व सम्पूर्ण क्रांति।

3. ........................... से आशय उस स्वतंत्रता से है जिसने व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए अवसर प्रदान किया हो।

**उत्तर –** नागरिक स्वतंत्रता

4. भारत में प्रथम गैर–कांग्रेसी सरकार ............... व .....................नेतृतव में बनी थी?

**उत्तर –** 1977 में व जनता पार्टी के मोरारजी देसाई के।

लघुत्तरात्मक **(1*2=2)**

**1.** आपातकाल के दौरान जयप्रकाश नारायण की क्या भूमिका थी?

**उत्तर –** जयप्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति का आह्वान किया था। उनके नेतृत्व में पीपुल्स फ्रंट ने गुजरात राज्य का चुनाव जीता। 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की जिसके अन्तर्गत जे. पी. सहित 600 से अधिक नेताओं को बंधी बनाया गया और प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई।

**2.** नक्सलवादी आन्दोलन क्या है?

**उत्तर –** पश्चिमी बंगाल के पर्वतीय जिले दार्जिलिंग के नक्सलबाड़ी पुलिस थाने के इलाके में 1967 में किसान विद्रोह उठ खड़ा हुआ। इस विद्रोह की अगुवाई मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के स्थानीय कॉडर के लोग कर रहे थे, इसे ही नक्सलवादी आन्दोलन के रूप में जाना जाता है।

शेखावाटी मिशन - 100

**3. गुजरात और बिहार के आन्दोलन तथा राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह आन्दोलन किसने और क्यों आयोजित किया?**

**उत्तर –** यह राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह आन्दोलन जयप्रकाश नारायण द्वारा इंदिरा गांधी के इस्तीफे के लिए आयोजित किया गया था, उन्होंने लोगों से 25 जून 1975 को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन द्वारा अवैध और अनैतिक आदेशों का पालन नहीं करने की अपील की। इन आन्दोलनो ने कांग्रेस के खिलाफ देश का राजनीतिक माहौल को बदल दिया।

**4. 1975 में आपातकाल की घोषणा के परिणामों का मूल्यांकन करें।**

**उत्तर –** आपातकाल ने लोगों की नागरिक स्वतंत्रता को प्रभावित करता है। इसने जनसंचार माध्यमों के काम काज को भी प्रभावित किया। क्योंकि प्रेस सेंसरशिप लागू हुई, जिसने प्रेस व समाचार पत्रों की स्वंतत्रता पर रोक लगा दी। कई याचिकाएं दायर करने के बावजूद सरकार ने दावा किया कि गिरफ्तार व्यक्तियों को गिरफ्तारी का आधार बताना जरूरी नहीं है।

**5. 1975 में आपातकाल की घोषणा करते हुए सरकार ने इसके क्या कारण बताए थे?**

**उत्तर –** सरकार का मानना था कि विपक्षी दल सरकार को अपनी नीतियों के अनुसार काम नहीं करने दे रहे है, बार बार धरना प्रदर्शन व सामुहिक कार्यवाही से लोकतंत्र को खतरा बना रहता है। सरकार का मानना था कि भारत की एकता के विरूद्ध साजिश की जा रही है। अतः विरोध पर प्रतिबंध लगाया जाना जरूरी है।

**6. लोकनायक जयप्रकाश नारायण के बारे में बताइए।**

**उत्तर –** लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता के रूप में जाने जाते है। 1970 में इंदिरा गांधी के विरूद्ध विपक्ष का नेतृत्व करने के कारण भी प्रसिद्ध है, इंदिरा गांधी को पद से हटाने के लिए उन्होंने सम्पूर्ण क्रांति नामक आंदोलन चलाया।

**7. केशवानन्द भारती के वाद में न्यायपालिका का निर्णय क्या था?**

**उत्तर –** इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय की 13 न्यायाधीशों की पीठ ने अपने संवैधानिक रूख में संशोधन करते हुए कहा कि संसद संविधान के किसी भी भाग में संशोधन कर सकती है। एकमात्र प्रतिबंध यह है कि इससे संविधान का मूल ढ़ांचा प्रभावित नहीं होना चाहिए। 1973 में न्यायाधीश सीकरी और अन्य 12 न्यायाधीशों ने यह महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया था।

**8. 1974 की रेल हड़ताल के बारे मे लिखों।**

**उत्तर –** 1974 में भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक उद्यम के करीब 17 लाख कर्मचारी बोनस और सेवा शर्तो के संबंध में अपनी मांगे मनवाने के लिए सरकार के खिलाफ 20 दिन तक हड़ताल पर चले गए थे। इसका नेतृत्व जॉर्ज फर्नान्डिस ने किया था।

**9. आपातकाल की जांच के लिए गठित आयोग पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर –** मई 1977 में जनता पार्टी की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश जे. सी. शाह की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया। जिसका कार्य 1975 के आपातकाल के दौरान की गई कार्यवाही तथा सता के दुरूपयोग, अतिचार और कदाचार के विविध पहलुओं की जांच करना था।

**10. बिहार आन्दोलन के बारे में लिखों।**

**उत्तर –** मार्च 1974 में बढ़ती हुई किमतों, खाद्यान्न के अभाव, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के खिलाफ बिहार के छात्रों ने आन्दोलन छेड़ दिया। आन्दोलन की अगुवाही के लिए जयप्रकाश नारायण को बुलावा भेजा। आन्दोलन अहिंसक व बिहार तक सीमित नहीं रहेगा, इसे राष्ट्रव्यापी बनाया जाए कि शर्त पर जयप्रकाश नारायण ने बुलावा स्वीकार किया।

**11. आपातकाल के पश्चात चुनावों में कांग्रेस किन राज्यों में हारी तथा कहाँ कांग्रेस व साथी दलों को भारी विजय मिली?**

**उत्तरः–** आपातकाल के पश्चात उत्तर भारत के राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व मध्यप्रदेश में बुरी तरह से हारी। जबकि दक्षिण भारत के राज्यों में महाराष्ट्र, उड़ीसा, कर्नाटक में भारी जीत हुई।

**12. आपातकाल की घोषणा से संघीय ढ़ाँचे पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

**उत्तरः–** आपातकाल की घोषणा से शक्तियों के बटवारे का संघीय ढ़ाँचा व्यवहारिक तौर पर निष्प्रभावी हो जाता है। सारी शक्तियां केन्द्र सरकार के पास चली जाती है।

शेखावाटी मिशन - 100

**13.** 1975 का आपातकाल कौनसे अनुच्छेद के तहत लगाया गया था? इस अनुच्छेद में क्या प्रावधान है?

**उत्तर -** 1975 का आपातकाल अनुच्छेद 352 के तहत् लगाया गया था। इस अनुच्छेद में प्रावधान है कि आपातकाल तभी लगाया जा सकता है। जब– (1) देश पर बाहरी आक्रमण (2) युद्ध की स्थिति (3) सशस्त्र विद्रोह होने पर।

**14. आपातकाल के दौरान प्रमुख घटनाक्रमों पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तरः-** 26 जून 1975 को आंतरिक गड़बड़ी को आधार मानकर आपातकाल की घोषणा की गई। आपातकाल के दौरान जहाँ बीस सूत्री कार्यक्रमों जैसे कल्याणकारी कार्यो की घोषणा की गई। वही प्रेस की सेंसरशिप, विरोधी दल के नेताओं को जेल में डलवाना। उन पर राजद्रोह जैसे मुकदमें लगवाकर प्रताड़ित करने जैसे कार्य भी हुए। वही प्रतिबद्ध नौकरशाही, प्रतिबद्ध न्यायपालिका जैसे विचार अस्तित्व में आये।

**15. आपातकाल के बाद भारतीय शासन व्यवस्था में क्या परिवर्तन आए?**

**उत्तरः-** आपातकाल से भारतीय लोकतंत्र की ताकत और कमजोरी उजागर हो गई। इससे यह सिद्ध हो गया कि भारत से लोकतंत्र को विदा करना बहुत मुश्किल है। अब अंदरूनी आपातकाल सिर्फ सशस्त्र विद्रोह की स्थिति में ही लगाया जा सकता है। इसके लिए अब यह भी आवश्यक कर दिया गया है कि इसकी सलाह मंत्री मण्डल राष्ट्रपति को लिखित में दे। इसके बाद हर नागरिक अधिकारों के प्रति अधिक सचेत हो गया है। आपातकाल के बाद न्यायपालिका व्यक्ति के नागरिक अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने लगी है।

**16. नक्सलवादी आन्दोलन पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तरः-** यह आन्दोलन पश्चिमी बंगाल के दार्जलिंग जिले के नक्सलबाड़ी थाने के इलाके में किसान विद्रोह के रूप में शुरू हुआ। 1969 में इसका नेतृत्व चारू मजूमदार के हाथों में आया था। इन्होंने दलील दी कि भारत में लोकतंत्र एक छलावा है। इन्होंने क्रांति के लिए गुरिल्ला युद्ध की रणनीति बनाई। नक्सलवादी आन्दोलन ने धनी भू–स्वामीयों से जमीन छीनकर गरीब भूमी हीन लोगों को दे दी। ये नक्सलवादी राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हिंसक साधनों के इस्तेमाल के पक्ष में दलील देते है। फिलहाल 9 राज्यों के 75 जिले नक्सवादी आन्दोलन से प्रभावित है।

**17.** 1975 के आपातकाल के तात्कालीन कारण क्या था?

**उत्तर -** 12 जून, 1975 को इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने समाजवादी नेता राज नारायण की याचिका पर इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैधानिक ठहराते हुए, उनके संसद में जाने की रोक लगा दी। इस फैसले के खिलाफ इन्दिरा गांधी ने 24 जून, 1975 को सर्वोच्च न्यायालय से स्थगन आदेश ले आई। अगले ही दिन 25 जून 1975 को इन्दिरा गांधी ने राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद से आपातकाल की घोषणा करवा दी।

**18. आपातकाल की घोषणा क्यों की गई?**

**उत्तरः-** 12 जून 1975 को इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जगमोहन लाल सिन्हा ने लोकसभा में इंदिरा गाँधी के निर्वाचन को असंवैधानिक करार दिया। जय प्रकाश नारायण व विपक्षी दलों ने इंदिरा गाँधी पर इस्तीफे का दबाव डाला। जे.पी. ने सेना, पुलिस और सरकारी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे सरकार के अनैतिक व अवैधानिक कार्यों का समर्थन न करें। इससे सरकारी काम ठप होने का अंदेशा पैदा हो गया। परिणामस्वरूप आपातकाल की घोषणा की गई।

**19.** 42 वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में कौन–कौनसे प्रमुख परिवर्तन किए गए?

**उत्तर -** 42 वें संविधान संशोधन को मिनी संविधान भी कहा जाता है। इस संशोधन के द्वारा संविधान में अनेक परिवर्तन किये गये जो इस प्रकार है–

(1) लोकसभा का कार्यकाल 5 वर्ष से बढ़ाकर 6 वर्ष कर दिया गया।
(2) संविधान में मूल कर्त्तव्य जोड़े गये।
(3) प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के निर्वाचन को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

**20.** 1977 के चुनावों के दो महत्वपूर्ण परिणाम लिखिए।

**उत्तर -** (1) 1977 के चुनावों में भारत में पहली बार गैर–कांग्रेसी सरकार का गठन हुआ।
(2) कांग्रेस के एकाधिकार की समाप्ति हुई।
(3) नागरिक स्वतंत्रता के लिए लोगों के संघ बने।



शेखावाटी मिशन - 100

**21. निवारक नजरबंदी से आप क्या समझते है? 1975 के आपातकाल में इसका किस तरह प्रयोग हुआ?**

**उत्तर –** निवारक नजरबंदी मे किसी व्यक्ति को इसलिए गिरफ्तार नहीं किया जाता कि उसने कोई अपराध किया है, बल्कि जिस व्यक्ति पर शक या संदेह हो अर्थात् जिस पर अपराध करने का संदेह हो, उसे भी गिरफ्तार किया जा सकता है। इसकी अधिकतम अवधि तीन वर्ष की होती है। 1975 के आपातकाल के दौरान इसका व्यापक इस्तेमाल किया गया गया और इस कानून के तहत् 676 विपक्षी नेताओं और 1 लाख 11 हजार सामान्य लोगों को जबरदस्ती गिरफ्तार करके जेलों में डाल दिया गया।

**22. गुजरात आन्दोलन पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर –** जनवरी, 1974 में गुजरात के छात्रों ने खाद्यान्न, खाद्य तेल व अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों तथा उच्च पदों पर जारी भष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन छेड़ दिया। यह आन्दोलन इतना तीव्र था कि गुजरात में कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री चिमनभाई पटेल को त्याग पत्र देना पड़ा तथा गुजरात में राष्ट्रपति शासन (अनुच्छेद 356) लगा दिया। जून, 1975 में गुजरात में चुनाव हुए जिनमें कांग्रेस हार गई।

**23. भारत में 1977 में प्रथम गैर–कांग्रेसी सरकार बनने के क्या कारण थे?**

**उत्तर –** (1) 1975 का आपातकाल :– 1975 के आपातकाल के दौरान इन्दिरा गांधी ने भारतीय जनता पर निवारक नजरबंदी, प्रेस सेंसरशिप और अनिवार्य नसबंदी कार्यक्रम के द्वारा काफी अत्याचार किये। जिसके कारण जनता ने कांग्रेस को नकार दिया।

(2) लोकतंत्र बचाओ का आह्वान :– 1977 के चुनाव में सभी वपक्षी दलों ने जनता पार्टी का गठन कर जनता से लोकतंत्र बचाने का आह्वान किया और जनता को आपातकाल के दौरान की ज्यादातियों के बारे में जागरूक किया।

(3) कांग्रेस नीतियों की असफलता :– 1971 के चुनावों के समय इन्दिरा गांधी ने गरीबी हटाओं का नारा दिया और अनैक नीतियों की घोषणा की थी। लेकिन कांग्रेस इन नीतियों का सही ढ़ंग से क्रियान्वयन नहीं कर सकी।

**24. 1975 के आपातकाल के परिणाम बताइये।**

**उत्तर –** (1) राजनीतिक गतिविधियों पर रोक :– भारत में 1975 के आपातकाल के दौरान राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। भारत में इस समय नागरिकों को अपनी मांगों के लिए धरना, प्रदर्शन, हड़ताल और सरकार विरोधी आन्दोलन की अनुमती नहीं थी।

(2) धार्मिक संगठनों पर प्रतिबंध :– आपातकाल के दौरान सरकार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) और जमात–ए –इस्लामी जैसे धार्मिक संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया।

(3) प्रेस सेंसरशिप कानून :– 1975 के आपातकाल के दौरान सरकार ने समाचार पत्रों पर प्रेस सेंसरशिप कानून लगा दिया। समाचार–पत्र सरकार की आलोचना नहीं कर सकते थे तथा समाचार–पत्रों को सरकार के खिलाफ कुछ भी छापने से पहले सरकार की अनुमति लेनी पड़ती थी। इस प्रकार प्रेस की आजादी पर प्रतिबंध लगा दिया गया।






शेखावाटी मिशन - 100

## अध्याय – 7
## क्षेत्रीय आकांक्षाएं
**अंक भार - (2+1+2=5)**

**वस्तुनिष्ठ (2*1=2)**

**1.** भारत में आजादी के बाद कौनसे दशक को स्वायत्ता की मांग का दशक कहा जा सकता है?
(1) 1960 का दशक (2) 1970 का दशक (3) 1980 का दशक (4) 2000 का दशक (3)

**2.** किस वर्ष पंजाब व हरियाणा राज्य का निर्माण हुआ?
(1) सन् 1966 (2) सन् 1967 (3) सन् 1971 (4) सन् 1963 (1)

**3.** हिन्दी को राज भाषा बनाने के खिलाफ आन्दोलन मुख्य रूप से कौनसे राज्य में चलाया गया?
(1) कर्नाटक (2) तमिलनाडु (3) आन्ध्रप्रदेश (4) केरल (2)

**4.** कश्मीर पर कब्जा करने के लिए पाकिस्तान ने कबायली घुसपैठिए कब भेजे थे?
(1) अक्टूबर, 1947 (2) अक्टूबर, 1948 (3) नवम्बर, 1947 (4) नवम्बर, 1947 (1)

**5.** ऑपरेशन ब्लू स्टार का सम्बन्ध कौन से राज्य से है?
(1) हरियाणा (2) पंजाब (3) मणिपुर (4) मिजोरम (2)

**6.** राजीव गांधी और लालडेंगा के बीच शांति समझौता कब हुआ था?
(1) 30 जून, 1986 (2) 30 जून, 1987 (3) 30 मई, 1986 (4) 30 मई, 1987 (1)

**7.** सिक्किम को भारत का कौनसे नम्बर का राज्य बनाया गया।
(1) 21 वाँ (2) 23 वाँ (3) 22 वाँ (4) 24 वाँ (3)

**8.** भारत के कौनसे राजनेता खुली अर्थव्यवस्था एवं कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी के समर्थक थे?
(1) राजीव गाँधी (2) पी.वी.नरसिम्हा राव (3) नरेन्द्र मोदी (4) इंदिरा गाँधी (1)

**9.** गोवा को पुर्तगालियों से आजाद करवाकर भारतीय संघ में कब शामिल किया गया था?
(1) 1960 (2) 1961 (3) 1962 (4) 1963 (2)

**10. डी.एम.के. के प्रणेता कौन थे?**
(1) ई. वी. रामास्वामी (2) एन. निजलिंगप्पा (3) एम. करूणानिधी (4) के. कामराज (1)

**11. 5 अगस्त 2019 को जम्मू–कश्मीर राज्य के पुर्नगठित करके किन दो केन्द्र शासित प्रदेशों का गठन किया गया?**
(1) लेह और लद्दाख (2) जम्मू और कश्मीर (3) लद्दाख और कश्मीर (4) जम्मू–कश्मीर और लद्दाख (4)

**12. पेरियार के नाम से किसे जाना जाता है?**
(1) ई. वी. रामास्वामी नायकर (2) अन्नादुरै (3) एम. करूणानिधी (4) एन. टी. रामाराव (1)

**13. राज्यों की सीमा में परिवर्तन किया जा सकता है?**
(1) राज्य पुर्नगठन आयोग द्वारा (2) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा
(3) संसद के विधयक द्वारा (4) नीति आयोग द्वारा (3)

**14. सिक्किम को राज्य बनाया गया?**
(1) मई, 1975 (2) जून, 1975 (3) जुलाई, 1975 (4) मई, 1963 (1)

**15. आत्मसम्मान आन्दोलन के जनक थे–**
(1) ई.वी.रामास्वामी नायकर (2) जयललिता (3) एम.टी.रामाराव (4) करूणानीधि (1)

**16. असम के जनजातिय नेताओं ने असम से अलग होने के लिए कौनसे संगठन की स्थापना की?**
(1) ईस्टर्न इण्डिया ट्राइबल यूनियन (2) बौडेलैण्ड (3) आसु (4) मिजो नेशनल फ्रंट (1)

**17. आसु तथा असम गण संग्राम परिषद ने मिलकर कौनसे राजनीतिक दल का गठन किया?**
(1) असम गण परिषद (2) मिजो नेशनल फ्रंट (3) नागा हिल्स (4) महाराष्ट्र गोमारंक परिषद (1)

**18. किस राज्य की राजनीति क्षैत्रवाद व राष्ट्रवाद के बीच सहकारिता की भावना का अच्छा उदाहरण है?**
(1) राजस्थान (2) हरियाणा (3) तमिलनाडू (4) पंजाब (3)



शेखावाटी मिशन - 100

**19.** **जम्मू और कश्मीर राज्य के प्रधानमंत्री का पदनाम बदलकर मुख्यमंत्री कब किया गया?**
(1) 1965 (2) 1971 (3) 1948 (4) 2019 (1)

**20.** **''पंजाबी सुबा'' के गठन का आन्दोलन चलाया?**
(1) अकाली दल (2) आम आदमी पार्टी (3) कांग्रेस (द) भाजपा (1)

**21.** **पंजाब के लिए स्वायत्तता की मांग उठाई गई?**
(1) 1960 के दशक में (2) 1970 के दशक में (3) 1980 के दशक में (4) 1990 के दशक में (2)

22. निम्न का मेल करें–

| क्षैत्रिय आकांक्षाओं की प्रकृति | राज्य |
|---|---|
| (I) सामाजिक धार्मिक पहचान के आधार पर राज्य का निर्माण | (अ) नागालैण्ड |
| (II) भाषाई पहचान और केन्द्र के साथ तनाव | (ब) झारखण्ड–छतीसगढ़ |
| (III) क्षैत्रीय असंतुलन के फलस्वरूप राज्य का निर्माण | (स) पंजाब |
| (IV) आदिवासी पहचान के आधार पर अलगांववाद की मांग | (द) तमिलनाडु |

(1) (I)(स), (II)(द), (III)(अ), (IV)(ब) (2) (I)(द), (II)(अ), (III)(स), (IV)(ब)
(3) (I)(अ), (II)(स), (III)(द), (IV)(ब) (4) (I)(ब), (II)(द), (III)(स), (IV)(अ) (1)

**अतिलुघुत्तरात्मक (1*1)**

1. **पूर्वोत्तर राज्यों में राजनीति पर तीन प्रमुख मुद्दे क्या है?**
**उत्तरः-** (1) स्वायत्तता की मांग (2) अलगांव के आन्दोलन (3) बाहरी लोगों का विरोध

**2.** भारत में क्षेत्रीयतावादी भावनाओं को लेकर चलाया गया पहला आन्दोलन कौनसा था?
**उत्तर -** द्रविड़ आन्दोलन

3. **किस समझौते में यह तय किया गया कि चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया जाएगा?**
**उत्तरः-** राजीव–लोंगेवाला समझौता 1985 में।

**4.** भारत के किस भाग को दक्षिण–पूर्व एशिया का प्रवेश द्वारा कहा जाता है?
**उत्तर -** पूर्वोतर

5. **इंदिरा गाँधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री किसे नियुक्त किया गया?**
**उत्तर -** राजीव गाँधी

**6.** भारत की आजादी के समय जम्मू एवं कश्मीर का शासक कौन थे?
**उत्तर -** महाराजा हरिसिंह।

**7.** जम्मू एवं कश्मीर का प्रथम प्रधानमंत्री किसको बनाया गया था?
**उत्तर -** शेख मोहम्मद अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फेरेंस पार्टी)

**8.** प्रधानमंत्री के पदनाम को बदलकर मुख्यमंत्री करने के बाद जम्मू एवं कश्मीर का पहला मुख्यमंत्री कौन बना?
**उत्तर -** गुलाम मोहम्मद सादिक (कांग्रेस पार्टी।)

**9.** किस प्रस्ताव के तहत पंजाब में क्षेत्रीय स्वायत्ता की मांग उठायी गयी थी?
**उत्तर -** आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव (1973 में)(अकाली दल द्वारा)

10. **मणिपुर, त्रिपुरा व मेघालय को राज्य कब बनाया गया?**
**उत्तर -** 1972

11. **5 अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर पुर्नगठन अधिनियम 2019 द्वारा भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में बदलाव किया गया?**
**उत्तर -** अनुच्छेद 370

12. **जून, 2014 को आंध्रप्रदेश से विभाजित करके नया राज्य कौनसा बनाया गया?**
**उत्तर -** तेलंगाना

**13.** **किस प्रकार की शासन प्रणाली क्षेत्रीयता को राष्ट्र विरोधी नहीं मानती है?**
**उत्तरः-** लोकतंत्रात्मक

**14.** **महाराष्ट्र की किस पार्टी ने गोवा को महाराष्ट्र में मिलाने की माँग रखी थी?**
**उत्तरः-** महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी


शेखावाटी मिशन - 100

**15.** **भारत ने विवधता के प्रश्न पर कौन–कौनसे दृष्टिकोण अपनाए?**

**उत्तर –** लोकतांत्रिक दृष्टिकोण

**16.** **जम्मू एवं कश्मीर में सम्मिलित तीन राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र कौन–कौनसे थे?**

**उत्तर –** 1. जम्मू 2. कश्मीर 3. लद्दाख

**17.** **भारतीय संविधान के कौनसे अनुच्छेद में जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लिए अस्थायी और संक्रमणकालीन विशेष प्रावधान किये गये?**

**उत्तर –** अनुच्छेद 370 में।

**18.** **जम्मू एवं कश्मीर राज्य की दो स्थानीय राजनीतिक पार्टीयों के नाम लिखों।**

**उत्तर –** 1. नेशनल कॉन्फेरेंस पार्टी 2. पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)

**19.** **अनुच्छेद 370 को कब और किस अधिनियम द्वारा समाप्त कर दिया गया?**

**उत्तर –** 05 अगस्त, 2019 को जम्मू एवं कश्मीर पुर्नगठन अधिनियम 2019 द्वारा।

**20.** **जम्मू एवं कश्मीर राज्य को पुर्नगठित करके कितने केन्द्रशासित प्रदेश बनाए गए है?**

**उत्तर –** दो केन्द्रशासित प्रदेश बनाए। 1. जम्मू एवं कश्मीर 2. लद्दाख

**21.** **''उतर हर दिन बढ़ता जाए, दक्षिण दिन–दिन घटता जाए'' यह किस आन्दोलन का लोकप्रिय नारा था?**

**उत्तर –** द्रविड़ आन्दोलन का

**22.** **द्रविड़ आन्दोलन से किस राजनैतिक संगठन का सूत्रपात हुआ?**

**उत्तर –** द्रविड़ क**ष**गम नामक संगठन का।

**23.** **पेरियार के नाम से प्रसिद्ध व द्रविड़ अस्मिता के उद्भावक दक्षिण भारतीय राजनेता कौन थे?**

**उत्तर –** ई.वी. रामास्वामी नायकर।

**24.** **तमिलनाडू राज्य की दो स्थानीय राजनीतिक पार्टियों के नाम बताइए।**

**उत्तर –** (1) द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डी एम के) (2) ऑल इंडिया अन्ना द्रमुक (ए. आई. डी. एम. के.)

**25.** **ऑपरेशन ब्लू स्टार क्या था?**

**उत्तर –** जून 1984 में अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में आंतकवादियों के विरूद्ध भारत सरकार द्वारा चलाये गये सैन्य अभियान का कूट नाम था।

**26.** **पंजाब समझौता किसके मध्य हुआ था?**

**उत्तर –** तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी व नरमपंथी अकाली नेता संत हरचंद सिंह लोंगेवाला के मध्य हुआ था।

**27.** **पूर्वोतर भारत के किन–किन राज्यों को सात बहनों के नाम से जाना जाता है?**

**उत्तर –** असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, नागालैण्ड, अरूणाचल प्रदेश।

**28.** **मिजो नेशनल फ्रंट का गठन किसके नेतृत्व में किया गया था?**

**उत्तर –** लालडेंगा के नेतृत्व में।

**29.** **पूर्वोतर भारत में राजनीतिक स्वायतता की मांग उठने का मुख्य कारण क्या था?**

**उत्तर –** गैर असमी लोगों को लगा कि असम की सरकार उनके ऊपर असमी भाषा थोप रही है।

**30.** **असम से अलग होने के लिए जनजाति समुदाय के नेताओं ने किस पार्टी का गठन किया?**

**उत्तर –** ईस्टर्न इंडिया ट्राइबल यूनियन का गठन हुआ। जिसे 1960 में ऑल पार्टी हिल्स कांफ्रेंस में तब्दील कर दिया गया।

**31.** **पूर्वोतर भारत में पहला अलगाववादी आन्दोलन किसके द्वारा चलाया गया था?**

**उत्तर –** मिजो नेशनल फ्रंट द्वारा।

**32.** **1979 में असम से विदेशीयों के विरूद्ध आन्दोलन का नेतृत्व किसके द्वारा किया गया था?**

**उत्तर –** ऑल असम स्टूडेंटस यूनियन (आसू) द्वारा।

**33.** **आसू संगठन की आप्रवासियों को लेकर प्रमुख मांग क्या थी?**

**उत्तर –** 1951 के बाद जितने भी लोग असम में आकार बसे है उन्हें असम से बाहर भेजा जाए।

**34.** **नागा नेशनल काउंसिल का गठन किसके द्वारा किया गया था?**

**उत्तर –** आंगमी जापू फिजो के द्वारा।

**35.** **असम समझौता कब और किसके मध्य हुआ था?**

**उत्तर –** 1985 में ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) व राजीव गांधी के मध्य।

शेखावाटी मिशन - 100

**36.** सिक्किम के लोकतंत्र बहाली आन्दोलन के प्रमुख नेता कौन थे?

**उत्तर –** काजी लैंदुप दोरजी खांगसरपा।

**37.** क्षेत्रीय आकांक्षाओ का एक आधारभूत सिद्वान्त क्या है?

**उत्तर –** क्षेत्रीय आकांक्षाए लोकतांत्रिक राजनीति का एक अभिन्न अंग है।

**38.** उन चार देशों के नाम लिखिए जिनकी सीमा रेखा भारत के पूर्वोतर राज्यो से लगी हुई है?

**उत्तर –** चीन, म्यांमार, बांग्लादेश और भूटान।

39. **पूर्वोत्तर राज्यों की प्रमुख समस्या है?**

**उत्तर –** आप्रावास

40. **सिक्किम के राजा को किस नाम से जाना जाता है?**

**उत्तर –** चौग्याल

लुघुत्तरात्मक (1*2)

**1. ऑपरेशन ब्लू स्टार से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तरः–** पंजाब में खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों ने अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को एक हथियारबंद किले में तब्दील कर दिया था। भारत सरकार ने इन उग्रवादियों के खिलाफ जून 1984 में एक सैन्य अभियान चलाया जिसका कूट नाम ''ऑपरेशन ब्लू स्टार'' दिया।

**2. कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 क्या है?**

**उत्तरः–** केन्द्र सरकार ने अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 पारित किया। इस अधिनियम के माध्यम से जम्मू कश्मीर की पुनर्गठन कर दो नए केन्द्रशासित प्रदेशों जम्मू–कश्मीर तथा लद्दाख (बगैर विधानसभा के ) की स्थापना की गई। इस अधिनियम के माध्यम से जम्मू–कश्मीर केन्द्रशासित प्रदेश के लिये 107 सीटों वाली विधानसभा की व्यवस्था दी गई। अधिनियम में जम्मू–कश्मीर मंत्रिपरिषद के अधिकतम सदस्यों की संख्या 10 सुनिश्चित की गई है।

**3. पूर्वोतर भारत की राजनीति पर कौन–कौन से मुद्दे हावी रहे है।?**

**उत्तरः–** (1) स्वायत्तता की माँग (2) अलगाव के आन्दोलन (3) बाहरी लोगों का विरोध
(4) देश के अन्य हिस्सों के मुकाबले इस इलाके का आर्थिक रूप से पिछड़ापन।

**4.** क्षेत्रवाद के उदय के कारण बताइये।

**उत्तर –** 1. पृथक राज्य बनाने की मांग।
2. सरकार की आर्थिक नीतियों के संचालन में किसी क्षेत्र विशेष की उपेक्षा करना।
3. केन्द्रीय राजनीति में क्षेत्र विशेष के लोगों का उचित प्रतिनिधित्व नहीं होना।
4. सामाजिक व सांस्कृतिक विभिन्नताएं।

**5.** सांस्कृतिक विभिन्नताओं को लेकर भारतीय दृष्टिकोण किस प्रकार यूरोपीयन दृष्टिकोण से भिन्न है?

**उत्तर –** भारत में सांस्कृतिक विभिन्नताओं को राष्ट्र की एकता के लिए अच्छा माना गया है वही यूरोप में उन्हें राष्ट्र की एकता के लिए खतरे के रूप में देखा जाता है। भारत में विविधता के सवाल पर लोकतांत्रिक दृष्टिकोण अपनाया गया है जबकि यूरोप का दृष्टिकोण इससे अलग है।

**6.** 21 अप्रैल 1948 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने कश्मीर मामले को निपटाने के लिए क्या सुझाव दिए थे?

**उत्तर –** 1. पाकिस्तान कश्मीर में घूसे सभी पाकिस्तानी नागरिकों के साथ कबायलियों को वापस बुलाए।
2. भारत धीरे–धीरे कश्मीर से अपनी सेना को कम करे।
3. एक स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से जनमत संग्रह करवाया जाए।

**7.** आनंदपुर साहिब प्रस्ताव क्या था?

**उत्तर –** 1973 में अकाली दल ने आनंदपुर साहिब में एक सम्मेलन बुलाया जिसमें निम्न प्रस्ताव पारित किए गए–
1. क्षेत्रीय स्वायत्ता की मांग उठाई गई।
2. केन्द्र राज्य समबन्धों को पुनर्परिभाषित किया जाए।
3. सिक्खों के बोल बाला का ऐलान किया गया।

**8.** प्रत्येक क्षेत्रवादी आन्दोलन पृथकतावादी आन्दोलन नहीं होता है। स्प ष्ट कीजिए।

**उत्तर –** क्षेत्रवाद का अभिप्राय पृथकतावाद नहीं है। क्षेत्रीय हितों के संरक्षण हेतु क्षेत्रवाद लोकतंत्र की प्राणवायु है। भारत में अनेक ऐसे क्षेत्रीय आन्दोलन चल रहे है जो भारत से अलग नहीं होना चाहते, बल्कि अपने क्षेत्रीय हितों की मांग करते है। जैसे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का आन्दोलन।

शेखावाटी मिशन - 100

**9.** **क्षेत्रवाद अथवा क्षेत्रीयता से आप क्या समझते है?**

**उत्तर -** किसी देश के अन्दर किसी क्षेत्र विशेष के लोग अपने क्षेत्र विशेष की आर्थिक, सामाजिक या राजनीतिक शक्तियों की वृद्धि करने के लिए प्रेरित होते है और ऐसा करते भी है तो उसे क्षेत्रीयता कहा जाता है।

**10.** **1985 के पंजाब समझौते में किन–किन बातों पर सहमति बनी थी?**

**उत्तर -** निम्न बातों पर सहमति बनी थी–

1. चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया जायेगा और पंजाब हरियाणा के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए एक अलग आयोग की नियुक्ति होगी।
2. पंजाब, हरियाणा व राजस्थान के बीच रावी व व्यास नदी के पानी के बंटवारे के लिए एक न्यायाधिकरण बनाया जाएगा।
3. पंजाब में उग्रवाद प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जायेगा।
4. पंजाब से विशेष सुरक्षा बल अधिनियम को वापस ले लिया जाएगा।

**11.** **मिजोरम में अलगाववादी आन्दोलन उत्पन्न होने के दो कारण लिखिए।**

**उत्तर -** 1. मिजो लोगों का मानना था कि वे ''ब्रिटिश इंडिया'' के अंग नहीं थे इसलिए भारत संघ से उनका कोई नाता नहीं हैं।

2. 1959 में मिजो पर्वतीय इलाके में भारी अकाल का प्रबन्धन असम सरकार नहीं कर पाई जिससे अलगाववादी आन्दोलन को जन समर्थन मिला।

**12.** **पूर्वोतर भारत का क्षेत्र संवेदनशील क्षेत्र है। इसके संवेदनशील होने के क्या कारण है?**

**उत्तर -** 1. यह क्षेत्र पूरे भारत से अलग–थलग है।

2. इस क्षेत्र की सामाजिक संरचना बड़ी जटिल है।
3. यहां बहुत अधिक आर्थिक पिछड़ापन है।
4. इस क्षेत्र की विशिष्ट भौगोलिक संरचना होना।

**13.** **आजादी के बाद से अब तक उभरी क्षेत्रीय आकांक्षाओं से हम क्या सबक सीख सकते है?**

**उत्तर -** 1. क्षेत्रीय आकांक्षाएं लोकतांत्रिक राजनीति का अभिन्न अंग है।

2. क्षेत्रीय आकांक्षाओं को दबाने की बजाय लोकतांत्रिक बातचीत का तरीका अपनाना चाहिए।
3. सता की साझेदारी के महत्व को समझाना।
4. क्षेत्रीय असन्तुलन पर नियंत्रण रखा जाना चाहिए।

**14.** **द्रविड़ आन्दोलन की विशेषताएं लिखिए।**

**उत्तर -** 1. यह आन्दोलन ब्राह्मणों का विरोध करता था।

2. यह आन्दोलन उतरी भारत के राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभुत्व को नकारते हुए क्षेत्रीय गौरव की प्रतिष्ठा पर जोर देता था।
3. यह आन्दोलन हिन्दी भाषा को राजभाषा बनाने का विरोध करता था।

**15.** **भारत में क्षेत्रीय असंतोष को नियंत्रित करने के सुझाव दीजिए।**

**उत्तर -** 1. सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास किया जाना चाहिए।

2. भाषावाद की समस्या का समाधान किया जाए।
3. क्षेत्रीय हितों के स्थान पर राष्ट्रीय हितों को प्रमुखता दी जाए।
4. राष्ट्रीय एकता का महत्व समझना चाहिए।

**16.** **स्वतंत्रता के बाद देश में उत्पन्न तनाव और संघर्ष के क्या कारण रहे है?**

**उत्तर -** 1.भाषा के आधार पर नये राज्यों के गठन की मांग।

2. गैर हिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी भाषा का विरोध।
3. देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्वायत्ता का आन्दोलन।
4. अलगाववादी आन्दोलन।

**17.** **आपके विचार में क्या आनंदपुर साहिब प्रस्ताव संघात्मकता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक तर्क था अथवा अलग सिक्ख राष्ट्र के पक्ष में ।**

**उत्तर -** आनन्दपुर साहिब प्रस्ताव एक पृथक सिक्ख राष्ट्र की मांग का समर्थन था। क्योकि इस प्रस्ताव में स्वायत्ता की मांग, केन्द्र राज्य संबंधों को पुनर्गठित करने तथा सिक्खों के बोलबाला का ऐलान किया गया। जो संघात्मकता को सुदृढ़ बनाने के पक्ष में नहीं है।

शेखावाटी मिशन - 100

# अध्याय - 8
# भारतीय राजनीति : नये बदलाव
अंक भार - (2+2+2=6)

## वस्तुनिष्ठ (2*1)

**1. भारत में दलीय व्यवस्था का कौन सा रूप प्रचिलित है?**
(1) द्विदलीय व्यवस्था (2) बहुदलीय व्यवस्था (3) एक दलीय व्यवस्था (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं (2)

**2. बहुदलीय व्यवस्था का सबसे बड़ा दोष क्या है?**
(1) कमजोर व अस्थिर सरकार (2) दल विशेष की तानाशाही
(3) उत्तरदायी शासन (4) क्षेत्रीय पार्टीयों की शासन में भागीदारी की कमी (1)

**3. इंदिरा गांधी की हत्या कब हुई?**
(1) 30 अक्टूबर, 1984 (2) 30 अक्टूबर, 1991 (3) 31 अक्टूबर, 1984 (4) 31 अक्टूबर, 1991 (3)

**4. भारत में गठबंधन की राजनीति के युग की शुरूआत कब से मानी जाती है?**
(1) 1989 (2) 1991 (3) 1996 (4) 1997 (1)

**5. जनता दल का गठन कब हुआ?**
(1) 1989 (2) 1991 (3) 1978 (4) 1977 (4)

**6. 'राष्ट्रीय मोर्चा' में शामिल मुख्य दल कौनसा था?**
(1) बसपा (2) जनता दल (3) कांग्रेस (4) समाजवादी पार्टी (2)

**7. 'संयुक्त मोर्चा' की सरकार कब बनी ?**
(1) 1996 (2) 1991 (3) 1997 (4) 2004 (1)

**8. 'राजग' का मुख्य दल कौनसा है?**
(1) कांग्रेस (2) जनता दल (3) भाजपा (4) समाजवादी पार्टी (3)

**9. संप्रग का मुख्य दल कौनसा है?**
(1) आम आदमी पार्टी (2) कांग्रेस (3) भाजपा (4) बसपा (2)

**10. मंडल आयोग का गठन कब हुआ?**
(1) 1991 (2) 1977 (3) 1990 (4) 1978 (4)

**11. मंडल आयोग की सिफारिश को किसके द्वारा लागु किया गया था?**
(1) वी.पी.सिंह (2) पी.वी.नरसिम्हा राव (3) चरण सिंह (4) राजीव गांधी (1)

**12. बसपा के संस्थापक कौन थे?**
(1) मायावती (2) काशीराम (3) जगजीवन राम (4) चरण सिंह (2)

**13. शाहबानो मामला किस वर्ष से सम्बंधित है?**
(1) 1986 (2) 1984 (3) 1985 (4) 1986 (3)

**14. वर्तमान में निम्नलिखित में से किस राजनीतिक पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त नहीं है?**
(1) सी.पी.आई (एम) (2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (3) भाजपा (4) शिव सेना (4)

**15. 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को कितनी सीटें प्राप्त हुई?**
(1) 303 (2) 52 (3) 413 (4) 300 (1)

**16. राष्ट्रीय मोर्चा सरकार 1989 में प्रधानमंत्री बने।**
(1) चौधरी देवीलाल (2) वी. पी. सिंह (3) चौधरी चरण सिंह (4) नरसिम्हा राव (2)

**17. सप्रंग सरकार 2004 में प्रधानमंत्री बने।**
(1) एच.डी. देवगौड़ा (2) डॉ. मनमोहन सिंह (3) इन्द्र कुमार गुजराल (4) अटल बिहारी वाजपेयी (2)

**18. बामसेफ (बैकवर्ड एण्ड माइनॉरिटी कम्युनिटीज एम्पालाइज फेडरेशन) गठन किया गया–**
(1) 1978 (2) 1980 (3) 1983 (4) 1984 (1)

शेखावाटी मिशन - 100

**19. भारत में नई आर्थिक नीति के सूत्रधार वित्त मंत्री थे–**
(1) प्रणव मुखर्जी (2) डॉ. मनमोहन सिंह (3) अरूण जेटली (4) यशवंत सिन्हा (2)

**20. किस आम चुनाव के बाद कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला?**
(1) 1984 के चुनाव (2) 1989 के चुनाव (3) 1991 के चुनाव (4) 1996 के चुनाव (1)

**21. भाजपा की देश में पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी–**
(1) 1996 (2) 1998 (3) 2004 (4) 2014 (4)

**22. लोकसभा के आम चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने वाला एकमात्र दल कौनसा है?**
(1) भाजपा (2) कांग्रेस (3) समाजवादी पार्टी (4) तृणमूल कांग्रेस (2)

**23. राजनीति विज्ञान की खास शब्दावली 'कांग्रेस प्रणाली' परिघटना की समाप्ति मानी जाती है?**
(1) 1967 (2) 1977 (3) 1989 (4) 2014 (3)

**24. मण्डल आयोग की सिफारिश लागु की–**
(1) कांग्रेस (2) भाजपा (3) राष्ट्रीय मोर्चे (4) संयुक्त मोर्चे (3)

**25. आतंकवादी संगठन लिट्टे ने 1991 में भारत के किस प्रधानमंत्री की हत्या की?**
(1) इंदिरा गाँधी (2) राजीव गाँधी (3) वी.पी. सिंह (4) लाल बहादुर शास्त्री (2)

**26. केन्द्र में गठबंधन युग की शुरूआत कब से मानी जाती है?**
(1) 1967 (2) 1977 (3) 1989 (4) 2014 (3)

**27. 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कितनी सीटे मिली?**
(1) 400 (2) 300 (3) 240 (4) 281 (3)

**28. निम्न का मेल कीजिए–**

| | | |
|---|---|---|
| (I) इंदिरा गाँधी की हत्या | (अ) 1985 | (1) (I)(अ), (II)(ब), (III)(स), (IV)(द) |
| (II) बाबरी मस्जिद का विध्वंश | (ब) 1991 | (2) (I)(ब), (II)(द), (III)(स), (IV)(अ) |
| (III) मण्डल आयोग की सिफारिश लागु | (स) 1990 | (3) (I)(स), (II)(ब), (III)(द), (IV)(अ) |
| (IV) शाहबानो मामला | (द) 1984 | (4) (I)(द), (II)(ब), (III)(स), (IV)(अ) (4) |

**अतिलुघुत्तरात्मक (2*1)**

**1. भारतीय राजनीति में बड़े बदलाव कब आये ?**
**उत्तरः-** 1980 के दशक के आखिरी वर्षो में

**2. 1984 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को कितनी सीटें मिली?**
**उत्तरः-** 415

**3. राजीव गांधी की हत्या किसने की?**
**उत्तरः-** लिट्टे से जुड़े श्रीलंकाई तमिलों ने।

**4. राजीव गांधी की हत्या कब हुई?**
**उत्तरः-** 21 मई, 1991 को

**5. गठबंधन सरकारों में सबसे बड़ी भूमिका किन पार्टीयों ने निभाई?**
**उत्तरः-** क्षेत्रीय पार्टीयों ने

**6. 'राष्ट्रीय मोर्चा' का गठन कब हुआ?**
**उत्तरः-** वर्ष 1989 में

**7. 'राष्ट्रीय मोर्चा' की सरकार को किन दलों ने समर्थन दिया?**
**उत्तरः-** भाजपा और वाम मोर्चा ने

**8. 'राष्ट्रीय मोर्चा' की सरकार में प्रधानमंत्री कौन थे?**
**उत्तरः-** श्री वी.पी. सिंह

शेखावाटी मिशन - 100

**9. संयुक्त मोर्चा की सरकार को किसने समर्थन दिया?**

**उत्तर:-** कांग्रेस एवं वाम मोर्चा ने

**10. राजग (NDA) का पूरा नाम लिखिए?**

**उत्तर:-** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन **(National Democratic Alliance)**

**11. राजग का गठन कब हुआ?**

**उत्तर:-** वर्ष 1998 में

**12. संप्रग (UPA) का पूरा नाम लिखिए।**

**उत्तर:-** संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन **(United Progressive Alliance)**

**13. संप्रग सरकार का गठन कब हुआ?**

**उत्तर:-** वर्ष 2004 में

**14. मंडल आयोग का वास्तविक नाम क्या था?**

**उत्तर:-** दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग

**15. मंडल आयोग की सिफारिशें कब लागू की गई?**

**उत्तर:-** वर्ष 1990 में

**16. मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करने से सम्बंधित मुख्य केस कौनसा है?**

**उत्तर:-** इन्दिरा साहनी केस 1992

**17. बामसेफ का गठन कब हुआ?**

**उत्तर:-** वर्ष 1978 में

**18. बहुजन समाज पार्टी का गठन कब हुआ?**

**उत्तर:-** वर्ष 1984 में

**19. भारतीय जनता पार्टी का निर्माण कब हुआ?**

**उत्तर:-** वर्ष 1980 में

**20. हिन्दुत्व या हिन्दूपन शब्द किससे गढ़ा?**

**उत्तर:-** वी.डी. सावरकर

**21. मुस्लिम महिला अधिनियम पास हुआ?**

**उत्तर:-** 1986 में

**22. बाबरी मस्जिद विध्वंस कब हुआ?**

**उत्तर:-** 6 दिसम्बर, 1992 को

**23. सिख विरोधी दंगे कब हुए?**

**उत्तर:-** 1984 में

**24. गुजरात दंगे कब हुए?**

**उत्तर:-** 2002 में

**25. राजीव गांधी के मृत्यु के बाद किसे प्रधानमंत्री चुना गया।**

**उत्तर:-** पी. वी. नरसिम्हा राव को

**26. कौनसा क्षेत्रीय दल हिन्दी भाषा का विरोधी और राज्यों की स्वतंत्रता का पक्षधर है?**

**उत्तर:-** द्रविड मुनेत्र कषगम (डी.एम.के)

**27. भारत के राजनीतिक दलों को मान्यता कौन प्रदान करता है?**

**उत्तर:-** भारतीय निर्वाचन आयोग

**28. 2014 एवं 2019 में किस दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त हुआ?**

**उत्तर:-** भाजपा

**29. 2019 में कंग्रेस को कितनी सीटें प्राप्त हुई?**

**उत्तर:-** 52



शेखावाटी मिशन - 100

**30.** कांग्रेस प्रणाली की समाप्ति कौन–से चुनावों से मानी जाती है?

**उत्तरः-** 1989 के चुनावों से।

**31.** मंडल आयोग की मुख्य सिफारिश क्या थी जिससे 1990 में लागु किया गया?

**उत्तरः-** केन्द्र सरकार व उसके उपक्रमों में अन्य पिछडें वर्ग को आरक्षण देने के संबंध में थी।

**32.** राजनीतिक सता को सामाजिक समानता का आधार कौन मानता है?

**उत्तरः-** कांशीराम

**33.** गठबंधन की राजनीति के इस दौर में राजनीतिक दल किन बातों पर बल दे रहे है?

**उत्तरः-** विचारधारागत अंतर के स्थान पर सता में हिस्सेंदारी की बातों पर।

**लुघुत्तरात्मक (1*2)**

**1.** गठबंधन सरकारे एक दलीय सरकार की तुलना में अधिक लोकतांत्रिक होती है। पक्ष में तर्क दीजिए।

**उत्तरः-** 1. गठबंधन सरकारों में दल विशेष की तानाशाही की प्रवृति का डर नहीं रहता है।

2. गठबंधन सरकारे उस समय एक अच्छा विकल्प प्रस्तुत करती है जब किसी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं होता है।

3. गठबंधन सरकारे अनेक दलों और विभिन्न प्रकार के राजनैतिक विचारधाराओं को समन्वय प्रदान करती है।

4. गठबंधन सरकार में अनेक क्षेत्रीय दल सम्मिलित होकर अपने अपने क्षेत्रों के विकास के लिए कार्य करते है।

**2.** **1990 के दशक में भारतीय राजनीति में कौन-कौन से बड़े बदलाव आये?**

**उत्तरः-** भारतीय राजनीति में आये पांच बड़े बदलाव निम्न लिखित हैं -

1. 1989 के चुनावों में कांग्रेस की हार और केन्द्र में गठबंधन की राजनीतिक के दौर का प्रारम्भ।

2. मंडल मुद्दा और अन्य पिछड़ा वर्ग का राजनीतिक उदय होना।

3. नये आर्थिक सुधारों को लेकर सभी दलों में आम सहमति का निर्माण।

4. भारतीय जनता पार्टी का उदय और हिन्दुत्व की राजनीति का प्रारम्भ।

5. राजीव गांधी का हत्या और कांग्रेस के नेतृत्व में परिवर्तन।

**3.** **भारत में गठबंधन सरकारों के उदय के मुख्य कारण क्या - क्या रहे हैं?**

**उत्तरः-** भारत में गठबंधन सरकारों के उदय के निम्नलिखित कारण रहे हैं :-

1. कांग्रेस के प्रभुत्व की समाप्ती

2. कांग्रेस के विरूद्ध विपक्षी दलों की गठबंधनवादी नीति।

3. लोकसभा में किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलना।

4. क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका।

**4.** **गठबंधन सरकारों के प्रमुख दोष बताइये।**

**उत्तरः-** 1. कमजोर व अस्थिर सरकारों का निर्माण

2. अवसरवादिता की प्रवृत्ति को बढ़ावा।

3. अनुत्तरदायित्व की प्रवृत्ति का विकास।

4. राजनीतिक दलों की नीतियों और कार्यक्रमों में अनिश्चित्ता व अस्पष्टता।

**5.** **कांग्रेस के प्रभुत्व का दौर समाप्त हो गया है। इसके बावजूद देश की राजनीति पर कांग्रेस का असर लगातार कायम है। क्या आप इस कथन से सहमत है? अपने उत्तर के पक्ष मे तर्क दीजिए।**

**उत्तरः-** कांग्रेस के प्रभुत्व का दौर समाप्त हो गया है किन्तु देश की राजनीति पर कांग्रेस का असर अभी भी कायम है क्योंकि-

1. कांग्रेस वर्तमान में भी दूसरी सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है।

2. कांग्रेस द्वारा निर्मित 'संप्रग' 2004 से 2014 तक सत्ता मे रहा है।

3. वर्तमान में कांग्रेस सम्पूर्ण विपक्ष का नेतृत्व करने वाली पार्टी है।

4. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और राज्यसभा चुनावों में भी कांग्रेस महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

शेखावाटी मिशन - 100

**6. 1990 के पश्चात भारत में राजनीतिक दलों के कौनसे गठबंधन उभरे हैं? किन्हीं दो के परिमाणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तरः-** 1990 के बाद उभरे प्रमुख गठबंधन

1. राष्ट्रीय मोर्चा - 1989
2. संयुक्त मोर्चा - 1996
3. राजग - 1998
4. संप्रग - 2004

**राजग** - इसका गठन 1998 में भाजपा एवं कुछ क्षेत्रीय दलों ने किया।

इस गठबंधन की सरकार 1998 से 99 ओर 1999 से 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी।

**संप्रग** - इसका गठन 2004 में कांग्रेस एवं क्षेत्रीय दलों ने मिलकर किया।

मनमोहन सिंह के नेतृत्व में 2004 से 2009 और 2009 से 2014 तक दो बार इसकी सरकार बनी।

**7. 'मंडल मुद्दा' क्या था? समझाइये।**

**उत्तरः-** 1990 में राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार द्वारा मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू कर 'अन्य पिछड़ा वर्ग' को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया। इसके परिमाण स्वरूप इस आरक्षण के समर्थकों एवं विरोधियों के मध्य चले संघर्ष को 'मण्डल मुद्दा' कहा जाता है।

**8. 'गठबंधन की राजनीति के इस नए दौर में राजनीतिक दल विचारधारा को आधार मानकर गठजोड़ नहीं करते हैं' इस कथन के पक्ष व विपक्ष में तर्क दीजिए -**

**उत्तरः-** वर्तमान युग में राजनीतिक गठबंधन का आधार विचारधारा न होकर अन्य राजनीतिक हित हो गये हैं जैसे -

**1. किसी दल विशेष को चुनौती देना** - 1977 में बने जनता दल का उद्देश्य कांग्रेस के प्रभुत्व को चुनौती देना था।

**2. किसी दल को सत्ता प्राप्त करने से रोकना** - 1989 के राष्ट्रीय मोर्चा का उद्देश्य कांग्रेस को और 1996 के संयुक्त मोर्चा का उद्देश्य भाजपा को सत्ता में आने से रोकना था।

किन्तु वर्तमान में भी कुछ राजनीतिक दल अन्य दल के साथ गठबंधन बनाते वक्त विचारधारा को भी महत्त्व देते हैः-

1. वाम मोर्चा ने दक्षिण पंथी भाजपा के साथ अभी तक कोई गठबंधन नहीं बनाया है।
2. कांग्रेस और भाजपा अधिकांश मुद्दों पर परस्पर विरोधी रूप में रहते हैं।

**9. 'मंडल आयोग' को सविस्तार समझाइये।**

**उत्तरः-** 1978 में जनता पार्टी की सरकार ने पिछड़ा वर्ग की स्थिति सुधारने हेतु 'दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग' का गठन किया। जिसके अध्यक्ष बी. पी. मण्डल थे। इन्हीं के नाम पर इसे 'मण्डल आयोग' भी कहा जाता है।

इस आयोग ने 1980 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर निम्नलिखित सिफारिशें की-

1. पिछड़ा वर्ग को पिछड़ी जाति के रूप में स्वीकार किया जाये।
2. इन पिछड़ी जातियों को शिक्षा संस्थाओं और सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये।

1990 में राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार ने इन सिफारिशों को लागू किया। इस फैसले को न्यायालय में चुनौती दी गई। सर्वोच्च न्यायालय ने इन्दिरा साहनी केस 1992 में इसे सही ठहराया।

**10. 'भारत की मौजूदा बहुदलीय व्यवस्था, द्विदलीय व्यवस्था से अधिक उपयुक्त है' कथन के पक्ष मे तर्क दीजिए।**

**उत्तरः-** भारत में अनेक लोगों का मानना है कि भारत में भी ब्रिटेन व अमेरिका की भांति द्विदलीय व्यवस्था होनी चाहिए किन्तु भारत की मौजूदा बहुदलीय व्यवस्था द्विदलीय व्यवस्था से अधिक उपयुक्त है क्योंकि -

1. बहुदलीय व्यवस्था के कारण भारतीय राजनीति में सभी वर्गों के हितों को प्रतिनिधित्व मिल जाता है।
2. बहुदलीय व्यवस्था मतदाताओं को चयन के अधिक विकल्प देती है।
3. बहुदलीय व्यवस्था के कारण राष्ट्र दो गुटों में विभाजित नहीं होता है।
4. इससे मंत्रीमण्डल की तानाशाही स्थापित नहीं होती है।
5. बहुदलीय व्यवस्था से व्यवस्थापिका में अनेक विचारधाराओं को प्रतिनिधित्व मिलता है।



शेखावाटी मिशन - 100

**11. मंडल आयोग की सिफारिशे लागू करने का समाज व राजनीति पर क्या प्रभाव हुआ?**

**उत्तर:-** इसके प्रभाव निम्नलिखित हैं -

1. इससे पिछड़ा वर्ग अपनी पहचान को लेकर सजग हुआ।
2. इससे पिछड़ा वर्ग संगठित हुआ।
3. अनेक राजनीतिक दलों ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर अपनी सहमति दी।
4. पिछड़ा वर्ग को पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिला और बसपा का उदय हुआ।

**12. 'एक नई सहमति का उदय' को समझाइये ।**

**अथवा**

**वर्तमान में किन-किन मामलों को लेकर राजनीतिक दलों के मध्य व्यापक सहमति है?**

**उत्तर:-** कड़े मुकाबले और व्यापक संघर्षो के बावजूद अधिकतर राजनीतिक दलों के बीच निम्न 4 मुद्दों पर व्यापक सहमति है-

**1. नई आर्थिक नीतियों पर सहमति** - अधिकतर राजनीतिक दलों का विश्वास है कि नई आर्थिक नीतियों से देश समृद्ध होगा और विश्व की एक आर्थिक शक्ति बनेगा।

**2. पिछड़ी जातियों के राजनीतिक और सामाजिक दावें की स्वीकृति** - सभी दल पिछड़ी जातियों को शिक्षा व रोजगार में आरक्षण के पक्ष में है तथा सभी दल इनकी सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करते हैं।

**3. देश के शासन में प्रान्तीय दलों की भूमिका की स्वीकृति** - जिससे प्रान्तीय व राष्ट्रीय दलों का भेद कम हो रहा है और प्रान्तीय दल केन्द्र सरकार में साझेदार बन रहे हैं।

4. विचारधारा की जगह कार्यसिद्धि पर बल देना और विचारधारा की समानता के बिना राजनीतिक गठबंधन बनाना।

**13. निम्नलिखित में मिलान कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **1. सर्वानुमति की राजनीति** | **(1) आर्थिक नीतियों पर सहमति** |
| **2. जाति आधारित दल** | **(2) अन्य पिछड़ा वर्ग का उभार** |
| **3. पर्सन लॉ और लैंगिक न्याय** | **(3) शाहबानों केस** |
| **4. क्षेत्रीय पार्टीयों की बढ़ती ताकत** | **(4) गठबंधन सरकार** |

**उत्तर:-** ये इसी क्रम में सुमेलित हैं।

शेखावाटी मिशन - 100



# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## मॉडल प्रश्न पत्र – 1 उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026

## विषय : राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)

कक्षा – 12

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

### खण्ड–अ

प्रश्न संख्या 1 में (**I** से **XVIII**) कुल 18 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। **1x18 =18**

**I. शीतयुद्ध की सबसे बड़ी प्रतीक बर्लिन की दीवार कब गिराई गई?**

(अ) 1969 (ब) 1989 (स) 1961 (द) 1991

**II. यूरोपीय संघ को नोबेल शान्ति पुरूस्कार किस वर्ष दिया गया?**

(अ) 2010 (ब) 2012 (स) 2014 (द) 2008

**III. खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस का संबंध किस देश से है?**

(अ) नेपाल (ब) भूटान (स) पाकिस्तान (द) अफगानिस्तान

**IV.** 11 सितम्बर 2001 को अमेरिका में हुए आंतकी हमले किस संगठन द्वारा किये गये?

(अ) हमास (ब) अल–कायदा (स) तालिबान (द) आई.एस.आई.एस.

**V.** बर्गर अथवा नीली जीन्स की लोकप्रियता का नजदीकी संबंध किस देश की जीवन शैली से है?

(अ) रूस (ब) अमेरिका (स) चीन (द) जापान

**VI. भारत में वैश्वीकरण के प्रतिरोध में किसकी भूमिका रही है?**

(अ) इण्डियन सोशल फोरम (ब) वामपंथी (स) औद्योगिक श्रमिक (द) उपर्युक्त सभी

**VII.** *1948 में सार्वभौमिक व्यवस्क मताधिकार के सिद्धान्त के आधार पर भारत का वह पहला भाग कौनसा है जहां पर चुनाव करवाये गये थे?*

(अ) त्रिपुरा (ब) गुजरात (स) मणिपुर (द) उड़ीसा

**VIII. निम्न में से द्वितीय पंचवर्षीय योजना में जुटे अर्थशास्त्री कौन थे?**

(अ) वर्गीज कूरियन (ब) पी.सी.महालनोबिस (स) के.एन.राज (द) चरण सिंह

**IX.** प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951–1956) में किस क्षेत्र के विकास को प्रमुखता प्रदान की गई थी?

(अ) उद्योग (ब) सहकारिता (स) कृषि (द) रक्षा क्षेत्र

**X. दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 'इंडियन नेशनल आर्मी (आई.एन.ए.) का गठन किसने किया?**

(अ) सुभाष चन्द्र बोस (ब) पं. जवाहर लाल नेहरू

(स) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (द) सरदार वल्लभ भाई पटेल

**XI. 1956 में स्वेज नहर के मामलों को लेकर मिस्त्र पर आक्रमण किया?**

(अ) ब्रिटेन (ब) फ्रांस (स) जर्मनी (द) इटली

**XII. 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा कौनसे राष्ट्रपति द्वारा की गई?**

(अ) फखरूद्दीन अली अहमद (ब) वी.वी.गिरी (स) नीलम संजीव रेड्डी (द) जाकिर हुसैन

**XIII. आपातकाल की पृष्ठभूमी में वर्ष 1975 में जनता के संसद मार्च का नेतृत्व किसने किया?**

(अ) राम मनोहर लोहिया (ब) जयप्रकाश नारायण (स) जार्ज फर्नाडिंस (द) चौधरी चरण सिंह

**XIV.** दिसम्बर 1961 से पूर्व तक संघ शासित प्रदेश गोवा में किस देश का शासन रहा?

(अ) फ्रांस (ब) स्पेन (स) पुर्तगाल (द) ब्रिटेन

**XV. ''आया राम गया राम'' राजनीतिक जुमले में उल्लेखित विधायक गया लाल का संबंध कौनसे राज्य से था?**

(अ) पंजाब (ब) हरियाणा (स) राजस्थान (द) हिमाचल प्रदेश

**XVI.** संघ सरकार और आसू (आल असम स्टूडेंट यूनियन) के नेताओं के बीच 'असम समझौता' कौनसे वर्ष हुआ?

(अ) 1984 (ब) 1987 (स) 1985 (द) 1989

शेखावाटी मिशन - 100

**XVII.** **मार्च 1998 भाजपा नीति राजग गठबंधन की सरकार का नेतृत्व किने किया?**
(अ) अटल बिहारी वाजपेयी (ब) लालकृष्ण आडवाणी (स) इन्द्र कुमार गुजराल (द) एच.डी. देवगौड़ा

**XVIII.** **1990 में मण्डल कमीशन द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु सरकारी नौकरियों में कितने प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की गई?**
(अ) 12 (ब) 16 (स) 27 (द) 10

**प्रश्न संख्या 2 में (I से VI) कुल 6 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। 1x6 =6**

**I.** **दिसम्बर 1991 में ......................... के नेतृत्व में सोवियत संघ के तीन गणराज्यों ने सोवियत संघ की समाप्ति की घोषणा की।**

**II.** 1998 में पाकिस्तान ने ...................... पहाड़ी पर परमाणु परीक्षण किए।

**III.** **संयुक्त राष्ट्र संघ के नौवे महासचिव .................. है।**

**IV.** **वर्ल्ड सोशल फोरम की पहली बैठक 2011 में .................... देश में हुई।**

**V.** केरल में विकास और नियोजन के लिए जो रास्ता चुना गया उसे........मॉडल कहा जाता है।

**VI.** **1974 में रेलवे कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल ................... के नेतृत्व में हुई थी।**

**प्रश्न संख्या 3 में (I से XII) कुल 12 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। 12x1 =12**

**I.** **1967 में आसियान स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या था?**

**II.** **यूरोपीय संघ के झंडे में 12 सितारे किस बात का प्रतीक है?**

**III.** भारत की कौनसे पड़ौसी राष्ट्र के साथ की नीति 'लुक ईस्ट' वर्ष 2014 के बाद 'एक्ट ईस्ट' के नाम से जानी जाती है?

**IV.** **साफ्टा (SAFTA) का पूरा नाम लिखिए?**

**V.** भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में कब शामिल हुआ?

**VI.** **लोकतांत्रिक चुनावों के जरिये कम्युनिस्ट पार्टी की सर्वप्रथम सरकार किस राज्य में और कब बनी?**

**VII.** मतदाता सूची के पहले प्रारूप में महिला मतदाताओं के नाम कौनसे नाम से दर्ज किये गये?

**VIII.** **भारत सरकार ने योजना आयोग के स्थान पर नई संस्था कौनसी और कब बनाई?**

**IX.** **1944 में उद्योगपतियों द्वारा नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने के संयुक्त प्रस्ताव को किस नाम से जाना जाता है?**

**X.** **जम्मू एवं कश्मीर की प्रथम महिला मुख्यमंत्री कौन है?**

**XI.** **तलाक से जुड़े अधिकारों के लिए मुस्लिम महिला अधिनियम कब पारित किया गया?**

**XII.** **1989 के आम चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद विपक्ष में बैठने वाली पार्टी कौनसी थी?**

**खण्ड – ब**

**प्रश्न संख्या 4 से 13 तक कुल 10 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। 2x10 =20**

**4.** **इतिहास की सबसे बड़ी गराज–सेल किसे और क्यों कहा गया?**

**5.** **ग्लोबल वार्मिग (विश्वव्यापी तापवृद्धि) का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? कोई दो उदाहरण दीजिए।**

**6.** **भारत–भूटान संबंधों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

**7.** **"वैश्विक संपदा या मानवता की साझी विरासत क्या है? उदाहरण भी दीजिए।**

**8.** **श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा गठित दल की विचारधारा पर टिप्पणी लिखिये।**

**9.** 1969 में राष्ट्रपति पद का चुनाव किस सन्दर्भ में विशेष चर्चा में रहा?

**10.** प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री द्वारा 'जय–जवान–जय–किसान' का नारा किस संन्दर्भ में और कब दिया गया?

**11.** **1974 में बिहार के छात्रों ने आन्दोलन क्यों किया? संक्षेप लिखिये।**

**12.** **1986 में राजीव–लाल डेंगा समझौते के कोई दो शर्ते** संक्षेप में लिखिए।

**13.** **भारतीय राजनीति में गठबंधन का दौर कब से और किन कारणों से चलन में आया है?**



शेखावाटी मिशन-100

## खण्ड – स

**प्रश्न संख्या 14 से 17 तक कुल 4 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। 3x4 =12**

**14.** **यूरोपीय संघ का गठन तथा इसकी उपलब्धियों पर लिखिए।**

अथवा

**भारत–चीन संबंधों पर टिप्पणी लिखिए।**

**15.** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण सरंक्षण के संबंध में भारत द्वारा किये गये प्रयासों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

संसाधनों की भू–राजनीति क्या है? स्प ष्ट कीजिए।

**16.** **वैश्वीकरण के राजनैतिक प्रभावों की विवेचना कीजिए।**

अथवा

**भारत में वैश्वीकरण का प्रतिरोध किन आधारों पर हो रहा है? विवेचना कीजिए।**

**17.** **भारतीय विदेश नीति में गुट निरपेक्षता का महत्व तथा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में गुट–निरपेक्षता की प्रासंगिकता बताइये।**

अथवा

दक्षिण एशिया में शांति व सहयोग के सन्दर्भ पर भारत–पाक संबंधों का महत्व बताइये।

## खण्ड – द

**प्रश्न संख्या 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। 4x3 =12**

**18.** **भारत की सुरक्षा रणनीतियों से आप क्या समझते है? विस्तार से वर्णन कीजिए।**

अथवा

**अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खतरों के नये स्त्रोत कौन–कौन से हो सकते है? वर्तमान सन्दर्भो को सम्मिलित करते हुए वर्णन कीजिए।**

**19.** **स्वतंत्रता पश्चात भारत में नये राज्यों का पुनर्गठन किन–किन आधारों पर हुआ? उदाहरण सहित विस्तार से बताइये।**

**अथवा**

**स्वतंत्रता पश्चात रजवाड़ो का विलय किस प्रकार से किया गया? हैदराबाद और मणिपुर के संदर्भ में उललेख सहित बताइये।**

**20.** **विश्व के राजनैतिक मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) भारत | (2) ब्राजील | (3) ब्रिटेन | (4) बांग्लादेश |
| | या | | |
| (1) रूस | (2) संयुक्त राज्य अमेरिका | (3) नार्वे | (4) जर्मनी |

शेखावाटी मिशन - 100



# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर
## मॉडल प्रश्न पत्र – 2 उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026
## विषय : राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)
## कक्षा – 12

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

### खण्ड–अ

प्रश्न संख्या 1 में (**I** से **XVIII**) कुल 18 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। **18x1 =18**

**I.** ''शॉक थेरेपी'' किस वर्ष अपनाई गई थी?
(अ) 1990 (ब) 1985 (स) 1980 (द) 1992

**II.** ''हॉन नदी का चमत्कार'' का सबंधं किस देश से है?
(अ) जर्मनी (ब) दक्षिणी कोरिया (स) जापान (द) उत्तरी कोरिया

**III.** दक्षिण एशिया में सबसे बड़ा देश है–
(अ) पाकिस्तान (ब) भारत (स) श्रीलंका (द) बांग्लादेश

**IV.** एंटी बैलेस्टिक मिसाइल संधि (ए बी एम) किस वर्ष हुई?
(अ) 1975 में (ब) 1978 में (स) 1968 में (द) 1972 में।

**V.** किस प्रौद्योगिकी ने राष्ट्रवाद की आधारशिला रखी?
(अ) टेलीग्राफ (ब) टेलीफोन (स) माइक्रोचिप (द) छपाई तकनीक

**VI.** वर्ल्ड सोशल फोरम की प्रथम बैठक हुई?
(अ) 2010 (ब) 2006 (स) 2004 (द) 2001

**VII.** भारत में राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना कब हुई?
(अ) 1950 (ब) 1953 (स) 1956 (द) 1952

**VIII.** भारत ने शुरूआती दौर में विकास की जो नीति अपनाई उसमें निम्न में से कौनसा विचार शामिल नहीं था?
(अ) नियोजन (ब) उदारीकरण (स) सहकारी खेती (द) आत्मनिर्भरता

**IX.** नीति आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई?
(अ) 2012 (ब) 2010 (स) 2015 (द) 2017

**X.** स्वेज नहर के मुद्दे पर 1956 में ब्रिटेन ने किस देश पर हमला किया था?
(अ) ईरान (ब) मिस्त्र (स) इराक (द) तुर्की

**XI.** भारतीय विदेश नीति के जनक है–
(अ) पं. जवाहर लाल नेहरू (ब) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(स) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (द) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

**XII.** 1975 का आपातकाल कौनसे अनुच्छेद के तहत लगाया गया था?
(अ) अनुच्छेद 352 (ब) अनुच्छेद 356 (स) अनुच्छेद 360 (द) अनुच्छेद 350

**XIII.** 12 जून 1975 को किस उच्च न्यायालय ने इंदिरा गाँधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया?
(अ) दिल्ली उच्च न्यायालय (ब) पटना उच्च न्यायालय
(स) इलाहाबाद उच्च न्यायालय (द) जोधपुर उच्च न्यायालय

**XIV.** राम मनोहर लोहिया संस्थापक थे–
(अ) यंग इण्डिया (ब) टाइम्स ऑफ इण्डिया (स) केसरी (द) मैन काइण्ड

**XV.** ऑपरेशन ब्लू स्टार' का सबंधं किस राज्य से है?
(अ) मिजोरम (ब) असम (स) पंजाब (द) नागालैण्ड

**XVI.** पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में राजनीति पर कौनसा मुद्दा प्रभावी है?
(अ) स्वायत्तता की माँग का (ब) अलगाव के आन्दोलन का
(स) बाहरी लोगों के विरोध का (द) उपरोक्त सभी

**XVII.** भारत में दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कौन थे?
(अ) बी.पी.मण्डल (ब) काका कालेलकर (स) मोरारजी देसाई (द) वी.पी.सिंह

**XVIII.** 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कुल कितनी सीटे जीती थी?
(अ) 303 (ब) 415 (स) 197 (द) 154

शेखावाटी मिशन - 100

**प्रश्न संख्या 2 में (I से VI) कुल 6 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। 6x1 =6**

**I.** सोवियत राजनीतिक प्रणाली .................................. की विचार धारा पर आधारित थी।
**II.** सप्तदलीय गठबंधन का संबंध ...............................देश से है।
**III.** संयुक्त राष्ट्रसंघ का सबसे जाना–पहचाना पद ...................................... का है।
**IV.** वैश्वीकरण से हर संस्कृति अलग और विशिष्ट हो रही है, इस प्रक्रिया को ......................... कहते है।
**V.** .................................. पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया।
**VI.** ............................ वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि संविधान का एक बुनियादी ढ़ाँचा है।

**प्रश्न संख्या 3 में (I से XII) तक कुल 12 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। 12x1 =12**

**I.** दक्षेस की स्थापना कब और कहाँ हुई थी?
**II.** आसियान शैली क्या है?
**III.** चीन में ओपन डोर' की नीति किसने और कब चलायी?
**IV.** संयुक्त राष्ट्र संघ के कौन से महासचिव को मरणोपरांत शान्ति के नोबेल पुरूस्कार से सम्मानित किया गया?
**V.** स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षाममंत्री कौन थे?
**VI.** भारत में सर्वप्रथम कब और कौनसे राज्य में गैर–कांग्रेसी सरकार बनी थी?
**VII.** आजादी के बाद भारत ने विकास का कौनसा मॉडल चुना था?
**VIII.** बॉम्बे प्लान से आप क्या समझते है?
**IX.** जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को कब समाप्त किया गया था?
**X.** 1989 में 'राष्ट्रीय मोर्चा सरकार को किन दो परस्पर विरोधी राजनीतिक समूहों ने समर्थन दिया?
**XI.** मण्डल आयोग की कोई दो सिफारिशे बताइए।
**XII.** लिट्टे का पूरा नाम लिखिए।

**खण्ड – ब**

**प्रश्न संख्या 4 से 13 तक कुल 10 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। 10x2 =20**

**4.** सोवियत संघ के विभाजन में मिखईल गोर्बाचेव की भूमिका को बताइए।
**5.** शॉक थेरेपी के कोर्ठ दो परिणाम बताइए।
**6.** भारत–बांग्लादेश के बीच सहयोग के मुद्दे बताइए।
**7.** रियो सम्मेलन पर टिप्पणी लिखिए।
**8.** भारत में कांग्रेस प्रभुत्व के दो कारणों को स्पष्ट कीजिए।
**9.** 1960 के दशक को खतरनाक दशक क्यों कहा जाता है?
**10.** सिंडिकेट से आप क्या समझते है?
**11.** 1974 की रेल हड़ताल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
**12.** लाल डेगा और राजीव गाँधी के बीच हुए समझौते के बारे में बताइए।
**13.** भारत में राजनीतिक दलों के बीच कौन–कौनसे मुद्दों को लेकर सहमती है? कोई दो का उल्लेख कीजिए।

**खण्ड – स**

**प्रश्न संख्या 14 से 17 तक कुल 4 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। 4x3 =12**

**14.** सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र के रूप में जापान की अर्थव्यवस्था का उल्लेख कीजिए।

अथवा

यूरोपीय संघ के आर्थिक, राजनैतिक और सैन्य प्रभावों का उल्लेख कीजिए।

**15.** पर्यावरण के संबंध में दक्षिणी और उत्तरी गोलार्द्ध के देशों के दृष्टिकोणों में क्या अन्तर है? समझाइए।

अथवा

मूल वासी और उनके अधिकारो के विषय पर एक लेख लिखिए।

**16.** वैश्वीकरण के प्रतिरोध के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

वैश्वीकरण का अर्थ स्पष्ट करते हुये, इसके कारणों का उल्लेख कीजिए।



शेखावाटी मिशन - 100

**17.** भारत की विदेश नीति की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

भारत–पाक के संबंधों पर टिप्पणी लिखिए।

**खण्ड – द**

**प्रश्न संख्या 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।** **3x4 =12**

**18.** भारत की सुरक्षा रणनीतियों का विस्तार से उल्लेख कीजिए।

या

सुरक्षा की पारम्परिक धारणा का उल्लेख करते हुये, इसकी सुरक्षा के उपायों का उल्लेख कीजिए।

**19.** हैदराबाद और मणिपुर का भारत में विलय किस प्रकार से हुआ? समझाइए।

या

भारत विभाजन का उल्लेख करते हुये, भारत–विभाजन में आने वाली कठिनाईयों को स्पष्ट कीजिए।

**20.** विश्व के राजनैतिक मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए।

(अ)बांग्लादेश (ब) रूस (स) इंग्लैण्ड (द) ब्राजील

या

(अ) दक्षिणी कोरिया (ब) अमेरिका (स) युक्रेन (द) दक्षिणी अफ्रीका

शेखावाटी मिशन - 100



# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर
## मॉडल प्रश्न पत्र – 3 उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026
## विषय : राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE)
## कक्षा – 12

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

### खण्ड–अ

प्रश्न संख्या 1 में (**I** से **XVIII**) कुल 18 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। **18x1 =18**

**I. सोवियत राजनीतिक प्रणाली की धूरी कौनसी पार्टी थी?**
(1) सोशलिस्ट पार्टी (2) प्रजा पार्टी (3) समाजवादी पार्टी (4) कम्युनिस्ट पार्टी

**II.** किस संधि द्वारा फरवरी 1992 में यूरोपीय संघ (ई.यू.) का गठन हुआ?
(अ) पेरिस संधि (ब) शांगेन संधि (स) मास्ट्रिस्ट संधि (द) रोम संधि

**III.** सात दलो का गठबंधन (सेवन पार्टी अलायंस) किस देश से संबंधित है?
(अ) नेपाल (ब) बांग्लादेश (स) श्रीलंका (द) पाकिस्तान

**IV.** परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) कब हुई थी?
(अ) 1978 (ब) 1972 (स) 1968 (द) 1992

**V.** बर्गर अथवा नीली जीन्स की लोकप्रियता का नजदीकी संबंध किस देश की जीवन शैली से है?
(अ) रूस (ब) चीन (स) अमेरिका (द) जापान

**VI.** वैश्वीकरण के बारे में कौनसा कथन गलत है?
(अ) वैश्वीकरण के समर्थकों का तर्क है कि इसमें आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी।
(ब) वैश्वीकरण के आलोचकों का तर्क है कि इसमें आर्थिक असमानता और ज्यादा बढ़ेगी।
(स) वैश्वीकरण के पैरोकारो का तर्क है कि इसमें सांस्कृतिक समरूपता आएगी।
(द) वैश्वीकरण के आलोचकों का तर्क है कि इससे सांस्कृतिक समरूपता आएगी।

**VII.** निम्न में से किसका संबंध 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' से है?
(अ) महात्मा गाँधी (ब) जवाहर लाल नेहरू (स) सरदार वल्लभ भाई पटेल (द) डॉ. भीमराव अम्बेडकर

**VIII.** खुली प्रतिस्पर्धा और बाजार मूलक अर्थव्यवस्था के जरिए प्रगति की पक्ष वाली राजनीतिक विचारधारा को कहते है–
(अ) वामपंथ (ब) कट्टरपंथ (स) दक्षिण पंथ (द) पंथनिरपेक्षता

**IX.** बॉम्बे प्लान के बारे में निम्नलिखित में कौनसा बयान सही नहीं है?
(अ) यह भारत के आर्थिक भविष्य का एक ब्लूप्रिंट था।
(ब) इसमें उद्योगों के ऊपर राज्य के स्वामित्व का समर्थन किया गया था।
(स) इसकी रचना कुछ अग्रणी उद्योगपतियों ने की थी।
(द) इसमें नियोजन के विचार का पुरजोर समर्थन किया गया था।

**X.** स्वेज नहर के मुद्दे पर 1956 में मिस्त्र पर किस देश ने आक्रमण किया था?
(अ) फ्रांस (ब) ब्रिटेन (स) अमेरिका (द) सोवियत संघ

**XI.** शिमला समझौता कब हुआ?
(अ) 02 जुलाई 1972 (ब) 02 अगस्त 1972 (स) 25 दिसम्बा 1971 (द) 10 जनवरी 1966

**XII.** किस नेता को किंग मेकर के नाम से जाना जाता है?
(अ) मोरारजी देसाई (ब) के. कामराज (स) वी.वी.गीरी (द) इंदिरा गाँधी

**XIII.** आपातकाल की पृष्ठभूमि में वर्ष 1975 में जनता के संसद मार्च का किसने नेतृत्व किया था?
(अ) राम मनोहर लोहिया (ब) कर्पूरी ठाकुर (स) जयप्रकाश नारायण (द) जॉर्ज फर्नाडीस

**XIV.** निम्नलिखित में मेल बैठाइए–

| | |
|---|---|
| (क) सम्पूर्ण क्रांति | (I) इंदिरा गाँधी |
| (ख) गरीबी हटाओ | (II) जयप्रकाश नारायण |
| (ग) छात्र आन्दोलन | (III) बिहार आन्दोलन |
| (घ) रेल हहड़ताल | (IV) जॉर्ज फर्नाडीस |

(अ) क (I), ख (II), ग (III), घ (IV) (ब) क (IV) , ख (III), ग (II), घ (I)
(स) क (II) , ख (I), ग (III), घ (IV) (द) क (III) , ख (IV), ग (I), घ (II)



शेखावाटी मिशन - 100

**XV.** बाम सैफ का निर्माण कब हुआ था?
(अ) 1972 (ब) 1978 (स) 1984 (द) 1980

**XVI.** निम्न में से कौनसा पर्यावरण आधारित आन्दोलन है?
(अ) किसान आन्दोलन (ब) ताड़ी विरोधी आन्दोलन (स) चिपको आन्दोलन (द) दलित पैंथर्स

**XVII.** 1990 में मण्डल कमीशन द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु सरकारी नौकरियों में कितने प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की गई?
(अ) 12 (ब) 16 (स) 27 (द) 10

**XVIII.** भारत में गठबंधन की राजनीति की शुरूआत कब हुई?
(अ) 1977 से (ब) 1989 से (स) 1991 से (द) 1996 से

**प्रश्न संख्या 2 में (I से VI) कुल 6 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। 6x1 =6**

**I.** सोवियत रूस में बोल्शेविक क्रांति (1917) का नारा ........................ था।
**II.** दक्षिण एशिया के केन्द्र में अवस्थित वह देश ..................... जिसकी सीमा दक्षिणी एशिया के अंधिकाश देशों से मिलती है।
**III.** लीग ऑफ नेशन के उत्तराधिकारी के रूप में ........................ की स्थापना हुई।
**IV.** कल्याणकारी राज्य की अवधारणा अब पुरानी पड़ गई है, और इनकी जगह ............... राज्य ने ले ली है।
**V.** प्रथम पंचवर्षीय योजना ...................... से ...................... तक चलाई गई।
**VI.** 1975 के आपातकाल के समय भारत के राष्ट्रपति ............................... थे।

**प्रश्न संख्या 3 में (I से XII) कुल 12 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। 12x1 =12**

**I.** मार्शल योजना क्या है?
**II.** भारत व सोवियत संघ ने 20 सालों के लिए मैत्री संधि पर हस्ताक्षर कब किये?
**III.** भारत–बांग्लादेश ने गंगा नदी के पानी में हिस्सेदारी के लिए कब व किस संधि पर हस्ताक्षर किये?
**IV.** संयुक्त राष्ट्र संघ के वह महासचिव जिन्होंने 'एन अजेण्डा फॉर पीस' नामक रिपोर्ट जारी की थी?
**V.** एकात्मक मानववाद / समग्र मानववाद सिद्धान्त के प्रणेता कौन थे?
**VI.** एक दल व्यवस्था से अधिक ठीक ठीक भारतीय दलीय व्यवस्था को एक दल प्रधानता कहना उचित होगा।' उक्त कथन किसका है?
**VII.** भारतीय सांख्यिकी संस्थान के संस्थापक कौन थे?
**VIII.** नियोजन से आप क्या समझते है?
**IX.** ऑपरेशन ब्लू स्टार कब और किसके द्वारा चलाया गया?
**X.** 1989 के आम चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद विपक्ष में बैठने वाली पार्टी कौनसी थी?
**XI.** मण्डल मुद्दे से आपका क्या आश्य है?
**XII.** चीन में खुले द्वार की नीति कब व किसने चलायी?

## खण्ड – ब

**प्रश्न संख्या 4 से 13 तक कुल 10 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। 10x2 =20**

**4.** सिंधु जल संधि पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
**5.** 'ग्लोबल वार्मिग' (विश्वव्यापी तापवृद्धि) का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? कोई दो उदाहरण दीजिए।
**6.** आपके मतानुसार क्या भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य बनने की योग्यता रखता है? इसके पक्ष में कोई चार तर्क दीजिए।
**7.** संयुक्त राष्ट्र संघ ने मूलवासियों की कब व क्या परिभाषा दी है?
**8.** भारत में लम्बे समय तक कांग्रेस के दलीय प्रभुत्व के लिए उत्तरदायी कारणों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।
**9.** 1960 के दशक को खतरनाक दशक क्यों कहा जाता है?
**10.** 1969 में राष्ट्रपति पद का चुनाव किस संदर्भ में विशेष चर्चा में रहा?
**11.** भारत में आपातकाल लागु होने के क्या सबक मिले? कोई दो सबक लिखिए।
**12.** क्षेत्रवाद क्या है? क्षेत्रवाद रोकने हेतु कोई दो उपाय बताइए।
**13.** भारतीय राजनीति में गठबंधन का दौर कब से और किन कारणों से चलन में आया है?

शेखावाटी मिशन - 100

**खण्ड – स**

**प्रश्न संख्या 14 से 17 तक कुल 4 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।** **4x3 =12**

**14.** ''आसियान तेजी से बढ़ता हुआ एक महत्वपूर्ण संगठन है।'' कथन के पक्ष में तर्क दीजिए।

अथवा

''विजन 2020 में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में आसियान की एक बहुर्मुखी भूमिका को प्रमुखता दी गई है।'' इस कथन के पक्ष में तर्क दीजिए।

अथवा

आसियान की प्रासंगिकता अथवा महत्व पर टिप्पणी कीजिए।

**15.** ''पृथ्वी सम्मेलन में पर्यावरण को लेकर ''सांझी परन्तु अलग अलग जिम्मेदारियों को स्वीकार किया गया है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए।

अथवा

एजेण्डा–21 क्या है? यह कब पारित हुआ? इस पर टिप्पणी लिखिए।

**16.** वैश्वीकरण के राजनैतिक प्रभावों की विवेचना कीजिए।

अथवा

भारत में वैश्वीकरण का प्रतिरोध किन आधारों पर हो रहा है? विवेचना कीजिए।

**17.** भारतीय विदेश नीति में गुट–निरपेक्षता का महत्व तथा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में गुट–निरपेक्षता की प्रासंगिकता बताइये।

अथवा

भारत–पाक संबंधों की समीक्षा कीजिए।

**खण्ड – द**

**प्रश्न संख्या 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।** **3x4 =12**

**18.** अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खतरों के नये स्त्रोत कौन–कौनसे हो सकते है? वर्तमान सन्दर्भो को सम्मिलित करते हुए वर्णन कीजिए।

या

सुरक्षा का बुनियादी अर्थ क्या है, इसकी परम्परागत अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

**19.** राज्य पुर्नगठन आयोग का गठन कब हुआ? इसके प्रमुख कार्यो एवं सिफारिशों का उल्लेख कीजिए।

या

स्वतंत्रता पश्चात रजवाड़ों का विलय किस प्रकार से किया गया? हैदराबाद और मणिपुर के सन्दर्भ में उल्लेख कीजिए।

**20.** विश्व के राजनैतिक मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए–

(1) इंग्लैण्ड (2) अफगानिस्तान (3) पौलेण्ड (4) जार्जिया

या

(1) उरूग्वे (2) मिस्त्र (3) भारत (4) लिथुआनिया

शेखावाटी मिशन - 100

